CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 23°C

नई दिल्ली, गुरुवार 18 सितम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 167 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 25 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिलेगा स्मार्टफोन व बढ़ेगा मानदेय पेज 2




आईसीसी टी-20 रैंकिंग में भारत का क्लीनस्वीप खेल टाइम्स



इजरायल: विश्व शांति के लिए खतरा सम्पादकीय



नासा के पर्सिवियरेंस रोवर ने मंगल पर दिए जीवन के संकेत पेज 12

# 1987 के बाद जन्मे लोगों को दिखाने होंगे दस्तावेज

## देश के आधे से ज्यादा वोटर्स से पेपर नहीं मांगेंगे, SIR पर चुनाव आयोग ने पेश की सफाई

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ चुनाव आयोग सभी राज्यों में एक साथ कराना चाहता है एसआईआर

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसी) ने बुधवार को बताया कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान देश के ज्यादातर राज्यों में आधे से ज्यादा मतदाताओं को किसी प्रकार का दस्तावेज दिखाने की जरूरत नहीं होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके नाम पिछली एसआईआर की वोटर लिस्ट में शामिल हैं।

आयोग के अधिकारियों ने बताया कि हर राज्य में पिछली बार एसआईआर अलग-अलग सालों में हुआ था। ज्यादातर जगह यह प्रक्रिया 2002 से 2004 के बीच हो गई थी। जिन लोगों के नाम उस समय की वोटर लिस्ट में थे, उन्हें अपनी जन्मतिथि या जन्मस्थान साबित करने के लिए कोई नया कागज नहीं देना होगा। उदाहरण के लिए बिहार में 2003 की एसआईआर सूची को आधार बनाया गया है। वहां के लगभग 5 करोड़ मतदाता (60 फीसदी) पहले से ही उस सूची में दर्ज हैं, इसलिए उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज नहीं देना पड़ा। वहीं लगभग 3 करोड़ नए मतदाताओं (40फीसदी) से 11 निर्धारित दस्तावेजों में से कोई एक मांगा गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इसमें 12वां दस्तावेज आधार कार्ड भी माना गया। दिल्ली की पिछली एसआईआर सूची 2008 की है और उत्तराखंड की 2006 की, जो अब राज्य के सीईओ की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। नई व्यवस्था में ऐसे लोग जो नए वोटर बनना चाहते हैं या दूसरे राज्य से शिफ्ट होकर आए हैं, उन्हें डिक्लेरेशन फॉर्म भरना होगा। इसमें उन्हें यह बताना होगा कि वे भारत में कब जन्मे हैं, एक जुलाई 1987 से पहले जन्मे हैं, तो खुद का जन्म प्रमाण देना होगा।

# दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने के दो आरोपी मारे गए

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मुठभेड़ के दौरान पुलिस की लगी गोली

**गाजियाबाद।** बरेली में अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर में फायरिंग के मामले में यूपी एसटीएफ और दिल्ली स्पेशल सेल ने ट्रॉनिका सिटी में मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस की गोली लगने से घायल दोनों बदमाशों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

एक समाचार एजेंसी के मुताबिक, अस्पताल में दोनों की मौत हो गई। यूपी एसटीएफ नोएडा यूनिट के एसपी राजकुमार मिश्र ने बताया कि बुधवार शाम को बदमाशों के साथ मुठभेड़ हुई। इसमें पुलिस की गोली लगने से रोहतक का रहने वाला रविंद्र और इंडियन कॉलोनी, गोहना रोड सोनीपत का रहने वाला अरुण घायल हुए थे। उनके पास से ग्लॉक और जिगाना पिस्टल बरामद की गई है। दोनों बदमाश गोल्डी बरार गैंग के सक्रिए सदस्य थे। आरोप है कि उन्होंने 12 सितम्बर को अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया था।

### रेल ट्रैक पर स्लीपर रखकर नौचंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश

**रायबरेली।** प्रयागराज से सहारनपुर जा रही नौचंदी एक्सप्रेस के आगे स्लीपर रखकर मंगलवार की रात ट्रेन को पलटाने की साजिश की गई। घटना ऊंचाहार के अरखा व प्रतापगढ़ के परियावां स्टेशन के बीच हुई। स्लीपर ट्रेन के इंजन से टकराकर टूट गया। लोको पायलट ने मामले की जानकारी कंट्रोल रूम को दी। इस पर मौके पर पहुंची ऊंचाहार जीआरपी ने पड़ताल की। करीब बीस मिनट तक ट्रेन खड़ी रही, उसके बाद ऊंचाहार स्टेशन पर इंजन की जांच की गई और फिर ट्रेन सहारनपुर के लिए रवाना हुई। मंगलवार रात करीब 8 बजे नौचंदी एक्सप्रेस प्रयागराज से सहारनपुर जा रही थी।

### लोकतांत्रिक देशों के नेताओं में लोकप्रियता में सबसे ऊपर हैं मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईमानदार छवि और कड़ी मेहनत उनके व्यक्तित्व को ऐसा करिश्माई बना देती है, जिसके कारण वह पिछले 11 साल से लगातार विशाल और विविधतापूर्ण भारत के प्रधानमंत्री हैं और लोकत्रांत्रिक देशों के नेताओं की घरेलू लोकप्रियता के सूचकांक में सबसे ऊपर हैं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में श्री मोदी पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद दूसरे राजनेता हैं, जिन्होंने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभाला है और आज भी जनता के बीच सबसे स्वीकार्य नेता बने हुए हैं।

### पीएम मोदी का 75वां जन्मदिन: राहुल गांधी ने बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बुधवार को 75वां जन्मदिन था। मोदी को उनके जन्मदिन पर दुनिया भर से बधाई मिल रही है। कांग्रेस के रायबरेली सांसद राहुल गांधी ने भी एक्स पर एक पोस्ट के जरिये पीएम को जन्मदिन और बेहतर स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दीं। भाजपा ने भी मोदी की कहानी के शॉर्ट वीडियो शेयर किए हैं। इसे मोदी स्टोरी नाम दिया है। वीडियो में चाय का गिलास और मोदी स्टोरी लिखा है। राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा समेत कई सीनियर नेताओं ने पीएम से जुड़े किस्से सुनाए हैं।

### महाराष्ट्र में दो महिला नक्सली ढेर

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गढ़चिरोली जिले में बुधवार सुबह सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो महिला नक्सली मारी गईं। पुलिस को खुफिया जानकारी मिली थी कि गट्टा दालम के सदस्य एटॉपल्ली तालुका के मोडस्के गांव के जंगल में छिपे हुए हैं। पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आहेरी) सत्य साई कार्तिक की देखरेख में संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया। इसमें आहेरी से पांच सी-60 कमांडो यूनिट, गट्टा जांभिया पुलिस पोस्ट के जवान और सीआरपीएफ की 191 बटालियन की कंपनी शामिल थी। इलाके को घेरकर सर्च ऑपरेशन चलाया गया तभी नक्सलियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। सी-60 कमांडो ने जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ के बाद, दो महिला नक्सलियों के शव मिले।

# पाक को घुटनों पर लाए हैं हम: मोदी

## कहा: भारत परमाणु खतरों से नहीं डरता

धार, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** अपने जन्मदिन पर मध्य प्रदेश के दौरे पर रहे। उन्होंने प्रदेश के धार जिले के बदनावर तहसील के भैंसोला गांव में पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखी। इसके अलावा कई अन्य योजनाओं की सौगात भी प्रदेश की जनता को दी। करीब 40 मिनट के भाषण में पीएम मोदी ने आतंकवाद, पाकिस्तान, स्वास्थ्य, विकास, गरीबी और स्वदेशी पर बात की। पीएम मोदी ने देशवासियों से स्वदेशी पर गर्व करने और उसे अपनाने पर जोर दिया।

**देशवासियों से स्वदेशी पर गर्व करने और अपनाने पर जोर दिया**

उन्होंने कहा कि देशवासी जो भी खरीदें वो देश में ही बना होना चाहिए। जो खरीदें, उसमें किसी न किसी हिंदुस्तानी का पसीना होना चाहिए। उसमें हिंदुस्तान की मिट्टी की खुशबू होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे 2047 विकसित भारत बनाना है, जिसका रास्ता आत्मनिर्भर भारत से जाता है। उन्होंने गर्व से कहो, ये स्वदेशी है का नारा भी लोगों से लगवाया। पीएम मोदी ने कौशल और निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर उन्हें नमन कर अपने संबोधन की शुरुआत की। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने पाकिस्तान और आतंकवाद पर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि ये नया भारत है, ये किसी की परणामु धमकियों से नहीं डरता है। ये नया भारत, घर में घुसकर मारता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से आए आतंकियों ने हमारी बहनों-बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था। हमने ऑपरेशन सिंदूर करके आतंकी ठिकानों को उजाड़ दिया।



### मोदी की मां का एआई वीडियो हटाने का कांग्रेस को कोर्ट ने दिया आदेश

**पटना।** बिहार चुनाव से पहले कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाते हुए उनकी मां पर एक एआई वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर शेयर किया था। पटना हाईकोर्ट ने इस वीडियो को लेकर कांग्रेस को निर्देश दिया है कि वह वीडियो को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से हटा ले। पटना हाईकोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश पीबी बजंतरी की अदालत ने यह निर्देश दिया है। बता दें कि कांग्रेस ने एआई के जरिये जो वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया था, उसमें दिखाया गया था कि पीएम मोदी की मां उनके सपनों में आती है और उनसे बात करती है। भाजपा ने कांग्रेस के इस वीडियो पर कड़ी आपत्ति दर्ज करवाई थी। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने इस वीडियो पर कहा कि कांग्रेस पार्टी एक बार फिर पीएम मोदी की मां का अपमान कर रही है।

### कुछ लोग कहते थे भारत-पाक संघर्ष उन्होंने रुकवाया अब पता चल गया : राजनाथ सिंह

**हैदराबाद।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक बयान में कहा कि किसी के हस्तक्षेप के कारण आतंकवादियों के खिलाफ अभियान स्थगित नहीं किया गया। राजनाथ सिंह ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पर बिना नाम लिए निशाना साधा और कहा कि कुछ लोग भारत-पाकिस्तान संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं। लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया। अब तो खुद पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया है कि भारत ने इसमें किसी भी तीसरे पक्ष की भूमिका को अस्वीकार कर दिया था। हैदराबाद में आयोजित हैदराबाद मुक्ति दिवस के कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ लोग भारत- पाकिस्तान संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं। लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया। पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया है कि भारत ने इसमें किसी तीसरे पक्ष की भूमिका को स्वीकार नहीं किया।

## पराली जलाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# किसान बेशक अन्नदाता, लेकिन पर्यावरण भी अहम

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ शीर्ष अदालत ने कहा: आरोपियों की गिरफ्तारी क्यों नहीं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण और पराली जलाने से संबंधित मामले पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं, लेकिन पर्यावरण को बचाना भी जरूरी है। अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को होगी।

कोर्ट ने पंजाब सरकार से पूछा कि जो किसान पराली न जलाने के सरकारी आदेश का उल्लंघन करते हैं, उनको गिरफ्तार क्यों नहीं करते? सिर्फ जुर्माना लगाने से काम नहीं चलेगा, किसानों को जवाबदेह बनाना जरूरी है। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि देश की प्रदूषण नियंत्रण एजेंसियां और राज्य सर्दियों से पहले तीन हफ्ते में वायु प्रदूषण से निपटने के उपाय बताएं। बेंच ने कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएआईक्यूएम), सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों से कहा कि हर साल सर्दियों में प्रदूषण का लेवल खतरनाक स्तर पर पहुंच जाता है, इसलिए समय रहते कदम उठाना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पराली जलाने वाले किसानों को मिनिमम सपोर्ट प्राइस सिस्टम के लाभ से बाहर रखा जाना चाहिए, क्योंकि यदि कोई किसान कानून तोड़कर पराली जलाता है, तो उसे आर्थिक रूप से भी सजा देनी चाहिए, सिर्फ जुर्माना भरना या चेतावनी देना काफी नहीं है। राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसानों को पराली प्रबंधन की मशीनरी दी जाए और उनको बेहतर विकल्प दिए जाएं, ताकि वे पराली जलाने के जगह अन्य तरीकों का उपयोग कर सकें।

## कर्नाटक: SBI में 21 करोड़ की डकैती

■ सेना जैसी वर्दी में आए थे लुटेरे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के विजयपुरा की एसबीआई ब्रांच में करीब 21 करोड़ की डकैती हो गई। इसमें 1.04 करोड़ कैश और करीब 20 करोड़ कीमत का 20 किलो सोना शामिल है। मंगलवार शाम को 5 हथियारबंद लुटेरे बैंक में लूट करके फरार हो गए।

सही रकम और गहनों का ब्योरा बैंक अधिकारियों के आने के बाद स्पष्ट होगा। पुलिस को शक है कि आरोपी महाराष्ट्र की ओर भागे हैं। उनकी तलाश जारी है।पुलिस के अनुसार, लुटेरे सेना जैसी ड्रेस और मास्क पहनकर आए थे। तीन लोग बैंक के अंदर घुसे और दो बाहर खड़े रहे। उन्होंने बैंक मैनेजर, कैशियर और कर्मचारियों को बंधक बनाकर हाथ-पैर बांध दिए। इसके बाद लुटेरों ने कैश और सोना बैग में भरा और बैंक को बाहर से ताला लगाकर भाग निकले।

## गैंगस्टर छोटा राजन की ज़मानत रद्द

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को यह सवाल करते हुए गैंगस्टर राजेंद्र सदाशिव निकालजे उर्फ छोटा राजन की जमानत रद्द कर दी कि 'चार बार दोषसिद्धि और 27 साल की फरारी, ऐसे व्यक्ति की सजा क्यों स्थगित की जाए? न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने अवैध वसूली मामले में होटल व्यवसाई जया शेट्टी की 2001 के हत्या मामले में बॉम्बे उच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत रद्द कर दी। पीठ ने सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ के समक्ष उन्होंने दलील देते हुए कहा कि आजीवन कारावास की सजा पाए राजन को चार अन्य मामलों में भी दोषी ठहराया गया है और वह 27 साल तक फरार रहा था। छोटा राजन के वकील सुदीप पासबोला ने तर्क दिया कि राजन के खिलाफ दर्ज 71 मामलों में से 47 में सीबीआई को कोई ठोस सबूत नहीं मिला और उन्हें बंद कर दिया गया।

# छत्तीसगढ़ के कवर्धा में ट्रैक्टर समेत सात बहे

■ वैष्णो देवी यात्रा शुरू, दोनों रूट खुले

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और बिहार में मानसून अभी भी एक्टिव है। मौसम विभाग ने इन राज्यों में बुधवार को भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। हालांकि राजस्थान, गुजरात और पंजाब से मानसून की वापसी शुरू हो गई है।

उत्तराखंड के देहरादून और अन्य इलाकों में बादल फटने से भारी तबाही हुई। बारिश और आपदा में 15 लोगों की मौत हो गई और 16 लोग अभी भी लापता हैं। जम्मू कश्मीर के कटरा में 22 दिन से बंद वैष्णो देवी यात्रा बुधवार से शुरू हो गई। 26 अगस्त को यात्रा मार्ग पर अर्धकुंवारी के पास लैंडस्लाइड के बाद से यात्रा बंद थी। लगभग 15 लोग मरे, कुछ घायल हैं और कुछ लापता हैं। सभी रेस्क्यू टीमें, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ, मैदान में हैं। सीएम भी यहां हैं। अब तक 900 से ज्यादा लोगों को बचाया जा चुका है। इस इलाके के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। अमेठी में मंगलवार देर रात से लगातार बारिश हो रही है। 8 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे तक बारिश जारी रहने की संभावना जताई है।

# EVM में अब उम्मीदवार की रंगीन तस्वीर के होंगे दीदार

## नाम भी बड़े अक्षरों में लिखा जाएगा, ताकि वोटर आसानी से पढ़ सकें

नई दिल्ली, वार्ता



नई पहल

■ चुनाव आयोग ने नियमों में किया संशोधन, बिहार चुनाव से होगी शुरुआत

**चुनाव आयोग** ने ईवीएम मतपत्र को स्पष्ट और पठनीय बनाने के लिए उसकी डिजाइन और मुद्रण शैली में बदलाव किया है। आयोग ने चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 49बी के तहत निर्देशों में संशोधन किया है। इसके तहत ईवीएम में अब उम्मीदवार के नाम और चुनाव चिह्न के साथ उनकी रंगीन तस्वीर भी दिखेगी।

यह नई व्यवस्था बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से लागू होगी। निर्वाचन प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए चुनाव आयोग लगातार नई पहल कर रहा है। पिछले छह महीने में चुनाव आयोग 28 नए कदम उठा चुका है। इसमें एसआईआर के मुद्दे को लेकर विवाद भी हुआ है। अब आयोग ने ईवीएम मतपत्र को लेकर बड़ा फैसला लिया है। ईवीएम मतपत्र पर अब उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें छपी होंगी। उम्मीदवार का फोटो साफतौर पर दिख सके इसलिए तस्वीर के तीन-चौथाई हिस्से पर उसका चेहरा दिखेगा। उम्मीदवारों और नोटा के क्रमांक भारतीय अंकों के अंतर्राष्ट्रीय रूप में छापे जाएंगे। वहीं फॉन्ट का आकार 30 होगा और बोल्ड लिखा जाएगा। इसके अलावा सभी उम्मीदवारों और नोटा के नाम एक ही फॉन्ट प्रकार और फॉन्ट साइज में होंगे। ताकि यह आसानी से पढ़ने में आए। इसके अलावा ईवीएम मतपत्र 70 जीएसएम कागज पर मुद्रित किए जाएंगे। विधानसभा चुनाव के लिए तय आरजीबी गुलाबी रंग के कागज का इस्तेमाल किया जाएगा। इस कागज की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। आयोग का कहना है कि इस पहल से मतदान प्रक्रिया सुगम हो सकेगी। साथ ही चुनाव के प्रति पारदर्शिता और लोगों का भरोसा भी मजबूत होगा। रंगीन तस्वीरें, बड़े फॉन्ट और बेहतर गुणवत्ता वाले कागज होने के चलते मतदाता बिना किसी असमंजस के सही उम्मीदवार का चुनाव कर सकेंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम ग्रामीण क्षेत्रों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए लाभकारी होगा। ईवीएम पर अब तक काले-सफेद फोटो और छोटे अक्षरों की वजह से मतदाताओं को परेशानी होती थी। नई व्यवस्था से मतदान प्रक्रिया अधिक लोकतांत्रिक व सुगम होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### वैष्णो देवी यात्रा फिर से शुरू होने पर चहल-पहल

**जम्मू।** माता वैष्णो देवी मंदिर की यात्रा 22 दिनों के बाद बुधवार को फिर से शुरू होने से कटरा में चहल पहल है। भूस्खलन में 26 अगस्त को 34 लोगों की मौत और 20 लोगों के घायल होने के बाद यात्रा को स्थगित कर दिया गया था। यह यात्रा 14 सितम्बर को शुरू होने वाली थी, लेकिन इसे फिर से स्थगित कर दिया गया था। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने मंगलवार रात सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि जय माता दी: अनुकूल मौसम की स्थिति में वैष्णो देवी यात्रा 17 सितम्बर, 2025 (बुधवार) से फिर से शुरू होगी। श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि वे आधिकारिक संचार माध्यमों के माध्यम से अपडेट रहें। बुकिंग के लिए कृपया साइट पर जाएं। इस बीच अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को 'जयकारे' और ष्जय माता दीष के नारे लगाते हुए तीर्थयात्रियों ने उत्साह के साथ यात्रा शुरू की।

### अखिलेश-मायावती ने दी मोदी को जन्मदिन की बधाई

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर उत्तर प्रदेश में बधाई प्रेषित करने का सिलसिला बुधवार को जारी रहा। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने भी श्री मोदी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी है। सुश्री मायावती ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की भी कुदरत से कामना। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक आदि ने बधाई दी।

## एमपी के धार से सीएम योगी ने पोषण माह पर किया ऐलान

# आंगनबाड़ियों का बढ़ेगा मानदेय, मिलेगा स्मार्टफोन

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मध्य प्रदेश के धार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' (17 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2025) और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह (17 सितम्बर से 16 अक्टूबर, 2025) का शुभारंभ किया। यह अब तक के देश के सबसे बड़े स्वास्थ्य अभियानों में से एक है।

इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर, केजीएमयू में प्रदेशस्तरीय कार्यक्रमों की शुरुआत की। सीएम योगी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्ट फोन वितरण के साथ ही उनके मानदेय में वृद्धि की जाएगी। इस अभियान के तहत

**यूपी के 75 जनपदों में स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत**


यूपी में 75 जनपदों में व्यापक स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत भी हुई, जिसमें महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अभियान की शुरुआत करते हुए देशवासियों को संबोधित किया और कहा कि माताओं-बहनों और बेटियों का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है। सभी सुविधाएं निशुल्क हैं, इसलिए स्वास्थ्य शिविरों में जांच जरूर कराएं। उन्होंने देश को विकसित बनाने के चार स्तंभ नारी, युवा शक्ति, किसान और गरीब को रेखांकित किया, जिसमें नारी शक्ति को राष्ट्रप्रगति का मुख्य आधार बताया। विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर पीएम ने इस अभियान को स्वस्थ नारी और सशक्त परिवार की नींव के रूप में पेश किया, जो उनके विजन विकसित भारत का हिस्सा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में बच्चों को तिलक लगाकर अन्नप्राशन कराया और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई के साथ पोषाहार वितरित किया। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर उनके साथ जुड़ रहा है। उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई। पीएम का संदेश हमें प्रेरित करता है और हम इसे लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीएम योगी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए स्मार्ट फोन वितरण और मानदेय वृद्धि का ऐलान करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी बहनों की सेवाओं का सम्मान उनके मानदेय बढ़ाकर और स्मार्ट फोन देकर किया जाएगा।

### मोदी के नेतृत्व में भारत का आत्मविश्वास दुनिया के लिए प्रेरणास्रोत

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत आज अपने आत्मविश्वास से पूरी दुनिया को प्रेरित कर रहा है। श्री मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर लखनऊ से सेवा पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पावन जन्मदिन से हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी केवल भारत के ही नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे दूरदर्शी और लोकप्रिय नेता हैं। आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन कर रही है। जो भारत कभी पिछलग्गू माना जाता था, लेकिन आज अपने आत्मविश्वास से दुनिया को प्रेरित कर रहा है। योगी ने कहा कि विरासत का सम्मान आज केवल घोषणा नहीं, बल्कि हकीकत है। अयोध्या में 500 वर्षों के बाद रामलला का भव्य मंदिर बना। काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्निर्माण वैश्विक जगत को आकर्षित कर रहा है। केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम का कायाकल्प हुआ है। महाकाल लोक का निर्माण और अन्य धार्मिक स्थलों का सुंदरीकरण नए भारत की पहचान बन चुके हैं।

## ड्रोन विनियमन के लिए बनेगा अलग कानून

नई दिल्ली, वार्ता



**सजा और जुर्माने तक के नियम तय होंगे**

सरकार देश में ड्रोन के परिचालन के लिए एक अलग कानून बनाने की तैयारी में है, जिसमें ड्रोन की खरीद-बिक्री, परिचालन, नियमों के उल्लंघन की स्थिति सजा तथा जुर्माने से लेकर तीसरे पक्ष का बीमा और हर्जाना तक के नियम तय होंगे।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने नागर ड्रोन (संवर्धन एवं विनियमन) विधेयक, 2025 का मसौदा जारी किया है, जिसे आगामी शीतकालीन सत्र में संसद में पेश किए जाने की उम्मीद है। मंत्रालय ने आम लोग, उद्योग और अन्य हितधारकों से 30 सितम्बर तक मसौदे पर टिप्पणी, सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की है। मसौदा में नियमों का उल्लंघन करने पर जेल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। इसमें कहा गया है कि हर ड्रोन का यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर (यूआईएन) होना जरूरी है। साथ ही उसमें संबंधित प्राधिकरण द्वारा तय नियमों के अनुसार सुरक्षा मानक भी होने चाहिए। केंद्र और राज्य सरकारों तथा उनके द्वारा प्राधिकृत एजेंसियों के पास किसी क्षेत्र को ड्रोन के संचालन के लिए रेड जोन या एलो जोन घोषित करने का अधिकार होगा। रेड जोन में ड्रोन उड़ाने से पहले केंद्र सरकार और रेड जोन घोषित करने वाली एजेंसी से और एलो जोन के लिए उस इलाके के एटीसी अधिकारी से अनुमति की आवश्यकता होगी।

## कमर्शियल गाड़ियों के लिए भी आएगा एनुअल फास्टैग

नई दिल्ली, वार्ता



**राज्य और निजी बस ऑपरेटरों को मिलेगा फायदा**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में कहा था कि सड़क परिवहन मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करने वाले राज्य और निजी बस ऑपरेटरों को लाभ प्रदान करने के लिए एक टोल नीति पर काम कर रहा है।

सरकार ने नॉन-कमर्शियल वाहनों के लिए 3,000 रुपये की कीमत वाला एक फास्टैग-बेस्ड वार्षिक पास पहले ही शुरू कर दिया है, जो 15 अगस्त से प्रभावी है। यह परेशानी मुक्त राजमार्ग यात्र की दिशा में एक कदम है। यह पास एक्टिवेशन की डेट से एक साल या 200 यात्राओं तक, जो भी पहले हो, के लिए वैध है। यह पास विशेष रूप से गैर-व्यावसायिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए डिजाइन किया गया है। गडकरी ने बीओसीआई के भारत प्रवास पुरस्कारों को संबोधित करते हुए कहा कि हम राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करने वाले राज्य और निजी बस ऑपरेटरों को लाभ प्रदान करने के लिए एक टोल नीति पर काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से देश के विभिन्न हिस्सों में हरित हाइड्रोजन चालित ट्रकों के संचालन के लिए 10 राजमार्ग खंडों की पहचान की है। इन खंडों पर इंडिया ऑयल और रिलायंस पेट्रोलियम द्वारा हाइड्रोजन ईंधन भरने के स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।

## उत्तर प्रदेश में सात आईपीएस इधर से उधर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सात अधिकारियों का तबादला कर दिया। सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार डीआईजी स्थापना के पद पर गए देव रंजन वर्मा का स्थानांतरण पुलिस उप महानिरीक्षक प्रशिक्षण निदेशालय लखनऊ बनाया गया है। ममता रानी चौधरी को पुलिस उपायुक्त लखनऊ कमिश्नरेट बनाया गया है। इसके अलावा सतीश कुमार पुलिस महानिदेशक मुख्यालय से संबद्ध किए गए हैं, जबकि अभिजीत कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक मेरठ की जिम्मेदारी दी गई है। आईपीएस अतुल कुमार श्रीवास्तव को पुलिस उपायुक्त कानपुर नगर कमिश्नरेट बनाया गया है, जबकि शैलेंद्र कुमार सिंह को पुलिस उपायुक्त गौतम बुध नगर पुलिस कमिश्नरेट भेजा गया है। आईपीएस त्रिगुण बिसेन को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को भी प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 16 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया था।

## भाजपा ने ईसी को बनाया जुगाड़ आयोग

शाह टाइम्स ब्यूरो



**बीजेपी वाले कब्जा रहे लोगों की जमीन**

**लखनऊ।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग की तरफ से शुरू किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि यह प्रक्रिया फर्जी वोट बनाने का जरिया बन गई है। इस दौरान अखिलेश ने महोबा और नोएडा में एक ही एड्रेस पर हजारों डुप्लीकेट वोटों का जिक्र करते हुए भाजपा पर जमीन हड़पने और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का भी इल्जाम लगाया है।

बुधवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि एसआईआर देश भर में शुरू होने जा रहा है, लेकिन महोबा से जानकारी मिली है कि एक ही पते पर 4000 से ज्यादा वोट हैं। वहीं नोएडा में भी सैकड़ों डुप्लीकेट वोट हैं। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत सपा ने की भी थी, लेकिन आयोग ने संज्ञान में नही लिया। उन्होंने कहा कि सरकार आयोग का सहारा लेकर इसे 'जुगाड़ आयोग' बना रही है और बीजेपी फर्जी वोट बना रही है।

### छात्र की हत्या भाजपा-पुलिस व अपराधियों की मिलीभगत

**लखनऊ।** गोरखपुर जिले के पिपराइच इलाके में छात्र की हत्या को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया है। संपूर्ण तस्करी का धंधा भाजपा सरकार की पुलिस के संरक्षण और देखरख एवं साझेदारी, मिलीभगत से चलता है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि गोरखपुर में पशु तस्करों द्वारा छात्र की हत्या मामले में जो जानकारी सामने आ रही हैं, वह स्तब्धकारी है।



सेंसेक्स 81101.32
निफ्टी 24868.60



सोना रु. 111940
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 128008
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में तेजी जारी, सेंसेक्स और निफ्टी मजबूती के साथ बंद

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को भी तेजी का रुख बना रहा और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 313.2 अंक (0.38 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 82,693.71 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचक.ांक भी 91.15 अंक यानी 0.36 फीसदी की तेजी के साथ 25,330.25 अंक पर पहुंच गया। हालांकि मझौली कंपनियों के सूचकांक निफ्टी मिडकैप-50 में 0.02 फीसदी की गिरावट देखी गयी। वहीं छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। एनएसई में सरकारी बैंक, ऑटो, आईटी, तेल एवं गैस और रियलिटी सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। वहीं धातु, फार्मा, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और स्वास्थ्य समूहों के शेयरों में गिरावट देशी गई। सेंसेक्स की 30 में से 20 कंपनियों के शेयर हरे निशान में और अन्य 10 के लाल निशान में रहे। भारतीय स्टेट बैंक में सबसे अधिक 3.02 प्रतिशत की तेजी रही। बीईएल का शेयर 2.36 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.43, मारुति सुजुकी का 1.35, ट्रेंट का 1.21, अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.20 और टेक महिंद्रा का 1.03 प्रतिशत मजबूत हुआ। टीसीएस, टाटा मोटर्स, इंफोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सनफार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एशियन पेंट्स में भी तेजी रही। बजाज फिनसर्व का शेयर 0.99 फीसदी लुढ़क गया। टाइटन के शेयर में 0.98 प्रतिशत और आईटीसी में 0.93 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। टाटा स्टील, पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी टूट गए। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 0.25 फीसदी लुढ़क गया जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 1.78 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.37 प्रतिशत मजबूत हुआ।

## सोना और चांदी के भाव में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** सोने का भाव ने बुधवार को फिर लंबी छलांग लगाई है। पितृपक्ष में भी सोने के दाम में 900 रुपये प्रति 10 ग्राम से ज्यादा की वृद्धि दर्ज हुई है। आज भारत में 24 कैरेट सोने का भाव 1,11,940 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। इसके अलावा 22 कैरेट गोल्ड का रेट 1,02,610 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड के अनुसार आज चांदी के भाव 123,368 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गए। देश के महानगरों दिल्ली में आज 24 कैरेट सोने का भाव बढ़कर 1,08,530 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। इसके अलावा 22 कैरेट सोने का रेट 99,500 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। मुंबई में 24 कैरेट सोने का रेट 1,08,380 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। वहीं 22 कैरेट सोने का भाव आज 99,350 रुपये प्रति दस ग्राम है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने का भाव 1,08,770 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। वहीं 22 कैरेट सोने का भाव 99,700 रुपये प्रति दस ग्राम है। कोलकाता में 24 कैरेट सोने का भाव 1,08,380 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। इसके अलावा 22 कैरेट गोल्ड रेट 98,660 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। सोने की बढ़ती कीमत जनता के लिए परेशानी का सबक बनी हुई है। पिछले काफी समय से खरीदार कीमत में कमी होने का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन काफी समय से मामूली गिरावट के बाद बड़ी बढ़ोतरी ही हो रही है।

## चावल नरम, गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़, दालों में गिरावट

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के दाम घट गए, जबकि गेहूं में तेजी का रुख रहा। चीनी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। दालों के भाव टूट गए, जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। विदेशों में मलेशिया दिवस के मौके पर बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा चार रिंगिट चढ़कर 4,477 रिंगिट प्रति टन बोला गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52.61 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत पांच रुपए टूटकर 3,856.46 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं सात रुपए मजबूत हुआ और 2,864.95 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे के दाम 10 रुपए प्रति क्विंटल टूट गए और यह 3,306.55 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल औसतन 59 रुपए और सूरजमुखी तेल नौ रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल में भी 30 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। मूंगफली तेल की औसत कीमत नौ रुपए प्रति क्विंटल घट गयी। सोया तेल तीन रुपए और वनस्पति 28 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में आज गिरावट रही। तुअर दाल की औसत कीमत करीब 30 रुपए प्रति क्विंटल घट गयी।

उड़द दाल में 23 रुपए और चना दाल में सात रुपए प्रति क्विंटल की नरमी देखी गई। मूंग दाल 28 रुपए और मसूर दाल नौ रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत चार रुपए प्रति क्विंटल टूट गई, जबकि चीनी के भाव में टिकाव रहा।

## लखनऊ कौशल महोत्सव-2025 में 8124 लोगों को मिला रोजगार: नीरज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से सांसद और देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र नीरज सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर दो दिवसीय लखनऊ कौशल महोत्सव-2025 का आयोजन किया था। हालांकि महोत्सव का दूसरा दिन भारी बारिश की भेंट चढ़ गया, लेकिन नीरज सिंह का कहना है कि आयोजन पूरी तरह से सफल रहा और इस दौरान 8124 लोगों को रोजगार मिला है।

नीरज सिंह बारिश के बाद सोशल मीडिया पर एक बयान जारी करते हुए कहा कि महोत्सव में 30,387 से अधिक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हुए। इस दौरान 14400 उम्मीदवारों का इंटरव्यू हुआ, जिनमें 8124 युवाओं को जॉब ऑफर मिला। उन्होंने कहा है कि युवाओं के उत्साह और कंपनियों की भागीदारी ने इस महोत्सव को अभूतपूर्व सफलता की ओर बढ़ा दिया है, पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, भारत नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। नीरज सिंह ने कहा है कि लखनऊ जॉब फेयर में इंटरव्यू के बाद शॉर्टलिस्ट किए गए सभी अभ्यर्थी सहायता हेतु हमारे टोल-फ्री 91 88000 55555 / 18001239626 पर संपर्क करें। आश्वस्त रहें कि आपका ऑनबोर्डिंग निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पूरा किया जाएगा। नीरज ने अपने बयान में कहा है कि भारी वर्षा के कारण हमें नियुक्ति पत्र सम्मान समारोह स्थगित/रद्द करना पड़ा। यह वह अवसर था जब चयनित युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने थे।

### राहुल गांधी पाकिस्तान के लोकप्रिय नेता: बृजभूषण

**गोण्डा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने बुधवार को तंज कसते हुए कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के प्रिय राजनेता है, क्योंकि उनकी बात वहां बहुत सुनी जातीं हैं। एशिया कप के बाद पाक क्रिकेटर अफरीदी द्वारा राहुल गांधी की तारीफ के सवाल पर उन्होंने कहा कि जब से राहुल राजनीति में आएं हैं, तभी से 'सेल्फ़गोल' कर रहें हैं। राहुल गांधी की बात देश में केवल वे स्वयं ही समझ सकते हैं। वोट चोरी के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि राहुल के साथ विपक्ष बकवास कर रहा हैं।

## पीएम मोदी सूफी अवधारणा के समकालीन व्याख्याता: फरीदी

नई दिल्ली, वार्ता

**फतेहपुर सीकरी दरगाह के सज्जादानशीन ने पीएम के जन्मदिन पर कहा**

फतेहपुर सीकरी स्थित दरगाह हज़रत शेख सलीम चिश्ती के सज्जादा नशीन पीरज़ादा अरशद फ़रीदी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कृतित्व एवं व्यक्तित्व को बिल्कुल अलग नज़रिए से देखा है।

अरशद फ़रीदी ने मोदी के जन्म दिन पर अपने एक लेख में कहा है कि सूफ़ीवाद का दर्शन न केवल मनुष्यों के बीच आध्यात्मिक दूरियों को कम करता है, बल्कि राष्ट्रों के बीच की दूरियों को भी मिटाता है। उन्होंने लेख में कहा कि जिस खुलेपन के साथ मोदी ने हाल ही में इस दर्शन की भारत की प्राचीन मान्यता 'वसुधैव कुटुम्बकम' (विश्व एक परिवार है) के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता का उल्लेख किया, वह अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि मोदी का महत्व इस मायने में और भी बढ़ जाता है कि वह हमारे देश के पहले लो. कतांत्रिक शासक हैं, जिन्होंने संघर्षग्रस्त विश्व को शांति और सद्भाव के महत्व का एहसास कराया है। उन्होंने कहा कि सूफ़ी दर्शन कल भी शांति और सुरक्षा के बारे में था और आज की अशांत और बेचैन दुनिया को भी आत्म-शुद्धि, आध्यात्मिकता और ज्ञान के रचयिता के सामीप्य से ही मानवता के कल्याण के लिए आवश्यक शांति प्राप्त होगी, जो मनुष्य को प्रेम, भाईचारे और दूसरों के प्रति परस्पर सम्मान की ओर ले जाती है। सूफ़ी शिक्षाओं में सहिष्णुता, धैर्य और सभी प्राणियों के प्रति प्रेम शामिल है, जो अंतरराष्ट्रीय शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण साधन बनता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में, दिल्ली में खुसरो महोत्सव में, मोदी ने भारत को विश्व पटल पर अग्रणी बनाने के उनके प्रयासों में हज़रत अमीर खुसरो की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपने विचारों, वचनों और कर्मों से भारत को विश्व के राष्ट्रों में सबसे महान राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत किया। सूफ़ी संत बुल्ले शाह, बाबा फ़रीदुद्दीन शकरगंज, निज़ामुद्दीन औलिया और खुसरो द्वारा प्रचलित सामंजस्यपूर्ण संगीत संस्कृति पर ज़ोर देते हुए, उन्होंने सूफ़ी भक्ति की सर्वश्रेष्ठ परंपरा को नमन किया।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# कहासुनी होने पर युवक की चाकू से गोदकर हत्या

**चार नाबालिग समेत पांच को पकड़ कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी किया जब्त**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गोविंदपुरी पुलिस में बीती रात एक युवक की कहासुनी के बाद नाबालिग समेत आधा दर्जन लडकों ने चाकू गोदकर हत्या कर दी। युवक पर जब तक चाकू से वार किये,जब तक वह मरा नहीं था। पुलिस ने कुछ ही घंटों में चार नाबालिग समेत पांच को पकड़ लिया है। जिनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गोविंदपुरी पुलिस को एक युवक की खून से लथपथ हालत में लाश संजय कॉलोनी स्थित निर्मल टी-पॉइंट के पास एक जंगली इलाके में पड़े होने की जानकारी मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। जिसकी पहचान तुगलकाबाद गाँव के छुरिया मोहल्ला में रहने वाले प्रेम बर्मन (२२) के रूप में हुई। वह कॉल सेंटर में नौकरी करता था। परिवार में पिता जोकि मजदूरी करते हैं,मां जो घरों में नौकरी करती हैं और तीन बहनें हैं। उसके शरीर पर चाकू के कई निशान थे।

पुलिस ने मामला दर्ज अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया। क्रॉइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। एसीपी राकेश शर्मा की देखरेख में एसएचओ विनीत मलिक के निर्देशन में पुलिस टीम को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। जिस तरह से हत्या की गई थी। उससे लग रहा था कि आपसी रंजिश या फिर किसी बात को लेकर वारदात को अंजाम दिया गया है। आरोपियों ने श्रीप्रेम बर्मन के जब तक चाकू मारे तब तक वो मर नहीं गया होगा।

पुलिस टीम ने इलाके में लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता लेने के अलावा मोबाइल फोन के डंप डाटा की भी जांच की। कई संदिग्धों के बारे में पता करके उनकी बीते कुछ घंटे की लोकेशन के बारे में पता किया। पुख्ता जानकारी के बाद सभी नाबालिगों को उनके साथी के साथ पकड़ लिया। उनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल दो चाकू और खून से सने कपड़े भी जब्त कर लिये। पूछताछ करने पर पता चला कि वारदात के पीछे किसी बात को लेकर गाली-गलौज और हाथापाई थी। एक आरोपी सुमित गली नंबर 1, तुगलकाबाद एक्स टेंशन में परिवार के साथ रहता है। वह एक जल आपूर्ति की दुकान में काम करता है। वह पहले आर्म्स एक्ट के एक मामले में शामिल रहा है। उसके पिता सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करते हैं और उसका एक भाई और एक बहन है। पुलिस को दो ओर फरार आरोपियों की तलाश है,जिनको पकडने के लिये उनके संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

## दो किशोरियों को पुलिस ने परिवार से मिलवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अपराध शाखा ने ऑपरेशन मिलाप के तहत दिल्ली और हरियाणा से लापता दो किशोरियों को उनके परिजनों से मिलवाया है और एक संदिग्ध को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बतया कि बीते तीस अगस्त को महेन्द्रा पार्क इलाके से एक १६ साल की किशोरी लापता हुई थी। एसीपी सुरेश कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर मनोज दहिया के निर्देशन में पुलिस टीम ने किशोरी के परिवार व रिश्तेदारों और दोस्तों से पूछताछ की। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली व ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। किशोरी की माँ ने लडकी की इंस्टाग्राम आईडी दी और तकनीकी निगरानी के माध्यम से इंस्टाग्राम से जुड़े संदिग्ध का मोबाइल नंबर प्राप्त किया गया। तकनीकी निगरानी के आधार पर सुल्तानपुर डबास गाँव और बवाना औद्योगिक क्षेत्र में छापे मारे गए।

# बीएमडब्ल्यू हादसे में कोर्ट ने आरोपित गगनप्रीत की हिरासत अवधि बढ़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** धौला कुआं बीएमडब्ल्यू हादसा मामले में बुधवार को अदालत ने सीसीटीवी फुटेज संरक्षित रखने का नोटिस जारी करने के साथ ही आरोपित महिला गगनप्रीत की न्यायिक हिरासत भी २७ सितंबर तक बढ़ा दी है। इससे पहले गगनप्रीत कौर को अरेस्ट कर तिहाड़ जेल में दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। याचिका आरोपी गगनप्रीत कौर के वकील द्वारा दायर की गई थी, जिसमें मांग की गई थी कि घटनास्थल के सीसीटीवी साक्ष्य को सुरक्षित किया जाए। कोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई के लिए गुरुवार का दिन निर्धारित किया है। कोर्ट के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश गुप्ता आरोपी की ओर से पेश हुए।

इससे पहले दिल्ली पुलिस ने आरोपी गगनप्रीत कौर के पति परिक्षित कक्कड़ से पूछताछ की। परिक्षित ने पुलिस को बताया कि वह समझ नहीं पाए कि दुर्घटना कैसे हुई। परिक्षित के अनुसार, गगनप्रीत ने कहा कि वह पीड़ित को अस्पताल ले जा रही थी। इसके बाद उन्होंने अपने ससुर को बताया कि उन्हें इलाज की जरूरत है। परिक्षित ने बताया कि इसके बाद वह एक टैक्सी लेकर अस्पताल के लिए रवाना हो गए। पुलिस अब इस बयान और अन्य साक्ष्यों की पुष्टि करेगी ताकि घटनाओं के क्रम को सत्यापित किया जा सके। आरोपी गगनप्रीत ने दावा किया कि वह घबरा गई थीं और पीड़ितों को जीटीबी नगर अस्पताल ले गईं, जो २० किलोमीटर दूर है, क्योंकि कोविड-१९ के दौरान उनके बच्चों का वहां इलाज हुआ था। गगनप्रीत पर भारतीय न्याय संहिता के तहत गैर-इरादतन हत्या, लापरवाही से गाड़ी चलाने और साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ के आरोप हैं। इस बीच नवजोत के परिवार ने सवाल उठाया कि पीड़ितों को नजदीकी अस्पताल जैसे आरआर अस्पताल या आरएमएल अस्पताल क्यों नहीं ले जाया गया।

# कर्तव्य पथ पर सुगम्य दिल्ली यात्रा का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी को बाधा-मुक्त और नागरिक अनुकूल बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया जब एनएएमओ सुगम्य रथ एवं सुगम्य दिल्ली यात्रा का शुभारंभ कर्तव्य पथ, सेंट्रल विस्टा से किया गया।

सुगम्य दिल्ली अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री दिल्ली रेखा गुप्ता मुख्य अतिथि रहीं। इस अवसर पर वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, नवाचार क्षेत्र के प्रतिनिधि तथा दिव्यांगजन अधिकार कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रारंभ स्वागत गीत एवं रथ तथा उत्पाद कार्ट के अवलोकन से हुआ, जो सुगम्य समाधान को बढ़ावा देने के अभियान के प्रतीक हैं। श्री मल्लिकार्जुना आयथा, संस्थापक एवं सीईओ, प्क्म। ने कहा कि यह रथ जन-जागरूकता का चलता-फिरता प्रतीक बनेगा और नागरिकों को समावेशी शहर बनाने के लिए प्रेरित करेगा।

जितेंद्र शर्मा, संस्थापक एवं सीईओ, AMTZ ने किफायती सहायक प्रौद्योगिकी में स्वदेशी नवाचारों को रेखांकित किया। मनमीत कौर नंदा, आईएएस, अतिरिक्त सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने सुगम्य भारत अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय प्रयासों को रेखांकित किया, जबकि श्रीमती मल्लिका नड्डा जी, अध्यक्ष, स्पेशल ओलंपिक्स भारत, ने सामूहिक नागरिक जिम्मेदारी पर बल दिया।

राजेश अग्रवाल आईएएस, सचिव, एवं मुख्य आयुक्त, CCPD, ने सुगम्य दिल्ली को राष्ट्रीय सुगम्यता आंदोलन (NAMo) की आधारशिला बताते हुए इसे पूरे भारत में अनुकरणीय बनाने की बात कही।

रविंदर सिंह (इंद्राज), दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री, ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, २०१६ के अनुपालन की पुन: पुष्टि की।




कर्तव्य पथ पर एनएएमओ सुगम्य रथ एवं सुगम्य दिल्ली यात्रा के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता।

## एक नजर

### नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जम जम फाउन्डेशन के द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के शुभ अवसर पर आज मल्का गंज क्षेत्र के आर्य पूरा स्थित लोधी राजपूत धर्मशाला में डॉ. श्रॉफ चौरिटी आई हॉस्पिटल के सहयोग से एक नि:शुल्क मोतियाबिंद जाँच शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमें लगभग १५० लोगों की नि:शुल्क मोतियाबिंद की जाँच की गई तथा २५ लोगों को नि:शुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए दो दिन बाद किरोटरी-डॉ. श्रॉफ चौरिटी आई क्लिनिक करोल बाग में आने की तारीख दी गई । इस अवसर पर मल्का गंज क्षेत्र की निगम पार्षद बहन रेखा अमरनाथ जम जम फाउन्डेशन के प्रमुख संरक्षक श्री योगेन्द्र सिंह मान अध्यक्ष शमीम अहमद खान उपाध्यक्षा ममता आनन्द उपाध्यक्ष चन्दन गिरी गोस्वामी सचिव मौहम्मद कादिर व मौहम्मद अजहर कोषाध्यक्ष जहीर आलम भाजपा मल्का गंज मण्डल के अध्यक्ष नितिन गुप्ता महामंत्री भारत भूषण मंत्री दिनेश सोनकर व सुनील बोध कोषाध्यक्ष संजय जैन पूर्व मण्डल अध्यक्ष दिनेन्दर सोनकर पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुरेन्दर मोहर सहित नीलू सोनकर, सतीश कोहली, एडवोकेट अमित आनन्द, हरीश लोधी,मनोज कुमार, मुकेश लोधी,सुनील लोधी,अजय लोधी, सचिन लोधी,संजय लोधी, मौहम्मद कामिल, सुदेश बक्शी, वैशाली गुप्ता, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित हुए । इस मौके पर डॉ. श्रॉफ चौरिटी आई हॉस्पिटल से डॉ. रिंकल गोयल व मौहम्मद मुजामिल के साथ आई टीम का स्वागत भी किया गया ।

### वार्षिक स्कूल शिक्षा सम्मेलन संपन्न

**नई दिल्ली।** एसोसिएशन फॉर रीइन्वेंटिंग स्कूल एजुकेशन , भारत का एकमात्र उद्योग चौंबर निकाय जो केवल स्कूली शिक्षा क्षेत्र पर केंद्रित है, ने फेडरेशन ऑफ इंडियन चौंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री भारत का सबसे पुराना और सबसे बड़ा शीर्ष व्यवसाय संगठन ख्र के सहयोग से वार्षिक स्कूल शिक्षा सम्मेलन २०२५ सफलतापूर्वक संपन्न किया। इस सम्मेलन ने शिक्षकों, नीति निर्माताओं, विचार नेताओं और नवोन्मेषकों को एक साथ लाकर भारत के-12 शिक्षा के भविष्य की पुनर्कल्पना की।

"द न्यू बैलेंस: ट्रेडिशन एंड टेक्नोलॉजी, एम्पावर्ड बाय एम्पैथी" विषय पर आधारित इस सम्मेलन में इमर्सिव स्कूल टूर, विषयगत मास्टरक्लास, विचारोत्तेजक मुख्य भाषण सत्र, शिक्षा केंद्रित सार्वजनिक नीति संवाद और विषय-वस्तु संबंधित चर्चाएँ शामिल थीं, जिनमें यह संबोधित किया गया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सहानुभूति और नवाचार द्वारा आकार लिए विश्व में शिक्षा की भूमिका कैसे विकसित हो रही है।

सम्मेलन का उद्घाटन आशीष सूद, माननीय शिक्षा मंत्री, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली द्वारा किया गया जिन्होंने उद्घाटन संबोधन दिया। विशेष संबोधन संदीप सिंह, बेसिक शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रस्तुत किया गया। जहाँ सूद ने स्कूली शिक्षा के लिए निष्पक्ष और समानता- आधारित प्रणाली की आवश्यकता पर बल दिया, वहीं सिंह ने 2047 तक विकसित भारत (विकसित भारत) बनाने में प्रगतिशील स्कूली शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

### कंतारा: चैप्टर 1 को ब्लॉकबस्टर मानते हैं टोडोर लाजारोव

**नई दिल्ली।** होम्बले फिल्म्स की कंतारा: चैप्टर 1 फिल्म को लेकर बेसब्री बढ़ रही है, ऐसे में हॉलीवुड स्टंट डायरेक्टर टोडोर लाजारोव का फिल्म से जुड़ाव चर्चा में आ गया है। टोडोर, जिन्होंने मणिकर्णिका और आरआरआर जैसी फिल्मों पर काम किया है, उन्होंने इस प्रोजेक्ट पर काम करते हुए अपने अनुभव, जुड़ाव और नजरिया शेयर किया है।

लाजारोव का कंतारा: चैप्टर 1 का सफर एक फोन कॉल से शुरू हुआ था। उस समय वो हैदराबाद में शूटिंग कर रहे थे, जब उन्हें सीधे कुंडापुरा बुलाया गया। वहीं, उनकी मुलाकात हुई ऋषभ शेट्टी से, जो उस समय अपने शेड्यूल में बिजी थे। ऐसे में एक इंटरव्यू में बात करते हुए लाजारोव ने कहा, "जैसे ही मैंने ऋषभ शेट्टी को देखा, मुझे उनमें एक रोशनी, साफ दिल और आत्मा दिखी। उन्होंने मुझे सिर्फ एक डायरेक्टर के तौर पर नहीं, बल्कि उस किरदार को जीने वाले एक्टर के रूप में भी क्लाइमेक्स का विजन समझाया। वो इतना पावरफुल था कि उसी पल मुझे लगा, ये काम मुझे करना ही है।

# जंप रोप में 18 बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके जोरावर सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पितमपुरा के जोरावर सिंह न केवल एक अंतरराष्ट्रीय जंप रोप एथलीट हैं, बल्कि 18 बार गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड अपने नाम कर चुके हैं। उनकी यात्रा संघर्ष, अनुशासन, जज्बे और खेल के प्रति समर्पण की मिसाल है। उनका मानना है कि जंप रोप केवल एक खेल नहीं, बल्कि एक कला है जो युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली, आत्म विश्वास और राष्ट्र गौरव का रास्ता दिखा सकती है। 5 फरवरी 2025 को इटली के मिलान में आयोजित गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड शो में जोरावर ने इतिहास रचा। उन्होंने 30 सेकंड में 21 डबल-अंडर फ्राग्स कर विश्व स्तर पर भारत का परचम लहराया। इसके साथ ही उन्होंने अपने टीम के साथ शानदार ग्रुप परफार्मेंस देकर यह साबित किया कि जंप रोप में भी कला और कौशल का अनोखा संगम संभव है।

इसके बाद जापान के कावासाकी में आयोजित वर्ल्ड जंप रोप चौंपियनशिप 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने व्यक्तिगत और टीम इवेंट्स में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उनका सपना है कि वे भारत को पुरुष वर्ग में पहली बार गोल्ड मेडल दिलाकर राष्ट्रगान विश्व मंच पर गवाएं।

# शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने भलस्वा लैंडफिल साइट का दौरा किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मनोहर लाल केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री ने आज सेवा पखवाड़े के अवसर पर भलस्वा लैंडफिल साइट का दौरा कर लीगेसी कचरे के निस्तारण के कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने एक पेड़ मां के नाम मुहिम के अंतर्गत वृक्षारोपण किया।

मनोहर लाल ने लीगेसी कचरा निस्तारण के कार्य से संबंधित प्रस्तुति देखी एवं लैंडफिल साइट का ऊपर तक जाकर निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर आशीष सूद शहरी विकास मंत्री दिल्ली सरकार, सरदार राजा इकबाल सिंह महापौर दिल्ली,जयभगवान यादव उप महापौर, सत्या शर्मा अध्यक्षा स्थायी समिति,सुंदर सिंह उपाध्यक्ष स्थायी समिति, प्रवेश वाही नेता सदन,गुलाब सिंह अध्यक्ष सिविल लाइंस क्षेत्र, संदीप कपूर अध्यक्ष पर्यावरण प्रबंधन सेवा समिति,निगमायुक्त अश्वनी कुमार, अतिरिक्त आयुक्त जितेंद्र यादव एवं पंकज नरेश अग्रवाल, अंशुल सिरोही उपायुक्त सिविल लाइंस क्षेत्र एवं निगम के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मनोहर लाल केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री ने कहा कि 17सितंबर को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर स्वच्छता,एक पेड़ मां के नाम, रक्तदान शिविर और अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस 25 सितंबर को स्वच्छता पर बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। एक दिन एक घंटा एक साल कार्यक्रम के अंतर्गत अपने आसपास,कार्यालय,घर में स्वच्छता का कार्यक्रम चलाया जाएगा जिसमें सभी नागरिक अपना योगदान देंगे। मनोहर लाल ने कहा कि सेवा पखवाड़े के दौरान विभिन्न धार्मिक आयोजन जैसे नवरात्रे,दशहरा आदि त्योहार आयेंगे जिनमें स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के सभी गणमान्य नागरिकों से अपील की गई थी कि कोई भी एक स्थान स्वच्छता के लिए अपनाएं। देश में १1470 लीगेसी कचरे के डंप चिन्हित किए गए हैं। दिल्ली में तीन सैनिटरी लैंडफिल साइट हैं जोकि भलस्वा,गाजीपुर एवं ओखला में स्थित हैं। मनोहर लाल ने कहा कि दिल्ली की तीनों लैंडफिल साइट को निस्तारित करने की जिम्मेदारी मैंने ली है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मंत्रियों से आग्रह है कि वे भी किसी एक संस्था को साझी बना कर कार्य करें।



केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल सेवा पखवाड़े के अवसर पर भलस्वा लैंडफिल साइट का दौरा करते हुए।

# समाजसेवियों का किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** देशभर में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से बनाया जा रहा है जिसको लेकर जगह जगह कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है वहीं राजधानी दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में भारतीय नमो संघ के द्वारा पत्रकारों समाजसेवीयों का सम्मान किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद नरेश बंसल उपस्थित रहे साथ ही भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू व कई मंत्री व सांसद उपस्थित हुए वही राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा भारत का चौथा स्तंभ मीडिया है जो समाज को



सही दशा और दिशा देती है और यही लोग हमेशा पीछे रह जाते हैं जिसके बाद राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने प्रेस रिपोर्टर्स यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत कुमार व प्रेस रिपोर्टर्स यूनियनसंगठन के सभी पदाधिकारी विनोद रस्तोगी, महेश शर्मा, मनोज सैनी, रजनी गुप्ता, बलदेव राज, बत्रा सुनीता भट्ट ,अनिल गुप्ता सभी को शाल पहनाकर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और पत्रकारों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने देश भक्ति गानों पर परफॉर्मेंस दी साथ ही पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# स्वामी दयानन्द अस्पताल में पीने के पानी की किल्लत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा स्थित एमसीडी के अस्पताल स्वामी दयानन्द में पीने के पानी की किल्लत देखने को मिल रही है, जिस वजह से मरीजों ओर उनके तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल पहुंचने वाले मरीज और उनके तीमारदार पानी खरीदकर पीने के लिए मजबूर है।

एमरजेंसी में भर्ती एक महिला के पति गुलफाम ने बताया की उनका मरीज तीन दिन से यहां भर्ती है और तीन दिन से वह खरीदकर पानी पी रहे है रोजाना सैकड़ो रूपये सिर्फ पानी पर खर्च हो रहे है द्य एमरजेंसी के वाटर कूलर की नल से बूंद-बूंद पानी टपक रहा था जिसके नीचे बोतल लगा कर लोग थोड़ा बहुत पानी बोतल में जमा करने का प्रयास कर रहे थे।

यही पर एक मरीज के तीमारदार गुलशन ने बताया की वह पिछले पांच दिनों से यहां पर है उनका मरीज अंदर एडमिट है एमरजेंसी के



साथ ओपीडी में लगे वाटर कुलरों में भी पानी नहीं आ रहा जिस वजह से सिर्फ पानी खरीद कर पीने का विकल्प बचता है और एक नगर-निगम के अस्पताल में पीने के पानी की किल्लत अस्पताल व्यवस्था की पोल खोलती है। इस अस्पताल में रोजाना हजारों मरीज इलाज के लिए आते है जिनको यह अस्पताल पीने का पानी मुहैया कराने में भी नाकाम नजर आ रहा है आखिर नगर- निगम द्वारा हजारों रूपये इन वाटर कूलरो में खर्च किए गए है उसके बावजूद यहां पहुंच रहे मरीज पानी खरीद कर पीने को मजबूर है। स्वामी दयानन्द अस्पताल की एमरजेंसी में पहुंचे स्थानीय पार्षद वीर सिंह पंवार को जब मरीजों और अन्य लोगो से पानी की किल्लत की जानकारी मिली, तो उन्होंने सम्बंधित अधिकारी को फोन मिला दिया, पर अधिकारी ने उनसे बहाने बनाने शुरू कर दिए, जिसके बाद पार्षद ने सख्त लहजे में अधिकारी से कहा मुझे कोई बहाना नहीं सुनना और सभी वाटर कूलर में पानी आना चाहिए ताकि अस्पताल आने वाले लोगो को पीने का स्वच्छ पानी मिल सके।

# ट्रेन यात्रियों को अब उनकी सीट पर भोजन डिलीवरी की सुविधा

**नई दिल्ली।** मेकमाईट्रिप ने जोमैटो के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस पार्टनरशिप के जरिए ट्रेन यात्रियों को सीधे उनकी सीट पर भोजन डिलीवरी की सुविधा मिलेगी। अब मेकमाईट्रिप ऐप पर ट्रेन टिकट बुक करने वाले यात्री जोमैटो से जुड़े 40,000 से अधिक रेस्टोरेंट पार्टनर्स से 130 से ज्यादा स्टेशनों पर भोजन ऑर्डर कर सकेंगे। इस सुविधा की मांग लगातार बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में प्रतिदिन 10,000 से अधिक रेलवे यात्रियों ने भारतीय रेलवे की ई-कैटरिंग सेवा का उपयोग किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 66% की वृद्धि दर्शाता है। मेकमाईट्रिप अपनी 'फूड ऑन ट्रेन' सेवा के माध्यम से इस मांग का लाभ उठाने के लिए तैयार है। इसमें नाश्ता, लंच, डिनर और स्नैक्स शामिल हैं। प्लेटफॉर्म की लाइव ट्रेन स्टेटस सुविधा यात्रियों को सबसे सुविधाजनक समय पर ऑर्डर करने के लिए प्रेरित करता है। जोमैटो के साथ सॉफ्ट लॉन्च को मिली शुरुआती प्रतिक्रिया उत्साहजनक रही है और यह यात्रा-अनुकूल भोजन की पसंद को दर्शाती है। इस सफलता को आगे बढ़ाते हुए, मेकमाईट्रिप लक्षित प्रचार अभियानों के जरिए ऑन-ट्रेन फूड डिलीवरी सेवा के बारे में जागरूकता और बढ़ाएगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# नरेंद्र कश्यप ने पीएम मोदी के जन्मदिन पर चलाया स्वच्छता अभियान

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बुधवार को गाजियाबाद में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर दिन की शुरुआत की।

उन्होंने सेक्टर 23 स्थित महर्षि कश्यप पार्क में पहुंचकर महर्षि कश्यप की विशाल प्रतिमा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर की सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में स्थानीय लोग, भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। मूर्ति की सफाई और पार्क में झाड़ू लगाने के बाद मंत्री कश्यप ने कहा कि "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह पूरे देश में स्वच्छ भारत मिशन को एक जनांदोलन का रूप दिया है, वह सदियों तक याद किया जाएगा। स्वच्छता केवल सफाई का अभियान नहीं बल्कि स्वास्थ्य, संस्कार और समाज के विकास से जुड़ा संकल्प है। स्वच्छता कार्यक्रम के बाद मंत्री नरेंद्र कश्यप अपने आवास स्थित कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में शामिल हुए। यहां पर उन्होंने आने वाले लोगों से संवाद करते हुए अपील की कि हर नागरिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर समाजहित में कोई न कोई कार्य अवश्य करे।उन्होंने कहा कि "प्रधानमंत्री मोदी सदैव देश और जनता की चिंता करते हैं। उनके जन्मदिवस पर अगर हम समाज के लिए कोई छोटा सा भी योगदान देते हैं, तो यह उनके लिए सबसे बड़ा तोहफा होगा। चाहे वह किसी गरीब की मदद करना हो, किसी बीमार की सेवा करना हो या फिर पर्यावरण और स्वच्छता से जुड़ा कार्य, हर नागरिक को आज संकल्प लेना चाहिए।" मंत्री कश्यप के नेतृत्व में हुए स्वच्छता अभियान में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान पूरे माहौल में प्रधानमंत्री के विकास कार्यों और उनकी प्रेरणा से समाजसेवा के प्रति जागरूकता का संदेश दिखाई दिया। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'स्वच्छ भारत मिशन' के साथ-साथ समाज सेवा, गरीब कल्याण और राष्ट्रहित को हमेशा प्राथमिकता दी है। आज उनके जन्मदिवस के अवसर पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि समाज की चिंता करेंगे और दूसरों की मदद में हमेशा आगे रहेंगे।



## प्राथमिक चिकित्सा केंद्र पर धूमधाम से मनाया गया प्रधानमंत्री का जन्मदिन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस वैशाली स्थित प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में पार्षद कुसुम गोयल पूर्व पार्षद भाजपा नेता डॉ मनोज गोयल चिकित्सा केंद्र की नवनियुक्त प्रबंधक डॉ शिखा द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया गया। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत महिलाओं को होने वाली बीमारी और उनसे बचाव के बारे में बताया गया पार्षद द्वारा सभी आए व्यक्तियों को पेय पदार्थ बांटा गया। इस अवसर पर भाजपा नेता अवधेश कटियार पवित्रा मंगल सिंह आशुतोष रोशन महावीर मोहित अनुप्रिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर किया भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शिव मंदिर नासिरपुर फाटक श्री विश्वकर्मा पूजा सेवा समिति पूर्वांचल कांट्रेक्टर ग्रुप के तत्वाधान में श्री विश्वकर्मा भगवान की अनुकंपा से आठवां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अतुल गर्ग सांसद, सुनीता दयाल महापौर, संजीव शर्मा विधायक, मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष, विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान, परमार्थ सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन वी के अग्रवाल, राकेश कुमार प्रजापति द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर भोग लगाकर के भंडारे का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा को सृजन और निर्माण का प्रतीक माना जाता है। समिति के तत्वाधान में विक्रमादित्य सिंह मलिक आईएएस नगर आयुक्त एवं सभी मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथियों का आभार व्यक्त किया और अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह देकर के सम्मान किया। इस अवसर पर विश्वकर्मा पूजा सेवा समिति पूर्वांचल कॉन्टैक्टर ग्रुप माहीलाल चौहान, अरविंद, कालूराम, मदनपाल, राजाराम, भीम बहादुर, अरविंद यादव, राकेश, रामानंद, विजय, दीपक, महेंद्र, राजेश, संजय, रामाशंकर, राजू रजक, लाला,परवीन, शेषनाथ, आनंद, पांडे, बाबूराम, धर्मेंद्र, अनिल अमरदेव, ब्रह्मदेव, श्रवण, निलेश कुमार आदि उपस्थित रहे।



## पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा को पुलिस ने रोका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा को सूचना कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी के द्वारा मिलती है जिस पर तत्काल प्रभावित जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा प्रतिनिधिमंडल जिसमें तरुण शर्मा रियाज सैफी दिनेश कुमार इरफान अली सभी जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं ब्लॉक अध्यक्ष शिवदास अदना प्रतिनिधि मंडल तत्काल प्रभाव से मसौता गांव थाना मसूरी गाजियाबाद में पहुंचे गांव के मध्य पहुंचते ही पुलिस ने पीड़ित परिवार से मिलने से पहले ही रोक लिया और कहां आप लोग वापस जाइए गांव में नहीं जा सकते पुलिस जांच चल रही है। अध्यक्ष सतीश शर्मा द्वारा कहा गया क्या गांव में कर्फ्यू लगाया गया है।

पूछने पर पुलिस द्वारा कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया फिर कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल जिस स्थान पर पुलिस द्वारा रोका गया था उसी स्थान पर गांधीवादी विचारधारा के तहत जमीन पर बैठकर धरना देने लगे और विरोध बढ़ता चला गया जब तक मिलने नहीं दिया जाएगा जब तक हम लोग पीछे नहीं हटेंगे जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि आप लोग कोई सच्चाई को छुपा रहे हैं जब भी आप लोग पीड़ित परिवार से जन सेवक को नहीं मिलने दे रहे आम जनता में आपकी कोई बात प्रचारित न हो जाए।

पुलिस अधिकारियों ने ज्यादा विरोध होता देख अपनी रणनीति को बदलते हुए प्रतिनिधिमंडल से कहा कि पीड़ित परिवार को यहीं पर बुलाकर आपकी मुलाकात करवा देते हैं कुछ समय बाद पीड़ित परिवार से बृजेश पुत्र नरेश उनके भाई तनुज से सार्वजनिक रूप से मुलाकात कराई गई सार्वजनिक रूप से मुलाकात करवाने का पुलिस का दवाव पीड़ित परिवार पर था कहीं पीड़ित परिवार कोई बात आम जनता में ना पहुंचा दे पुलिस का मकसद यही था पीड़ित परिवार ने प्रतिनिधि मंडल से बताया की तत्काल हम लोगों पर पूर्व में जब में और माताजी ईन के घर पर शिकायत लेकर गए थे तब इन 9 लोगों ने अपने घर में बंद कर के बहुत बुरे तरीके से हम लोगों पर हमला किया था और जब हम लोग बेहोश हो गए तब छोड़ गया था इसके बाद यह विवाद बढ़ गया आप जबरन फैसले का दबाव बना रहे हैं इसके लिए हमें सुरक्षा प्रदान की जाए और जो लोग पांच फरार चल रहे हैं उनको तत्काल गिरफ्तार किया जाए।



## सीएचसी मोदीनगर में हुआ महिला स्वास्थ्य कैम्प का शुभारंभ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मोत्सव के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोविन्दपुरी, मोदीनगर (जनपद गाजियाबाद) में ष्सशक्त नारी - स्वस्थ परिवारष अभियान के तहत एक विशाल स्वास्थ्य कैम्प का शुभारंभ हुआ। कैम्प का उद्घाटन बागपत लोकसभा के लोकप्रिय सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में मोदीनगर नगर पालिका के चेयरमैन विनोद वैशाली, विधायक प्रतिनिधि डॉ. करणवीर सिंह, राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष चौधरी रामपाल सिंह (आरएलडी), मण्डल अध्यक्ष आकाश शर्मा, महिला जिला प्रकोष्ठ की सुमन चौधरी, वरिष्ठ कार्यकर्ता सतिंदर तोमर, रामभरोसे लाल मौर्य और मंडल महामंत्री भाजपा अमितेज जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। साम. ुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की ओर से डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. विक्रांत, डॉ. जोगिंदर सिंह, डॉ. करन कसाना, डॉ. विकास तथा संपूर्ण स्टाफ ने कार्यक्रम में भाग लिया। डॉ दिनेश ने बताया कि कैम्प 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर 2025 तक प्रतिदिन प्रात: 8 बजे से अपराह्न 2 बजे तक संचालित होगा। कैम्प में दंत रोग, मानसिक रोग, नेत्र रोग, कान, नाक, गला, हड्डी रोग, बाल रोग एवं सामान्य ओपीडी जैसी सेवाएँ उपलब्ध रहेंगी। सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने कहा कि सरकार द्वारा लगाए जा रहे ऐसे मुफ्त स्वास्थ्य कैम्प जनता के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध सस्ती और प्रभावी चिकित्सा सुविधाओं का लाभ लें। सांसद ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से भेंट कर उनका हालचाल लिया और फल वितरित किए। साथ ही उन्होंने टीबी के 10 मरीजों को निश्चय योजना के अंतर्गत गोद लेने की घोषणा की। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन आयुष विभाग के डॉ. जोगिंदर सिंह ने किया।

## रोटरी स्मार्ट सिटी ने किया रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी द्वारा ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन आई. एम.एस. यूनिवर्सिटी कोर्स कैम्पस, एन.एच. -9, गाजियाबाद में किया गया। इस अवसर पर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डा सुभाष जैन ने कहा कि रक्तदान एक नि:स्वार्थ कार्य है जो कि जाति और धर्म की सीमाओं से परे है। यह एक छोटा सा सहयोग दूसरों पर जीवन को बदलने वाला प्रभाव डाल सकता है। यह किसी भी कम्युनिटी की शक्ति को दिखाता है जब सभी मिलकर एक ही उद्देश्य के लिए एक साथ काम करते हैं। हमें रक्तदान की आवश्यकता के बारे में जागरूकता फैलाने और इसे लेकर किसी भी भ्रम को स्पष्ट करने के लिए लोगों को शिक्षित करना चाहिए । क्लब प्रेसीडेन्ट भारती गर्ग ने कहा कि हर दो सेकंड में दुनिया में किसी न किसी को रक्त की आवश्यकता होती है। किन्तु दुनिया के कई हिस्सों में अभी भी रक्त की आपूर्ति की कमी है। रक्तदान एक महान दयालुता का कार्य है। जोकि किसी की जिन्दगी को बचाने में महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। हम दिल से ऐसे व्यक्तियों का सम्मान करते है जिन्होंने इस प्रक्रिया को सफल बनाने में अपना समर्थन और योगदान दिया है। इसमें सभी ब्लड डोनर्स, डाक्टर्स, यूनिवर्सिटी के स्वयंसेवक, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राऐं और क्लब के सम्मानित सदस्य शामिल हैं। इस रक्तदान शिविर में 208 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डा० सुभाष जैन, बबीता जैन, भारती गर्ग एवं आशीष गर्ग, प्रवीन गोयल, सीमा गोयल, दीपक कुमार अग्रवाल, योगेश कुमार गोयल, नरेश कुमार गर्ग, विकास गुप्ता, मनोज अग्रवाल, अनु अग्रवाल, अधीर गर्ग, सुजाता गर्ग, राकेश अग्रवाल, अनीश गुप्ता इत्यादि, एवं आई.एम.एस. से शिक्षकगण, स्टाफ मैम्बर्स, छात्र एवं छात्राऐं उपस्थित थें। रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी की प्रेसिडेन्ट (2025-26) रो० भारती गर्ग एवं सैक्रेटरी (2025-26) रो० प्रवीन गोयल ने रक्तदान शिविर के सफल संचालन के लिए कार्यक्रम की होस्ट रो० दीपा छारिया एवं रो० राकेश छारिया का धन्यवाद दिया।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस (निफा) गाजियाबाद की टीम ने डॉ फहीम सैफी के आवास पर वृद्ध असहायों एवं आम आदमी को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं निफा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार दूबे का जन्मदिवस मनाया। जिसमें तकरीबन 40 मरीज देखे गए और उन्हें समुचित औषधि प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉक्टर फहीम सैफी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को, गरीब निराश्रित बुजुर्गों की मदद के साथ-साथ उनकी सेवा करना चाहिए, भले ही वो किसी भी रूप में हो, इससे बडा पुनीत कार्य कोई नहीं हो सकता।

## कला उत्सव: समृद्धि 2025 में जवाहरलाल मेमोरियल गर्ल्स इंटर कॉलेज की बड़ी उपलब्धि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जवाहरलाल मेमो. रियल गर्ल्स इंटर कॉलेज ने कला उत्सव- "समृद्धि 2025" में उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर पूरे जनपद में विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जनपदीय स्तर पर आयोजित कला समेकित शिक्षाशास्त्र प्रतियोगिता 2025 में विद्यालय ने प्रथम एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर यह सिद्ध किया कि रचनात्मकता और शिक्षा का समन्वय ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की कुंजी है। यह प्रतियोगिता गाजियाबाद के जी.आई.सी. नंदग्राम में आयोजित हुई, जिसका केंद्रीय विषय था -"कला के माध्यम से समावेशी शिक्षा"। इस विषय के माध्यम से शिक्षकों को यह अवसर प्रदान किया गया कि वे कक्षा-कक्ष की पारंपरिक सीमाओं से बाहर निकलकर कला और शिक्षाशास्त्र को जोड़ते हुए समावेशी विद्यालय संस्कृति का निर्माण करें। विद्यालय की प्रधानाचार्या रेनू तोमर द्वारा इतिहास में कला समेकन पर प्रस्तुति दी और प्रथम स्थान सहयोगी शिक्षक सविता पटेल के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। नीतू राणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिक्षिकाओं ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से यह दर्शाया कि कला किस प्रकार न केवल शिक्षा को रोचक बनाती है, बल्कि विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभाओं को भी उजागर करती है।




## गुर्जर समाज के सैकड़ों लोग हुए बहुजन समाज पार्टी में शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** बहुजन समाज पार्टी की एक विशाल मीटिंग का आयोजन निवाड़ी रोड मुन्नी वाटिका में किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मोहित जाटव ने की व संचालन जिला उपाध्यक्ष मनवर चौधरी चौधरी ने किया बतौर मुख्यातिथि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी मुनकाद अली जी ने बताया कि आने वाली 9 अक्टूबर को लखनऊ में पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम साहब के परिनिर्माण दिवस पर लखनऊ में एक विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा जिसको बहन कुमारी मायावती जी संबोधित करेंगी उन्होंने बताया कि बहन कुमारी मायावती जी के निर्देश पर इस रैली की तैयारी जोर शोर से की जा रही है पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ बबली गुर्जर के साथ आए प्रधान पूर्व प्रधान बीडीसी, पूर्व बीडीसी सहित गुर्जर समाज के सैकड़ों जिम्मेदार एवं सामाजिक लोगों ने बहुजन समाज पार्टी में अपनी आस्था जताते हुए पार्टी की सदस्यता ली। पूर्व जिला पंचायत सदस्य बबली गुर्जर ने बताया कि अगले कुछ महीनों में मेरठ मंडल के हर जिले से बड़ी संख्या में गुर्जर समाज के लोग बहुजन समाज पार्टी का दामन थामेंगे। मीटिंग में मुख्य रूप से मेरठ मंडल के कॉर्डिनेटर मनोज जाटव, रामरूप बोध, पूर्व विधायक वहाब चौधरी, मेघानंद जाटव, पूर्व मंत्री दयाराम सेन, विधानसभा अध्यक्ष सतेंदर प्रधान, डॉ. के.पी. सिंह, तेजपाल दक्ष नागर हरिराज नागर लक्की चुड़ियाला परवेज तोमर विधानसभा प्रभारी आलोक भारती सभासद एवं दीवान चंद चुड़ियाला मोहित जिला पंचायत सदस्य नदीम चौधरी सभासद परवीन गुर्जर। सभासद नीटू चौधरी सभासद धरमबीर जाटव राज. कुमार सैन धीर सिंह गौतम आनंद बखरवा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।





**मोदीनगर में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत वाल्मीकि मंदिर में सफाई करते भाजपा मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा व युवा नेता अमित कराटे।**

## क्षेत्रीय बास्केट बॉल एवं बैडमिन्टन प्रतियोगिता हुई संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विद्या भारती द्वारा आयोजित तीन दिवसीय "क्षेत्रीय बैडमिन्टन एवं बास्केट बॉल प्रतियोगिता" दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर, नेहरू नगर में संपन्न हुई। विद्यालय में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 20 जिलों व उत्तराखण्ड के लगभग 400 खिलाडी भैया-बहिनों ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। बैडमिन्टन प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक वर्ग में क्रमश: नैनीताल, कमला नगर आगरा तथा शामली के खिलाड़ियों ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 बालक वर्ग में क्रमश: नैनीताल, कमला नगर आगरा तथा एटा के खिलाड़ियों प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही अंडर-19 बालक वर्ग में क्रमश: शामली, नैनीताल तथा कमला नगर आगरा ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-14 बालिका वर्ग में हापुड़, मुजफ्फरनगर तथा धामपुर ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा अंडर-17 बालिका वर्ग में वहीं अंडर-14 बालक वर्ग में भी दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर, नेहरू नगर, गाजियाबाद ने प्रथम तथा अंडर-17 में द्वितीय स्थान प्राप्त किया व अंडर-17 में नैनीताल तथा अंडर-19 में मेरठ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के भैया बहनों की इस अपार सफलता के लिए खेल विभाग के प्रभारी रविंद्र मोहन शर्मा, विपिन शर्मा, लेफ्टिनेंट राजबाला सैनी को भी इस अपार सफलता के लिए शुभकामनाएं दी गयी। विद्यालय के प्राचार्य विपिन राठी ने अपने धन्यवाद ज्ञापन वक्तव्य में सभी खिलाड़ी भैया-बहिनों व उनके साथ आये हुए संरक्षक आचार्य- आचार्या को तथा सभी निर्णायकों का धन्यवाद किया।



### खोया-पाया

मेरी हाई स्कूल वर्ष 2024 अनुक्रमांक संख्या - 1240483029 यूपी बोर्ड की अंक तालिका वास्तव में कहीं खो गई है जिसका प्रयोग अन्य के लिए अवैध होगा।

**कहकशां पुत्री रिजवान**
**निवासी ग्राम पिपलैडा तहसील धौलाना हापुड़।**

### संबंध विच्छेद

हम नवाब पुत्र रमजानी व नाजमा पत्नी नवाब निवासी- 60, प्रेम नगर- 1, लोनी जिला-गाजियाबाद अपने पुत्र मनोवर व पुत्रवधु नगमा को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करते हैं। भविष्य में अपने कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# सेफ्टी टेंक की सफाई करने उतरे मजदूर की मौत, बचाने गए 3 गंभीर

■ कंस्ट्रक्शन कंपनी के अधिकारियों से पूछताछ

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** अशोक विहार इलाके में बीती रात सीवर साफ करने के लिये उतरे एक मजदूर की दम घुटने से मौत हो गई। जबकि साथी को बचाने के लिये एक के बाद एक सीवर में उतरे तीन दम घुटने से बेहोश को हो गए। जिनकी अस्पताल में हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस ने लापरवाही आदि धाराओं में मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। मृतक के परिजनों ने कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस कंपनी अधिकारियों से भी पूछताछ कर रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में, २०१३ से २०२४ के बीच सीवर से जुड़ी मौतों में ७२ से ज्यादा लोग मारे गए थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते सोमवार रात ११ बजकर ३६ मिनट पर अशोक विहार पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि हरिहर अपार्टमेंट, अशोक विहार फेज-२ के पास सीवर सफाई करते वक्त चार मजदूर बेहोश हो गए हैं।

पुलिस मौके पर पहुंची। मजदूरों को तुरंत बाहर निकाला और नजदीक के बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया। क्राॅइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये गए। डॉक्टरों ने कासगंज, उत्तर प्रदेश गांव जखेरा के रहने वाले अरविंद यादव को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसी के गांव में सोनू, नारायण और बिहार के रहने वाले नरेश की हालत गंभीर देखते हुए उनको दूसरे अस्पताल में शिफ्ट कर दिया। जिसमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस ने बाबू जगजीवन राम अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद अरविंद का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। अरविंद के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। वह अक्सर दिल्ली और दूसरे शहरों में साथियों के साथ सीवर आदि का काम करता रहता था। शुरूआती जांच में पता चला कि बृजगोपाल कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रबंधक से मामले में पूछताछ की गई है।पिछले कई दिनों से इलाके में सीवर सफाई का काम चल रहा था। जिसमें पता चला कि उन्होंने हादसे की चपेट में आए सभी चारों और उनके साथियों को डायरेक्ट संपर्क करके बुलाया था। वहीं अरविंद के भांजे सतेन्द्र ने बताया कि कंपनी ने डायरेक्टर संपर्क किया था। जब अरविंद सीवर में घुसा था,उसके बाकी साथी बाहर थे।

### पहले भी सीवर साफ करने में हो चुके हैं हादसे

- 17 सितम्बर 2025 अशोक विहार में सेफ्टी टैंक में उतरे मजदूर की मौत,तीन गंभीर
- 22 फरवरी 2025 नरेला के मनसा देवी अपार्टमेंट के पास सेफ्टी टैंक साफ करने उतरे दो की मौत तीन गंभीर
- 17 मार्च 2025 न्यू फ्रेंडस कॉलोनी में सेफ्टी टैंक में एक मजदूर की मौत,दो गंभीर
- 9 जुलाई 2025 पश्चिम विहार स्थित बालाजी एक्शन अस्पताल के सेफ्टी टैंक साफ करते वक्त दो की मौत
- 9 अक्तूबर 2024सरोजनी नगर में निर्माणाधीन इमारत में सीवर साफ करने उतरे दो की मौत,एक गंभीर
- 16 मई 2022 नीति बाग के अगस्त क्रांति मार्ग पर सेफ्टी टैंक साफ करते वक्त ढक्कन गिरने से एक की मौत,दो घायल
- 20 अक्तूबर 2020 आदर्श नगर इलाके में सेफ्टी टैंक साफ करने उतरे दो मजदूरों कीमौत, चार गंभीर
- 22 अक्तूबर 2018 जहांगीरपुरी इलाके में सेफ्टी टैंक साफ करने उतरे कटिहार के मजदूर डोमन राय की मौत
- 7 अगस्त 2017 घिटरोनी इलाके में सेफ्टी टैंक साफ करते वक्त चार की मौत एक गंभीर

# छह करोड़ की हेरोइन के साथ तीन महिला समेत पांच पकड़े

■ अनिल पहले भी दस ड्रग्स के मामले में शामिल रहा है।

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिला की एंटी नॉरकोटिक्स सेल ने तीन महिला समेत पांच ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से करीब छह करोड़ रुपये की ३.१०१ किलोग्राम हेरो. इन जब्त की है। पुलिस आरोपियों से उनके नेटवर्क के बारे में जानक. ारी लेने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी दिनेश कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर अशोक कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने कलंदरा कॉलोनी,सर्विस रोड, भलस्वा डेयरी इलाके से अफसाना नामक महिला को गिरफ्तार किया था,जिसके कब्जे से तीन सौ ग्राम हेरोइन ड्रग्स बरामद की थी। पूछताछ करने पर उसकी निशानदेही पर बुराड़ी के रहने वाले दंपति नरेन्द्र और उसकी पत्नी ज्योति उर्फ मानसी को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से सात सौ १२ ग्राम हेरोइन जब्त की। दोनों से पूछताछ करने के बाद निहाल विहार,नांगलोई से संतोष को ९७ ग्राम हेरोइन और अनिल उर्फ भोला को तिलक नगर से गिरफ्तार करके उसके कब्ज से १.९९२ किलोग्राम हेरोइन जब्त की। अनिल पहले भी दस ड्रग्स के मामले में शामिल रहा है।

# प्रतिबंधित सिगरेटों की खेप जब्त, दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** अपराध शाखा ने प्रतिबंधित विभिन्न ब्रांडों की सिगरेटों की एक बड़ी खेप की एक बड़ी खेप को जब्त करके दो आरो. पियों को गिरफ्तार किया है। आरो. पियों की पहचान उवैश सिद्दीकी और अब्दुल कलाम के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से साढ़े १२ लाख रुपये से ज्यादा की ६४३०० सिगरेटों वाले ३,२१५ सिगरेट के पैकेट बरामद किये हैं। सब इंस्पेक्टर रवि राणा की एक पुख्ता जानकारी के बाद एसीपी पंकज अरोड़ा की देखरेख में इंस्पेक्टर रितेश कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने फराश खाना इलाके में छापेमारी करके दो अलग- अलग स्कूटी पर सवार दो व्यक्तियों को रोका। एक स्कूटी की पिछली सीट पर एक कार्टन बांधे हुए था।

चालक की पहचान उवैश सिद्दीकी के रूप में हुई। जबकि दुसरे स्कूटी चालक की पहचान अब्दुल कलाम के रूप में हुई,जो अपनी पिछली सीट पर एक कार्टन रखे हुए थे। पूछताछ करने के बाद उनकी निशानदेही पर फराश खाना इलाके में स्थित एक गोदाम से विभिन्न ब्रांडों की सिगरेट के २२१५ और पैकेट बरामद किए गए।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर लालकिले पर हुआ बृहद सेवा प्रकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आज लाल किला स्थित लव कुश रामलीला मैदान में एक बड़ा कृत्रिम अंग वितरण शिविर सहित अन्य अनेक सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों और जरूरतमंद वर्गों को सहायता एवं सहयोग प्रदान करना रहा।यह आयोजन भारतीय जनता पार्टी, चांदनी चौक लोकसभा, कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और लव कुश रामलीला कमेटी' के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस शिविर में 1250 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक




उपकरण वितरित' किए गए, 500 सेअधिक लोगों की नि:शुल्क नेत्र एवं कान की जाँच एवं चश्मे तथा श्रवण मशीनस् का वितरण, 1 हजार से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जाँच एवं रक्तदान शिविर' जैसी स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं वहीं २ हजार महिलाओं को साड़ियाँ और ५०० बच्चों को स्कूल बैग तथा स्टेशनरी भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मिनिस्टर स्मृति ईरानी ने कहा' कि "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अहिल्या बाई होलकर की धरती से महिला सशक्तिकरण का मंत्र दिया है तथा उन्होंने सदैव समाज के सबसे कमजोर वर्ग को सशक्त बनाने का कार्य किया है। चांदनी चौक के संसद सदस्य एव कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा' कि "व्यापा. रिक जगत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को उनके 75वें जन्मदिवस पर हार्दिक बधाई देता है।

मोदी जी ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र से देश को नई दिशा दी है। दिव्यांग. जनों के लिए यह शिविर मोदी जी के समावेशी भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है।

# एनडीएमसी क्षेत्र में 5 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' का उद्घाटन हुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत, दो केंद्रीय मंत्रियों- ज्योतिरादित्य सिंधिया और एच. डी. कुमारस्वामी और दिल्ली सरकार के मंत्रियों - मनजिंदर सिंह सिरसा और प्रवेश वर्मा ने एनडीएमसी के अध्यक्ष - केशव चंद्रा, एनडीएमसी के उपाध्यक्ष - कुलजीत सिंह चहल और एनडीएमसी के सचिव - तारिक थॉमस के साथ एनडीएमसी क्षेत्र में पाँच आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का उद्घाटन किया। उन्होंने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सात स्वास्थ्य केंद्रों पर ष्स्वस्थ नारी, सशक्त परिवारष स्वास्थ्य जाँच शिविरों का भी शुभारंभ किया।बाबर रोड स्थित ष्आयुष्मान आरोग्य मंदिरष का उद्घाटन करने के बाद, केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री - ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भारत के प्रधानमंत्री को उनके ७५वें जन्मदिन पर बधाई दी और कहा कि आज देश के लिए गौरव का दिन है, क्योंकि हम राष्ट्र के प्रधान सेवक और प्रधान रक्षक की 75वीं जयंती मना रहे हैं। उनका जीवन जनसेवा में एक क्रांति का जीवंत उदाहरण है, भारत में एक ऐसे व्यक्ति का जीवंत उदाहरण है, जिसने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण भारत की सेवा में समर्पित कर दिया।

## सवा दो सौ किलो पटाखे जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** दीवाली पर मुनाफा कमाने के लिये अवैध रूप से पटाखे बेचने के लिये इक्ट्ठा कर रहे लोगों पर दिल्ली पुलिस की नजर हैं। बदरपुर में अपराध शाखा ने धर्मवीर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से सवा दो सौ किलोग्राम पटाखे की खेप बरामद की है।

एसीपी गिरीश कौशिक की देखरेख में इंस्पेक्टर विजय पाल दहिया के निर्देशन में पुलिस पुलिस टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद बदरपुर के मोलादबंद इलाके में स्थित इमारत की छत पर स्थित कमरे में छापेमारी करके पटाखों की खेप बरामद करके धर्मवीर को पकड़ा।

# शराब माफिया को पकड़ने गई पुलिस को जान बचाकर खाली हाथ आना पड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** पिछले दो दिनों के अंदर अंदर बदमाशों ने पुलिस को यह दिखा दिया कि वो किसी भी हद तक जा सकते हैं। होगा तो वो पुलिस पर जानलेवा हमला भी कर सकते हैं। बीते सोमवार को फतेहपुर बेरी के चांदन होला इलाके में दोपहर के वक्त पुलिस एक पुख्ता जानकारी के बाद हिस्ट्री शीटर को पकड़ने के लिए गई थी। लेकिन आलम यह हो गया कि पुलिस को अपनी जान बचाकर वहाँ से खाली हाथ आना पड़ा। बेशक अब पुलिस ने जान बचाकर भागे पुलिस वालों की एमएलसी और बयान पर मामला दर्ज कर लिया हो। लेकिन जिस तरह से वारदात का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमे महिलाएं पुलिस से हाथापाई करके हिस्ट्रीशीटर को छुड़वाने की कोशिश कर रही है। जबकि कुछ लड़के रॉड जैसी चीज से पुलिस वालों की गाड़ी को तोड़ते नजर आ रहे हैं। लोगों ने पुलिस वाले को घेर कर बंधक बनाकर खूब मारा । हिस्ट्रीशीटर बिना कमीज के पुलिस की गिरफ्त से भागता हुआ भी दिखाई दिया। पब्लिक के सामने पुलिस लाचार नजर आई। पुलिस को बचने के लिए थाने से स्टाफ को बुलाना तक पड़ गया था। बताया गया कि पुलिस ने करीब दस लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वीडियो भी सबूत के तौर पर जब्त की हैं। छापेमारी कर आरो.



पियों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है।

वहीं राजपार्क में भी सोमवार रात को ऐसा ही कुछ हुआ। उहाँ तो पुलिस पर फायरिंग करने की भी बात सामने आई। पुलिस ने डीडी एंट्री करके करवाई शुरू कर दी। पुलिस की कई पुलिस टीमों को आरोपियों को पकड़ने का जिम्मा सौंपा गया। असल मे रात के वक्त ए ब्लॉक स्थित सब्जी मंडी इलाके में पुलिस टीम एक शराब माफिया को पकड़े गए थी। लेकिन पुलिस से माफिया के परिवार, रिश्तदार और जानकारों से कहासुनी हो गई। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की। अचानक से पुलिस टीम से हाथापाई के बीच पथराव कर दिया। फायरिंग भी करने की बात बताई गई। गनीमत रही कि वारदात में पुलिस को कोई शारिरिक हानि नही पहुँची। पो. लिकर खाली हाथ ही वापिस लौट आई आउट पीसीआर कॉल करके आपबीती बताई। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुँचकर मामले की जा करी ली और कई संदिग्धों को हिरासत में लिया।

# एचउएनउ फ्लू : गंदे हाथों से नाक या आंखों को न छुएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में इन दिनों एच३एन२ फ्लू फैल रहा है। लोकल सर्किल के सर्वे के मुताबिक, बीते कुछ महीनों में यहां ५० से ७०% घरों में कम से कम एक सदस्य फ्लू जैसे लक्षणों से पीड़ित पाया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह वायरस सामान्य फ्लू से कहीं ज्यादा समय तक शरीर को थका सकता है और बच्चों, बुजुर्गों व सांस संबंधी रोगियों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। लोकल सर्किल के ११,००० लोगों पर किए गए सर्वे में पाया गया कि दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, फरीदाबाद और गाजियाबाद में फ्लू का प्रकोप असामान्य रूप से बढ़ा है। ३७% घरों में चार या उससे अधिक लोग बीमार पाए गए। ३२% घरों में एक से तीन लोग बीमार। २५% घरों में कोई भी सदस्य पूरी तरह स्वस्थ नहीं। सितंबर २०२५ के आंकड़े मार्च २०२५ की तुलना में कहीं ज्यादा गंभीर हैं। उस समय ५४% परिवारों ने फ्लू जैसी बीमा. रियों की जानकारी दी थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार एच३एन२ वायरस सतह पर मौजूद प्रोटीन संयोजन से पहचाना जाता है।

## प्रधानमंत्री के जीवन व कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़े के अंतर्गत दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पार्टी कर्ताओं को सेवा प्रेरणा देते हुए प्रथम रक्तदान किया। इसी के साथ दिल्ली भाजपा के सभी 14 संगठनात्मक जिलों में सांसदों एवं जिलाध्यक्षों की अध्यक्षता में रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शि. विरों का आयोजन किया गया। दिल्ली के सभी २५० मंडलों में विधायकों, पार्षदों एवं मंडल अध्यक्षों के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान भी प्रारम्भ किए गए।



प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिवस के मौके पर सैयद शाहनवाज हुसैन, दरगाह हजरत निजामुद्दीन औलिया पहुंचकर चादर और फूलों का नजराना पेश कर पीएम की दीर्घ आयु की दुआ करते हुए।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर ह.निजामुद्दीन औलिया की दरगाह पर चादर पेश की

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रवक्ता सैयद सैयद शाहनवाज हुसैन ने सूफी संत हजरत निजामुद्दीन औलिया की दरगाह पर प्रधानमंत्री की सेहत, सलाम की और लंबी आयु के लिए चादर और फूलों पेश की है। इस अवसर पर बड़ी तादाद में मजार पर हकीदतमंद और श्रद्धालु मौजूद थे।

सैयद शाहनवाज हुसैन ने प्रधानमंत्री के ७५ में जन्मदिवस के मौके पर आज अपराह्न ३ बजे के करीब दरगाह हजरत निजाम. ुद्दीन औलिया पहुंचकर चादर और फूलों का नजराना पेश किया । उन्होंने इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेहत और सलाम के साथ-साथ उनकी लंबी आयु के लिए विशेष दुआएं की।

इस मौके पर बड़ी तादाद में दरगाह में हजरत ख्वाजा निजामुद्दीन औलिया के अकीद. तमंद और उनके मुरीदीन मौजूद थे श। मीडिया से बात करते हुए शाहनवाज हुसैन ने बताया कि वह बड़ी हकीदत और इस्लाम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर हजरत ख्वाजा निजामुद्दीन औलिया के दरबार में हाजिरी देने आए हैं।

# भारद्वाज ने साधा सूर्यकुमार यादव पर निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि सूर्यकुमार, बीसीसीआई और आईसीसी भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच के ब्रॉडकास्टिंग राइट्स से कमाए गए पैसे को २६ महिलाओं को दे दें। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा होता है, तो वह मान लेंगे कि यह मैच पहलगाम के शहीदों को समर्पित था। यह बयान भारत-पाकिस्तान मैच के बाद सूर्यकुमार के उस फैसले पर आया, जिसमें उन्होंने जीत को पहलगाम के शहीदों के नाम समर्पित किया और पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया। भारद्वाज ने तंज कसते हुए कहा, श्मुझे लगता है कि सूर्यकुमार ने पैदा होकर ही भारत पर बहुत बड़ा एहसान कर दिया। ये उनसे भी महान हैं, जिनके बेटों ने सरहद पर कुर्बानियां दी हैं।

उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बीजेपी उनकी महानता का ढोल पीट रही है और सरकार चाहे तो सूर्यकुमार को भारत रत्न दे दे। उन्होंने कहा कि सूर्यकुमार ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ न मिलाकर १४० करोड़ के देश पर बड़ा एहसान किया है। १५ सितंबर को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारद्वाज ने दावा किया कि केंद्र सरकार ने भारी विरोध के बावजूद भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच का आयोजन करवाया। उन्होंने कहा कि दुबई के छोटे से स्टेडियम की सभी टिकटें बिक गईं, लेकिन टिकट खरीदने के बाद भारतीयों की आत्मा जागी और उन्होंने मैच देखने से इनकार कर दिया, क्योंकि इसे देखना देशद्रोही होने के समान समझा गया।

आप नेता ने कहा कि दिल्ली में इस मैच को लेकर जनता में कोई उत्साह नहीं दिखा। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली के इतिहास में पहली बार भारत-पाकिस्तान मैच के बाद कहीं पटाखे नहीं फोड़े गए।

# लड़कियों से छेड़छाड़ करने वाला सुरक्षा गार्ड पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** मॉडल टाउन इलाके में एक स्कूटी सवार लडकी से छेड़छाड़ करने वाले असम के एक मनचले कंगकन नाथ को पुलिस ने १५ दिनों के बाद गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल स्कूटी को भी जब्त कर लिया है। वह अक्सर लड़कियों से छेड़छाड़ करता रहता था। वह सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मॉडल टाउन पुलिस को एक युवती ने छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उसने बताया कि उसके साथ एक अज्ञात स्कूटी सवार ने दो दिनों के अंदर दो बार उसके साथ छेड़छाड़ की है। पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसीपी सुरेश खुंगा की देखरेख में एसएचओ अशोक गिरि के निर्देशन में पुलिस टीम ने मॉडल टाउन, मुखर्जी नगर, सिविल लाइंस, आदर्श नगर और भारत नगर में लगभग ५०० सीसीटीवी कैमरों को स्कैन किया। जबकि डेढ लाख से ज्यादा स्कूटी नंबर का डेटा निकालकर उसपर काम किया। जबकि पुलिस जांच कर रही थी। एक और लडकी की शिकायत मिली। ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली।

# प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** धानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के पावन अवसर पर द्वारा भाजपा शाहदरा जिला द्वारा अटल भवन,१ विज्ञान लोक पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 75 यूनिट ब्लैड डोनेट किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारत सरकार में केन्द्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने विशेष रूप से दिल्ली सरकार की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का हृदय की गहराईयों से धन्यवाद् व आभार व्यक्त किया क्योंकि उन्होंने दिल्ली की जनता के लिए सेवा एवं सामाजिक कल्याण को समर्पित कई नई योजनाओं का शुभारंभ किया। हर्ष मल्होत्रा ने बताया 50,000 वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थियों के नामांकन का शुभारंभ, 150 डायलिसिस मशीनें, 5 अस्पतालों में नए ब्लॉक, दिव्याँग छात्राओं का हॉस्टल, 2 नए वेस्ट टू एनर्जी प्लांटस का शिलान्यास, 101 आयुष्मान आरोग्य मन्दिर, 24 अग्निरक्षक क्विक रिस्पॉन्स वाहन, विशेष देखभाल वाले व्यक्तियों के लिए वित्तीय सहायता योजना, अटल आशा होने, नर्सिंग कॉलेज व हॉस्टल के साथ साथ सावित्री बाई फूले वरिष्ठ नागरिक गृह और विशेष आवश्यकता वाले बच्चे हेतु 10 थेरेपीयूटिक केंद्र का तोहफा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के पावन जन्मदिन पर दिल्ली की जनता को समर्पित किया गया। भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा ने कहा कि शिविर में स्वैच्छिक रक्तदाताओं से रक्त संग्रह किया गया और रक्तदाताओं का ब्लड ग्रुप, मोबाइल नंबर तथा पता पंजीकृत किया गया।

इसका उद्देश्य रक्त की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना है, जिससे इमरजेंसी या अस्पतालों में जरूरत पड़ने पर रक्त तुरंत उपलब्ध हो सके। जन्मदिन के मौके पर 'सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम की शुरुआत की गई है जहाँ कई सार्वजनिक सेवा एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रम होंगे।इसमें स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि शामिल हैं।

भाजपा शाहदरा जिला प्रभारी डॉ अनिल गुप्ता ने बताया कि व्यक्तियों की देखभाल करने वालों की योजना के लिए यह स्पष्ट हुआ है कि पात्र व्यक्ति एक निर्धारित स्तर का दिव्यांग-मान्यता प्राप्त हो (जैसे कि कठिनाई का स्तर) और दिल्ली का निवासी हो।

सरकार एवं प्रशासन सार्वजनिक भागीदारी और सामा. जिक जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# उपराज्यपाल ने नेकदिल लोगों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस मुख्यालय के आदर्श सभागार में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा और दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में, दिल्ली के दोनों पुलिस क्षेत्रों के नेकदिल लोगों को सम्मानित किया और दिल्ली के सभी १५ पुलिस जिलों से खोए/चोरी हुए मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को लौटाए। मुख्य अतिथि दिल्ली के उपराज्यपाल ने तीन महिलाओं सहित तेरह लोगों को उनकी बहाद. ुरी और करुणा के लिए सम्मानित किया, मुख्य अतिथि ने बड़ी संख्या में मोबाइल फोन बरामद करने में उनके योगदान के लिए २२ पुलिस अधिकारियों को भी सम्मानित किया।इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त/अपराध देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने मोबाइल फोन रिकवरी की प्रक्रिया और सीईआईआर पोर्टल पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। दिल्ली पुलिस पीआरओ ने बताया कि मोबाइल फोन के खो जाने या चोरी हो जाने से प्रभावित व्यक्तियों को राहत प्रदान करने की एक बड़ी पहल के तहत, दिल्ली पुलिस ने वर्ष २०२५ में ६४३२ मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

# मरीज की मौत पर अस्पताल में हंगामा

## तीमारदार व अस्पताल के स्टाफ में मारपीट, चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देहात क्षेत्र के गढ़ रोड पर स्थित देवनंदिनी अस्पताल में बुधवार को एक मरीज की मौत के बाद बड़ा विवाद खड़ा हो गया। 60 वर्षीय नरेश चंद शर्मा की मौत के बाद, उनके परिवार ने चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इस दौरान अस्पताल स्टाफ और परिजनों के बीच मारपीट भी हुई, जिसमें तीन लोग घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार मोहल्ला शक्ति नगर के रहने वाले नरेश चंद शर्मा को बुधवार सुबह करीब 7:30 बजे अचानक तबीयत खराब होने पर देवनंदिनी अस्पताल लाया गया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल ने उन्हें दो महंगे इंजेक्शन लाने के लिए कहा और



बताया कि मरीज को दिल का दौरा पड़ा है। करीब ढाई घंटे बाद, डॉक्टरों ने अचानक उनकी मौत की खबर दी। आरोप है कि जब परिजनों ने मरीज को देखने की जिद की, तो बहस शुरू हो गई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। परिवार का आरोप है कि अस्पताल स्टाफ ने उन पर हमला किया, जिसमें दो महिलाओं सहित तीन लोग घायल हो गए। वहीं अस्पताल प्रबंधन ने इन आरोपों को गलत बताया और कहा कि परिजनों ने ही स्टाफ पर हमला किया था। घटना की जानकारी मिलते ही हापुड़ देहात थाना प्रभारी विजय गुप्ता और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे मारपीट के वीडियो को भी अपने कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच जारी है। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं। पुलिस निष्पक्ष जांच कर रही है और मेडिकल रिपोर्ट औरफुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। इस घटना ने स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# केंद्रीय मंत्री का प्रतिनिधि बताकर थाना प्रभारी को धमकाने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना कपूरपुर क्षेत्र में सूफियान हत्याकांड से जुड़े एक मामले में एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस व्यक्ति ने खुद को एक केंद्रीय मंत्री का प्रतिनिधि बताकर कपूरपुर थाना प्रभारी को धमकी दी थी।

मिली जानकारी के अनुसार प्रवीण कुमार नाम के एक व्यक्ति ने कपूरपुर थाना प्रभारी विनोद पांडेय को फोन किया। उसने खुद को कैबिनेट मंत्री का प्रतिनिधि बताते हुए सूफियान हत्याकांड में पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। जब थाना प्रभारी ने बताया कि दो आरोपियों, आशीष और अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया गया है और बाकी की तलाश जारी है, तो प्रवीण ने उन्हें झूठा बताया और धमकी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो इसके बुरे परिणाम होंगे। पुलिस को प्रवीण पर शक हुआ और जांच में पता चला कि वह हाफिजपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है और ब्लॉक में संविदा पर काम करता है। पुलिस ने उसे शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। यह घटना कपूरपुर थाना क्षेत्र के गांव सिरोधन के 25 वर्षीय सूफियान की हत्या से जुड़ी है। अप्रैल 2025 में सूफियान का गांव के ही नितिन उर्फ बाटा जो एक पूर्व जिला पंचायत सदस्य का बेटा है से विवाद हुआ था। इस विवाद के बाद, नितिन ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर सूफियान का नोएडा से अपहरण कर लिया। उन्होंने सूफियान को बुलंदशहर के शिकारपुर थाना क्षेत्र के देवराला जंगल में ले जाकर डंडों से पीट-पीटकर मार डाला और उसके



शव को जला दिया। कपड़ों और जूतों से शव की पहचान हुई। इस मामले में पुलिस ने 10 सितंबर को नितिन समेत 8-9 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। 15 सितंबर को पुलिस ने दो आरोपियों, आशीष और अभिषेक को गिरफ्तार किया और हत्या में इस्तेमाल किया गया डंडा भी बरामद कर लिया। पुलिस की जांच अभी भी जारी है और प्रवीण कुमार की गिरफ्तारी इसी जांच का एक हिस्सा है।

# नगर पालिका सभागार में श्रमिकों को मिला कल्याण बोर्ड का लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर पालिका सभागार में श्रम विभाग द्वारा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें 41 श्रमिक परिवारों को विभिन्न योजनाओं में कुल 27 लाख 50 हजार रुपये का लाभ दिया गया। मुख्य अतिथि विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने कहा कि श्रमिकों का सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने श्रमिकों से योजनाओं का लाभ उठाने और बच्चों की शिक्षा व स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने का आहवान किया।

कार्यक्रम में कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत 20 श्रमिकों को 11 लाख रुपये, मातृ शिशु बालिका



मदद योजना में 10 लाभार्थियों को दो लाख 86 हजार रुपये, निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना में छह लाभार्थियों को 13 लाख 50 हजार रुपये और संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पांच लाभार्थियों को 14 हजार रुपये की राशि वितरित की गई। भाजपा के पूर्व मंत्री पवन त्यागी ने बताया कि कार्यक्रम में कुल 41 श्रमिक परिवारों को 27 लाख 50 हजार रुपये का लाभ पहुंचा हैं। इस अवसर पर सहायक श्रमायुक्त सर्वेश कुमारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी ऊषा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी विजयपाल,भाजपा के पूर्व मंत्री पवन, नगर पालिका प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रमिक मौजूद रहे।

# देहरादून में बादल फटने से हापुड़ निवासी युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तराखंड के देहरादून में मंगलवार रात को बादल फटने से हुई भारी बारिश और उसके बाद की बाढ़ ने पूरे क्षेत्र में कहर बरपाया। इस त्रासदी में हापुड़ जिले के बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के सरावनी गांव के 18 वर्षीय मोहम्मद कैफ की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार कैफ देहरादून में टाइल्स लगाने का काम करता था और अपने भाई गुड्डू के साथ ग्रीन वैली पीजी में रह रहा था। भारी बारिश के कारण पास की तमसा नदी का जलस्तर बढ़ गया, जिससे कैफ की पांच मंजिला बिल्डिंग की नींव कमजोर हो गई और वह नदी में समा गई। कैफ मलबे में दबकर मारा गया और बाद में एसडीआरएफ ने उसका शव



बरामद किया। उसका भाई गुड्डू, जो दरवाजे के पास था, गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कैफ अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था और कुछ महीने पहले ही रोजगार के लिए देहरादून गया था। उसकी आकस्मिक मौत से परिवार और गांव में शोक की लहर है।

## पीएम के जन्मदिवस पर टीवी रोगियों को वितरित की गई पोषण किट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सिंभावली में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार नामक एक विशेष कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस पहल के तहत, क्यूब रूट फाउंडेशन ने क्षय रोग यानी टीबी से पीड़ित लोगों को पोषण किट वितरित की गई। यह आयोजन बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी और जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान 100 टीबी रोगीयों को पोषाहार यानी पोषण पोटली वितरित की गई। जिसका उद्देश्य टीबी रोगियों को बेहतर पोषण प्रदान करना है। क्यूब रूट फाउंडेशन अप्रैल से ही हर महीने टीबी रोगियों को पोषण किट दे रहा है, और सितंबर में यह छठी बार वितरण था। इस सप्ताह गढ़मुक्तेश्वर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी 150 टीबी रोगियों को पोषण किट दी जाएगी। जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी ने इस अवसर पर टीबी रोग के लक्षण और बचाव के बारे में भी जानकारी दी। यह कार्यक्रम टीबी रोगियों के पोषण और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, और यह प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा का भी एक हिस्सा है।

# वामा सारथी द्वारा महिला पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के लिए लगा मुफ्त स्वास्थ्य जाँच शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के मेरठ रोड पर स्थित रिज़र्व पुलिस लाइन में बुधवर को वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा महिला पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के लिए एक मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन वामा सारथी की अध्यक्षा मीना सिंह ने किया।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य महिला पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना था, क्योंकि अक्सर ड्यूटी की व्यस्तता के कारण वे अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। अध्यक्षा मीना सिंह ने इस पहल की सराहना



करते हुए कहा कि महिला पुलिसकर्मी और उनके परिवार पुलिस संगठन की रीढ़ हैं, और उनका स्वास्थ्य संगठन की प्राथमिकता है। इस शिविर में भाग लेने वाले पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों ने इस प्रयास को बहुत उपयोगी बताया और वामा सारथी की सराहना की।

# विभु बंसल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से दिया महिला स्वास्थ्य सशक्तिकरण का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल ने किया। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक लगातार चलेगा और इसके माध्यम से महिलाओं और परिवारों को स्वास्थ्य सेवाओं की समस्त सुविधाएं कैंप के आधार पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल ने कहा कि यह अभियान महिलाओं को सशक्त बनाने और परिवारों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण प्रयास है। अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं, माताओं और



बच्चों के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच, परामर्श, टीकाकरण और अन्य जरूरी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सीएचसी प्रभारी डा. शेखर ने कहा कि आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं सीधे कैंप के माध्यम से लें। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अभियान में भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ अवश्य लें। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी डा. चंद्रभान सिंह तोमर, डा. प्रियंका दुबे, मनीष माहेश्वरी, कमल सैनी और समाजसेवी शशांक मित्तल उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पटाखे की आवाज निकाली तो बाइक होगी सीज: सीओ स्तुति सिंह

**रोबिन शर्मा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** मोटरसाइकिल से पटाखे जैसी आवाज निकाली तो सीज करने की कार्रवाई तो होगी ही साथ ही चालक और मोटरसाइकिल के मिस्त्री के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। तहसील क्षेत्र में पटाखा की आवाज करने वाली मोटर साइकिलों की भरमार हो गई। जिससे लोगों ने परेशान होकर अधिकारियों से शिकायत की थी।



पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अभियान शुरू कर दिया है। कोतवाली पुलिस ने पिछले एक महीने में ही कई मोटरसाइकिलें सीज कर दी थीं। जिससे हड़कंप मच गया। अब कोतवाली पुलिस ने तहसील क्षेत्र में ऐसे बाइक चालको और मिस्त्रियों को चेतावनी दी हैं कि क्षेत्र में पटाखे वाली मोटरसाइकिल पकड़े जाने पर चालक एवं मोटरसाइकिल के मिस्त्री के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीओ स्तुति सिंह का कहना है कि उन्होंने ऐसे लोगों को चेतावनी दी हैं। कि अगर किसी भी मोटरसाइकिल में पटाखा चलाता हुआ पकड़ा गया तो उसकी मोटरसाइकिल सीज कर बाइक चालक और मिस्त्री के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र के लोगों की मदद करने वाले किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**गढ़मुक्तेश्वर।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने गढ़मुक्तेश्वर खादर क्षेत्र में मदद करने वाली समस्त टीम को किसान भवन सिसौली बुलाकर सम्मानित किया।

नरेश टिकैत ने कहा किसानों को हर संभव मदद सिसौली से भेजी जाएगी उन्होंने कहा बाढ़ पीड़ित किसानों की फसल जो पूर्ण रूप से नष्ट हो चुकी है, प्रशासन जल्द से जल्द उसका मुआवजा किसानों को दें। अन्यथा आंदोलन के लिए तैयार रहे। इस दौरान नरेश टिकैत ने जीते चौहान एवं समस्त टीम को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप टिकैत टीम के संघर्ष योद्धा हो किसान मजदूर हित में भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा ऐसे ही कार्य करते रहो। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने मेरठ मंडल मुख्य महासचिव दिनेश त्यागी, मेरठ मंडल अध्यक्ष यूथ जीते चौहान, मेरठ मंडल प्रवक्ता यूथ नवदीप सिंह, सेवाराम चौहान मंडल संयोजक, सुनील चौहान बलेश लोधी, मनोज प्रधान ,बलप्रीत सिंह, नवजोत सिंह ,सुरेंद्र सिंह ,धर्मवीर सिंह, परमजीत सिंह पावटी सहित सभी को सम्मानित किया।

### महिला सुरक्षा को लेकर थानों में क्राइम अगेंस्ट वीमेन यूनिट बनाने के डीआईजी ने दिए आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए डीआईजी रेंज मेरठ कलानिधि नैथानी ने रेंज के सभी जिलों के थानों में क्राइम अगेंस्ट वीमेन यूनिट बनाने का आदेश दिया है। यह कदम अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर उठाया गया है।



डीआईजी कलानिधि नैथानी ने यूनिट के गठन को लेकर बताया कि सभी थानों में 19 सितंबर 2025 तक महिलाओं और बच्चियों से संबंधित अपराधों की पीड़ितों के लिए एक विशेष यूनिट का गठन किया जाएगा। इस यूनिट का प्रभारी न्यूनतम उप निरीक्षक स्तर का होगा और इसमें कुशल पुलिसकर्मियों को शामिल किया जाएगा। हर थाने में इस यूनिट के लिए एक अलग से कक्ष बनाया जाएगा, जिसमें महिलाओं की समस्याओं को सुनने और उनकी मदद करने के लिए पर्याप्त संसाधन होंगे। उन्होंने बताया कि यह नई यूनिट, जिसे महिला सुरक्षा केंद्र भी कहा जा रहा है, थाने में एक पुलिस चौकी की तरह काम करेगी। इसका मुख्य काम महिला पीड़ितों को उनके आगमन से लेकर उनकी मानसिक और शारीरिक स्थिति सामान्य होने तक 360-डिग्री काउंसलिंग, मार्गदर्शन, सहयोग और संरक्षण प्रदान करना है। यह पहल पुलिस थानों में महिला पीड़ितों को एक सुरक्षित और समर्पित स्थान प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है, ताकि वे बिना किसी झिझक के अपनी शिकायतें दर्ज करा सकें।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का हुआ शुभारम्भ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़ नगर के मौहल्ला आदर्श नगर पश्चिम में स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गढ़ पर देश के प्रधानमंत्री के दिशा क्रम में स्वस्थ नारी सशक्त अभियान का शुभारम्भ भाजपा सभासद अंकित कंसल द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर किया गया। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की प्रभारी डा. ऋचा श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट राकेश कुमार व अन्य स्टाफ ने अतिथियों का स्वागत किया तथा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की समस्त जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभासद विनय सागर, मिलिन एड़वोकेट, सतेन्द्र, लोकेश, कुलदीप शर्मा, आकाश आदि मौजूद रहे।

# जीएस विवविद्यालय में स्वस्थ नारी- सशक्त नारी अभियान की हुई शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जीएस विश्वविद्यालय ने भारत सरकार के स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के तहत स्वस्थ नारी सशक्त नारी अभियान की शुरुआत की। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सशक्त बनाने का संदेश देना था।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र कश्यप, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण और दिव्यांगजन सशक्तिकरण थे। इस दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि एक स्वस्थ महिला ही एक सशक्त महिला होती है, और सशक्त महिला ही परिवार और समाज की प्रगति का आधार है। जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने जीएस विश्वविद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्थान समाज को अच्छी शिक्षा और चिकित्सा देकर आगे बढ़ रहा है। विश्वविद्यालय की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट शशि शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच की सराहना की और अपनी सास को धन्यवाद दिया, जिन्होंने उनके पति गंगा शरण शर्मा को जन्म दिया। इस अभियान के दौरान महिलाओं को पोषण, प्रसवपूर्व और प्रसवोत्तर देखभाल, स्तन और गर्भाशय कैंसर की जांच, मानसिक स्वास्थ्य और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने मुफ्त परामर्श और जांच भी प्रदान की। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, वाइस प्रेसीडेंट, प्रो वाइस कांसलर और कई अन्य



वरिष्ठ सदस्य भी उपस्थित थे।

# समाजवादियों ने मनाई भगवान विश्वकर्मा की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के बुलंदशहर रोड पर स्थित समाजवादी पार्टी के हापुड़ जिला कार्यालय में, जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर के नेतृत्व में भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उन्होंने भगवान विश्वकर्मा के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर ने कहा कि वेदों और पुराणों के अनुसार, भगवान विश्वकर्मा ने मानव जीवन की उत्पत्ति से पहले देवताओं के लिए विभिन्न पुरियों का निर्माण किया, जिनमें इंद्र पुरी, यम पुरी, और कुबेर पुरी शामिल हैं। इसके अलावा, उन्होंने कई महत्वपूर्ण वस्तुओं का भी निर्माण किया, जैसे कमंडल, सुदर्शन चक्र, त्रिशूल, कवच-कुण्डल, पुष्पक विमान। आनंद गुर्जर ने बताया कि भगवान



विश्वकर्मा ने ब्रह्मा, शिवजी, सरस्वती और लक्ष्मी जैसे देवी-देवताओं की उत्पत्ति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने मानव जाति को आजीविका कमाने के लिए औजार देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया, यही कारण है कि उन्हें महान शिल्पकार और देवताओं के वास्तुकार के रूप में पूजा जाता है। इस अवसर पर सभी ने अपने औजारों की भी पूजा की, जो उनकी आजीविका का साधन हैं। इस कार्यक्रम में अख्तर मलिक, राजेश यादव, आदेश गोस्वामी, कमल मंसूरी, वसीम मेवाती, जाहिर पहलवान, महेंद्र सिंह तोमर, लबी तोमर, अय्यूब सिद्दीकी, इकबाल कुरेशी, हेमंत गुप्ता, जयबीर सिंह और पुरुषोत्तम वर्मा एडवोकेट सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय खिलाडी को पगड़ी बांधकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र के करीमपुर गाँव निवासी जयप्रकाश यादव किसान की 16 वर्षीय बेटी ने एशियन कैडेट्स एंड जूनियर जूडो चैंपियनशिप जकार्ता इंडोनेशिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर भारत का मान बढ़ाया है। देवआदित्य जूडो एकेडमी के इंडोर स्टेडियम में निकिता के सम्मान में जन सैलाब उमड़ पड़ा सैकड़ों अभिभावकों ने पुष्पवर्षा और माल्यार्पण के साथ निकिता को सम्मानित किया।

इस अवसर पर गढ़ विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया ने पगड़ी बांधकर निकिता और कोच प्रमोद व सुबोध यादव को सम्मानित किया। कार्यक्रम में कवि राजकुमार हिंदुस्तानी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कविता का एकल कविता



पाठ कर जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया। गढ़ विधायक ने कहा बेटियाँ दो कुल का गहना हैं। खेल के क्षेत्र में बेटियाँ कीर्तिमान रच रही हैं। अध्यक्षता करते हुए प्रबंधक राजेंद्र चौधरी ने कहा कि गढ़ के खिलाडी ओलम्पिक जीतकर इतिहास रचेंगे। इस अवसर पर सैकड़ों अभिभावकों के साथ क्षेत्र के गणमान्य जन और राष्ट्रीय खिलाडी मौजूद रहे।

# नारी को विशेष रूप से मिले स्वास्थ्य सुविधा: गडकरी

■ अगर घर में नारी सशक्त, तो परिवार सशक्त होगा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** सेक्टर-62 में राष्ट्रीय जैविक संस्थान (NIB) में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने "स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार" अभियान की भव्य शुरुआत की। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, सांसद डॉक्टर महेश शर्मा और विधायक पंकज सिंह भी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और उनके आत्मनिर्भर भारत के सपनों को पूरा करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार का आधार है। यदि घर में नारी सशक्त होगी तो पूरा परिवार सशक्त बनेगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि नारी को विशेष रूप से सभी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी चाहिए। यह कदम न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करेगा बल्कि परिवार और समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। भूटान के प्रधानमंत्री द्वारा सुझाए गए "Domestic Happy Human Indeñ" का हवाला देते हुए गडकरी ने बताया कि इस इंडेक्स के माध्यम से यह मापा जाता है कि नागरिकों को स्वास्थ्य, शिक्षा, रोटी-कपड़ा-मकान और बुनियादी सुविधाएं कितनी मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य इस इंडेक्स में प्राथमिकता है और देश में गरीब और मजदूर वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

**राष्ट्रीय जैविक संस्थान और रिसर्च का भविष्य:** केंद्रीय मंत्री ने इस अवसर पर एनआईबी की विशेष भूमिका का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि यह संस्थान जैविक क्षेत्र में विशेष रिसर्च करती है और भविष्य में वर्ल्ड क्लास रिसर्च का केंद्र बन सकती है। कैंसर, हार्ट और अन्य गंभीर बीमारियों के समाधान के लिए न केवल आधुनिक विज्ञान बल्कि वैदिक चिकित्सा क्षेत्र में बदलाव और संशोधन की भी आवश्यकता है। गडकरी ने आशा व्यक्त की कि इस दिशा में काम करके गरीबों और समाज के प्रत्येक वर्ग को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

**आशा और प्रतिबद्धता का संदेश:** उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी और सशक्त परिवार की अवधारणा केवल एक योजना नहीं है, बल्कि समाज को मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस अभियान से महिलाओं की स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार होगा और परिवारों का जीवन स्तर ऊँचा उठेगा।

# भाजपा ने सेवा पखवाड़ा स्वच्छता अभियान किया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आज माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नोएडा सेक्टर-33 के इस्कॉन मंदिर एवं रॉकवुड पब्लिक स्कूल में आयोजित स्वच्छता अभियान में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर ने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं सफाई कर्मियों के साथ सहभागिता की कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा महानगर के महामंत्री गणेश जाटव, मंडल अध्यक्ष दीनबंधु एवं पूरी मंडल की टीम उपस्थित रही, इस अवसर पर उन्होंने कहा कि



स्वच्छता ही सेवा हैख्रयह जनांदोलन मोदी जी की उस अदम्य ऊर्जा और संकल्प का प्रतीक है। जिसने भारत को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया है। उनका व्यक्तित्व केवल राजनीति तक सीमित नहीं, बल्कि एक प्रेरणास्रोत है जिसने हर भारतीय को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए जागरूक किया है।

# जनसुविधा केंद्र में लगी आग लाखों का सामान खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित मानस अस्पताल के समीप स्थित जनसुविधा केंद्र में बुधवार सुबह अचानक आग लग गई। सुबह लगभग 7 बजे लगी आग ने देखते ही देखते पूरे केंद्र को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पाकर दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

गामा-1 में रहने वाले जनसुविधा केंद्र के मालिक अमित भाटी ने बताया कि सूरजपुर स्थित उनके केंद्र का संचालन पुनीत भाटी करते हैं। सुबह किरायेदारों ने अचानक दुकान में धुआं निकलते देखा और उन्हें सूचना दी। तुरंत मौके पर पहुंचकर उन्होंने दमकल विभाग को खबर दी। जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचीं। आसपास के लोगों ने शटर का ताला तोड़ने और आग बुझाने का प्रयास किया। आग से केंद्र के दो लैपटॉप, दो प्रिंटर, दो डेस्कटॉप, बड़ी फोटो कॉपी मशीन, स्टेशनरी सामग्री, जरूरी दस्तावेज, इनवर्टर बैटरी और कूलर पूरी तरह जलकर खाक हो गए। फर्नीचर और अन्य सामान भी आग की चपेट में आ गया। आग से उन्हें लगभग पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

वहीं, सूरजपुर कोतवाली पुलिस और दमकल विभाग के मुताबिक आग लगने का कारण शॉर्टसर्किट है। घटना के समय केंद्र बंद था। जिसके चलते कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर घटना की जानकारी दर्ज कर ली है।

# अदालत परिसर से दो फर्जी जमानती गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** पुलिस ने जिला न्यायालय में एक आरोपी की जमानत देने पहुंचे दो आरोपियों को मंगलवार को कोर्ट परिसर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से कूटरचित आधार कार्ड, जमानत संबंधी फर्जी प्रपत्र बरामद किए। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-58 में दर्ज एक मुकदमे के आरोपी आकाश की जमानत पर मंगलवार को कोर्ट में सुनवाई थी। आरोपी की जमानत लेने के लिए अशोक उर्फ अश्वनी और मोनू कोर्ट में पेश हुए। अदालत में गवाही के दौरान जज को दोनों पर संदेह हुआ तो उनके दस्तावेजों की जांच करवाई गई।





इसमें दोनों के दस्तावेज फर्जी पाए गए। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए दोनों आरोपी मोदी नगर गाजियाबाद के रहने वाले हैं। अदालत में गवाही के दौरान अशोक उर्फ अश्वनी ने खुद को दिनेश कुमार और मोनू ने अपने आप को राकेश कुमार बताया। दोनों के पिता का नाम एक था। दोनों सगे भाइयों द्वारा एक साथ आरोपी की गवाही देने पर जज को संदेह हुआ। इसके बाद दोनों का फर्जीवाड़ा पकड़ा गया। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि पकड़े गए दोनों आरोपी सगे भाई नहीं हैं, जबकि कोर्ट में गवाही देने के लिए सगे भाई बनकर पहुंचे थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ सत्र लिपिक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया। न्यायालय ने दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## एक नजर

### बरौला गांव के बड़े पार्क में पौधारोपण

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-49 बरौला गांव के बड़े पार्क में बुधवार को प्राधिकरण की एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ पौधरोपण किया। पार्क में फलदार और छायादार चार सौ से अधिक पौधे लगाए गए। वहीं, समाजसेवी अनिल चौधरी ने बताया कि प्राधिकरण अधिकारियों से पार्क में नियमित घास की कटाई और देखरेख करने की मांग की।

### प्रॉपर्टी डीलर और उसके साथी पर धमकी देने का केस

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** फ्लैट मालिक ने अपनी अनुमति के बिना टोकन मनी के रूप में 11 हजार रुपये लेने और विरोध करने पर जान से मारने धमकी देने के मामले में प्रॉपर्टी डीलर और उसके साथी के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-45 निवासी अभय प्रताप सिंह ने पुलिस को शिकायत दी कि उनका ईस्ट सफायर सोसाइटी में फ्लैट है। इसे बेचने को लेकर उनकी बात प्रॉपर्टी डीलर रिशी शर्मा से हुई। बाद में अभय ने फ्लैट बेचने से इनकार कर दिया। आरोप है कि इसी माह की सात तारीख को रिशी शर्मा ने बिना अभय प्रताप की अनुमति के विवेक कुमार नामक व्यक्ति से फ्लैट बेचने के एवज में टोकन मनी के रूप में 11 हजार रुपये ले लिए। इस फर्जीवाड़े में मोहित चौहान नामक व्यक्ति ने प्रॉपर्टी डीलर की मदद की। अभय प्रताप ने जब दोनों से इस संबंध में जानकारी करनी चाही तो प्रॉपर्टी डीलर और उसके साथी ने गाली-गलौज कर अभय प्रताप, उसकी पत्नी और बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में रिशी शर्मा और मोहित चौहान के खिलाफ नामजद केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बाप-बेटे पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेनो वेस्ट के जलपुरा गांव निवासी महिला ने पड़ोसी और उसके दो पुत्रों पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सेक्टर ईकोटेक-3 कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जलपुरा गांव में रहने वाली शशि की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। शशि का आरोप है कि उसके पड़ोस में रहने वाले राजू ने अपने बेटे नितेश और नितिन के साथ मिलकर उससे मारपीट की। आरोपियों ने घर में घुसकर महिला, उसके पति और बच्चों को बुरी तरह पीटा।
मारपीट में महिला को चोटें आईं। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### प्राधिकरण के बाहर महिलाओं ने भीख मांग जताया विरोध

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** महिला शक्ति उत्थान मंडल के पदाधिकारी बुधवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बाहर भीख मांग कर विरोध जताने के लिए पहुंचे। विरोध की जानकारी होने पर अधिकारियों ने पदाधिकारियों को मिलने के लिए बुलाया। सदस्य रूपा गुप्ता ने बताया कि हम लंबे समय से मांग कर रहे हैं कि निर्धन और बिन मां बाप की बच्चियों के विवाह में सामुदायिक भवन निशुल्क में दिया जाए। 2013 में हमारी मांग मानी गई और 10 प्रतिशत पर हमें सामुदायिक भवन उपलब्ध कराया गया,लेकिन 2019 में अचानक ही पूरा शुल्क देना होगा ऐसा नियम बना दिया। हम लोग 2019 से बराबर ये मांग करते रहे। कोई नतीजा नहीं निकला है। तब आज हमें यह तरीका अपनाना पड़ा। सीईओ शहर से बाहर थे तो गिरीश झा से बात हुई है। उन्होंने हमें आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि सीईओ के आते ही एक बैठक कराई जाएगी। सामुदायिक भवन पूर्णत निशुल्क हो। इसके लिए इस प्रस्ताव को बोर्ड मीटिंग में रखा जाएगा। यदि हमारी मांग नहीं मानी गई तो हम प्रदेश के मुखिया के दरबार में गुहार लगाएंगे। इस मौके पर शांति त्रिपाठी, सुशीला गड़ोदिया, मंजू सिरोही,महेश अग्रवाल, गुड्डी वर्मा,नीरा डांगुर,अंजू पुंडीर,गीता मिश्रा, ज्योति सिंह, संतोष,रेखा नागर, रूपा गुप्ता,हरीश कसाना,आलोक नागर आदि ने दान लेने व देने में सहयोग किया।

### डेंगू के 13 नए मरीज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** मलेरिया विभाग ने बुधवार को डेंगू के 13 नए मरीजों की पुष्टि की। इनमें से तीन का इलाज अस्पताल में चल रहा है। सभी मरीजों की हालत स्थिर है। जिले में कुल मरीजों की संख्या 283 हो गई है। इनमें ज्यादातर स्वस्थ हो चुके हैं। अन्य का इलाज चल रहा है। नए मरीजों के घर और आसपास दवाओं का छिड़काव करा दिया गया है। सितंबर महीने में अब तक 204 मरीजों की पुष्टि हो चुकी है यानि प्रत्येक दिन औसतन 12 मरीजों की पुष्टि हुई। मलेरिया विभाग ने हॉट स्पॉट चिह्नित करने के लिए सर्वे शुरू कर दिया है। संवेदनशील स्थानों पर अभियान चलाया जाएगा।

# ऑटोमोबाइल सेंटर पर मारपीट

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र में एक ऑटोमोबाइल सर्विस सेंटर पर जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। यह घटना 14 तारीख को हुई और इसका वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस के अनुसार, नरेश भाटी और विकल भाटी, जो रिश्ते में चाचा-भतीजा हैं, के बीच दादरी थाना क्षेत्र में एक जमीनी विवाद चल रहा है। इसी विवाद को सुलझाने के लिए दोनों पक्ष युगल ऑटोमोबाइल्स में बातचीत करने के लिए एकत्रित हुए थे।बातचीत के दौरान विकल भाटी पक्ष के लोगों ने नरेश भाटी पर हमला कर दिया और उनके साथ मारपीट की। इस हमले में नरेश भाटी उर्फ बबलू भाटी घायल हो गए।

# 30 अक्टूबर को होगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के यमुना सिटी में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन 30 अक्टूबर को होगा। उद्घाटन के मद्देनजर जमीन पर तैयारियों का खाका खींचा जाना शुरू हो चुका है। कार्यक्रम स्थल से लेकर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और जनसभा की व्यवस्था तक हर पहलू पर अधिकारियों ने रणनीति बनानी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एयरपोर्ट उद्घाटन में बतौर चीफ गेस्ट शामिल होंगे। वह एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। यीडा के सीईओ राकेश कुमार सिंह व एयरपोर्ट के नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया ने मंगलवार को संभावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में उद्घाटन कार्यक्रम से जुड़ी व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।जेवर में बन रहा यह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा एनसीआर का दूसरा और उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। अधिकारियों के मुताबिक निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण में है और लगभग सभी प्रमुख हिस्से तैयार हो चुके है। अनुमान है कि अक्टूबर तक एयरपोर्ट उड़ानों के संचालन के लिए तैयार हो जाएगा।

**आमंत्रण भेजा गया:** प्रदेश सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उद्घाटन समारोह के लिए आमंत्रण भेजा गया है। फुल-स्केल ग्राउंड प्लानिंग अमल में लाई जा रही है। सूत्रों की मानें तो उद्घाटन समारोह को भव्य बनाने के लिए न केवल जिला प्रशासन बल्कि राज्य और केंद्र सरकार के विभिन्न विभाग तालमेल के साथ काम कर रहे है। कार्यक्रम के दौरान आने वाले अतिथियों की सुरक्षा, आगंतुकों की आवाजाही और यातायात प्रबंधन के लिए विशेष प्लान तैयार किया जा रहा है।

# औद्योगिक इकाइयों में डेढ़ महीने से डोर टू डोर सर्वे, प्राधिकरण अंजान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर में औद्योगिक क्षेत्र की मौजूदा स्थिति और विकास का रुझान जानने के लिए औद्योगिक इकाइयों का डोर टू डोर सर्वे पिछले डेढ़ महीने से चल रहा है। इनवेस्ट यूपी से करवाए जा रहे इस सर्वे में कई टीमें हर दिन अलग-अलग फैक्ट्री में पहुंच रही हैं। लेकिन सर्वे में निकल कर क्या आ रहा है। कितनी इकाइयों का सर्वे हो गया है। इसकी कोई जानकारी नोएडा प्राधिकरण के पास नहीं है। इनवेस्ट यूपी की तरफ से सर्वे कर रही एजेंसी क्या रिपोर्ट शासन में भेज रही है। इसकी भी जानकारी प्राधिकरण को नहीं मिल पा रही है। बुधवार को प्राधिकरण के औद्योगिक विकास विभाग की बैठक में यह मुद्दा उठा।

इनवेस्ट यूपी का यह सर्वे डोर टू डोर कंपनियों में हो रहा है। पहुंचने वाली टीमें मौके पर इकाई की स्थिति, प्लॉट पर निर्माण, बिजली खपत, उत्पादन और रजिस्ट्रेशन देख रही हैं। नोएडा क्षेत्र में करीब 11098 छोटी बड़ी औद्योगिक इकाईयां हैं। बहुत सी औद्योगिक इकाई ऐसी हैं जिनका जीएसटी, शॉप या फैक्ट्री एक्ट में रजिस्ट्रेशन ही नहीं है। ऐसे में इनके उत्पादन व कारोबार की गणना ही नहीं हो पाती है। कई ऐसे औद्योगिक प्लॉट हैं जिनमें एक से ज्यादा दो या तीन औद्योगिक इकाई भी चल रही हैं। ऐसे में सर्वे को जाने वाली टीम हर एक औद्योगिक प्लॉट का वास्तविक डेटा मौके से तैयार करेगी। अगर जो कागजों पर संचालन दिखाया गया है और मौके पर औद्योगिक इकाई बंद पड़ी है तो यह भी पता चलेगा।

**उद्यमी भी पूछ रहे सवाल, प्राधिकरण भी पहुंच रहे:** कंपनियों-फैक्ट्रियों का डोर टू डोर सर्वे उद्यमियों के बीच भी चर्चा का विषय बना हुआ है। कई उद्यमी यह जानना चाह रहे हैं कि आखिर उनकी इकाई के बारे में क्या जानकारी सर्वे में निकल कर सामने आई है। यह जानने के लिए जब प्राधिकरण पहुंच रहे हैं तो वहां भी कोई जवाब नहीं मिल पा रहा है।

# नारी सशक्त होगी तो परिवार संस्कारवान होगा : बृजेश सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दादरी में सशक्त नारी, सशक्त परिवार कार्यक्रम का उद्घाटन लोक निर्माण विभाग और गौतमबुध नगर के प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि देश में नारी सशक्त होगी तो परिवार संस्कारवान होगा। बुधवार को उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दादरी में कहा कि सशक्त परिवार का निर्माण होना चाहिए। इस अवसर पर विधायक तेजपाल सिंह नागर, जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, चेयरमैन गीता पंडित, जिला पंचायत सदस्य देवा भाटी, समर पाल चौहान, ईश्वर भाटी, दीपक भारद्वाज, रामकुमार वर्मा, दीपक नागर, अभिषेक कौशिक, राजीव सिंहल, संगीता रावल, सीमा सिंह, ईश्वर वर्मा आदि उपस्थित रहे।



# फरार चल रहे गैंगस्टर के आरोपी को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-58 थाने की पुलिस ने फरार चल रहे गैंगस्टर के आरोपी प्रवेश कुमार उर्फ प्रवेज कुमार को मंगलवार को दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2009 में गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज हुआ था। वह पिछले कुछ वर्षों से न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। आरोपी मूलरूप से जिला बुलंदशहर के जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के नाहरपुर गांव का रहने वाला है। वर्तमान में गाजियाबाद की प्रताप विहार कॉलोनी में रहता है। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# स्टाफ सीमित, मरीज अपार, नहीं मिल रहा समय से उपचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाएं सुधरने के बजाए बिगड़ती ही जा रही है। क्षेत्रों में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त स्टाफ तक नहीं है। रबूपुरा और जेवर में सीमित स्टाफ के भरोसे ही स्वास्थ्य केंद्र संचालित हो रहे हैं। जिस वजह से मरीजों को उपचार मिलने में विलंब होता है।

गांवों में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) पर बेहद सीमित स्टाफ कार्यरत है। जिससे ग्रामीणों को बुनियादी इलाज तक के लिए भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से अतिरिक्त चिकित्सकों, स्टाफ नर्सों और वार्ड बॉय की तैनाती की मांग की जा रही है लेकिन स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नतीजतन क्षेत्र की बड़ी आबादी को इलाज के लिए मजबूरी में जिला अस्पताल का रुख करना पड़ रहा है। यमुना सिटी के जेवर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तो जब भी स्टाफ है लेकिन रबूपुरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्थाएं बेहद प्रभावित हैं। वहीं प्रशिक्षित स्टाफ की कमी भी परेशानी बढ़ा रही है।

**मरीजों को किया जा रहा हायर सेंटर रेफर:** जेवर और रबूपुरा में रोजाना ओपीडी के दौरान लगभग दो सौ मरीज पहुंच रहे हैं। जिसमें से काफी मरीजों को हायर सेंटर भी रेफर कर दिया जाता है। कारण है स्वास्थ्य केंद्रों में उचित व्यवस्थाएं न होना। चिकित्सक और स्टाफ की कमी होने के अलावा गंभीर मरीजों को उपचार देने की व्यवस्था भी स्वास्थ्य केंद्रों में नहीं हैं। उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया जाता है।

# गोशाला की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-14 ए के सामने बनी गोशाला के संचालकों को गोशाला की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। बुधवार को नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग के निरीक्षण में यहां गंदगी की समस्या मिली थी। अधिकारियों ने बताया कि गोशाला में कई जगहों पर सफाई की जरूरत पाई गई। इसलिए सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए। गोशाला में गोवंश के लिए भूसा-चारा और पेयजल की स्थिति संतोषजनक रही। गौरतलब है कि 700 गोवंश क्षमता वाली इस गोशाला का संचालन नोएडा प्राधिकरण एक एनजीओ से करवा रहा है। मौजूदा समय में गोशाला में करीब 730 गोवंश हैं। प्रति गोवंश प्रतिदिन का प्राधिकरण 50 रुपये एनजीओ को चारा-पानी के लिए भुगतान करता है। सोमवार को उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने इसी गोशाला का निरीक्षण किया था। गोवंश को दिए जाने वाला भूसा कई जगह पर खराब मिला था। इसके बाद उन्होंने व्यवस्था सुधार के निर्देश दिए थे।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# आकर्षक नंबरों की नीलामी प्रक्रिया कल से शुरू होगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** हल्के वाहनों की नई सीरीज यूपी 16एफडी गुरुवार को जारी होगी। लोग परिवहन विभाग की वेबसाइटwww-parivahan-gov-in पर शुक्रवार से आकर्षक और अति आकर्षक नंबरों की नीलामी में हिस्सा लेने के लिए पंजीकरण करा सकेंगे। अधिकारियों के अनुसार नई सीरीज नवरात्रि में ही खत्म होने की संभावना है।

आरटीओ प्रशासन डॉ. सियाराम वर्मा ने बताया कि आकर्षक नंबरों की नीलामी में हिस्सा लेने के लिए चार दिन पंजीकरण के बाद उसके अगले तीन दिन तक नंबरों के लिए बोली लगेगी। तीसरे दिन शाम छह बजे परिवहन विभाग की वेबसाइट पर लोग नीलामी के नतीजे देख सकेंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद बचे आकर्षक नंबरों के लिए फिर से पंजीकरण और बोली की प्रक्रिया शुरू होगी।

इसके बाद जितने आकर्षक नंबर बचेंगे, उन्हें पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर वाहन मालिक बुक कर सकेंगे। इसमें नंबरों के लिए निर्धारित आधार मूल्य ही वाहन मालिकों को बुक करना होगा। वहीं, सीरीज के सामान्य पसंदीदा नंबर भी बुक करने की सुविधा है। इसमें दोपहिया वाहन के लिए एक हजार रुपये और चार पहिया वाहन के लिए पांच हजार रुपये शुल्क निर्धारित है। प्रत्येक सीरीज में आकर्षक और अति आकर्षक नंबरों से अधिक सामान्य पसंदीदा नंबर बुक होते हैं।

# विकास भवन में किसान दिवस का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जनपद के कृषकों की कृषि से समबन्धित समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया जाता है। उक्त कम में आज जिलाधिकारी के निर्देशन में विकास भवन स्थित सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया।





उप कृषि निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि प्रगतिशील कृषकों ने किसान दिवस में सम्मिलित होते हुए अपनी समस्याओं को बैठक में रखा। इस कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा प्राकृघतिक खेती विषय पर कृषकों के मध्य जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया गया व बताया गया कि किस प्रकार विकास खण्ड जेवर स्तर पर नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना के तहत प्राकृतिक खेती से 1250 कृषकों को जोड़ा गया है। साथ ही कार्यकम में सम्मिलित समस्त प्राकृतिक खेती के इच्छुक कृषकों को प्राकृतिक खेती के मुख्य घटकों यथा जीवामृत, धनजीवामृत, बीजामृत, निमास्त्र एवं ब्रहमास्त्र आदि से परिचित कराया गया। साथ ही सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधन, सहकारिता द्वारा 12 सितम्बर से 12 अक्टूबर तक संचालित महासदस्यता अभियान के विषय में भी जानकारी दी गयी व बताया गया कि किस प्रकार सहकारी समिति सदस्यता मात्र 226 रुपए में प्राप्त कर कृषक व पशुपालक डी०ए०पी व यूरिया प्राप्त करने हेतु वरीयता पा सकते है व अन्य लाभों से लाभान्वित हो सकते हैं।

कृषकों की सहायता हेतु आयोजित इस किसान दिवस कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र से जुड़े विभागों के अधिकारी जिसमें सिचाई, ऊर्जा एवं कृषि उत्पादन शाखा से जुड़े विभाग जैसे कृषि, उद्यान, मतस्य, दुग्ध उत्पादन पशुपालन आदि विभागों के अधिकारियों व एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी के क्षेत्रीय प्रबंधक भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान अधिकतर कृषकों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया व 01 कृषक की वर्षा जल के भराव के कारण हुए कटाव से क्षतिग्रस्त मार्ग को ठीक करवाये जाने से सम्बन्धित शिकायत के निराकरण हेतु कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी। अन्त में उप कृषि निदेशक गौतमबुद्धनगर द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी कृषकों व कर्मचारी/अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की गयी।

# किसान दिवस का बहिष्कार कर किसानों ने किया हंगामा

## जिला अस्पताल में चल रहे कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री व सांसद से मिलने गए किसानों की पुलिस से हुई धक्का-मुक्की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को विकास भवन सभागर में आयोजित किसान दिवस के दौरान एनएचएआई के अधिकारियों के खिलाफ किसानों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन विकास भवन में शुरू हुई और बाद में किसान जिला अस्पताल पहुंचे, जहां पुलिस से उनकी झड़प भी हुई।

किसानों ने विकास भवन सभागार से बाहर निकलकर प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी से मिलने का फैसला किया। वे अपनी समस्याओं को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां मंत्री का कार्यक्रम चल रहा था। पुलिस ने किसानों को रोकने का प्रयास किया, जिससे दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की हुई। अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद स्थिति शांत हुई। किसानो ने जिला अस्पताल में ही धरना दे दिया, लेकिन मंत्री और सांसद अपनी-अपनी कारो में बैठकर किसानों की समस्याएं बिना सुने ही चले गए, जिससे किसान आक्रोशित हो गए। मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने किसानों को उनकी सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद किसान वापस विकास भवन सभागार में लौटे और किसान दिवस में हिस्सा लिया। इस दौरान किसानों ने एनएचएआई अधिकारियों की लापरवाही पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने आवारा पशुओं, बकाया गन्ना भुगतान और विद्युत संबंधी समस्याओं को लेकर भी अधिकारियों का घेराव किया। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे। भारतीय किसान यूनियन एनसीआर के अध्यक्ष प्रदीप धामा ने कहा कि किसानों की लगातार अनदेखी हो रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि अब मिले आश्वासन पर काम नहीं हुआ तो किसान एक बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे। इस दौरान प्रताप गुर्जर, प्रदीप धामा, बिजेंदर सिंह, भीम , विक्रम, हरपाल, हिम्मत सिंह, देवेंद्र आदि किसान संगठन के लोग मौजूद रहे।













## खिलाडियों को ट्रॉफी व मैडल से किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** अंडर 14 आयु वर्ग नेशनल एथिलिट्स गौल्ड मैडलिस्ट जनपद की खिलाडियों का ट्रॉफी व मैडल देकर सम्मानित किया।

यह ऐथलीट प्रतियोगता ऑल इंडिया स्कूल गेम्स के तहत गोवा में आयोजित हुई थी, जिसमें जनपद के कौताना गांव की काजल ने अंडर 14 आयु वर्ग में बागपत व प्रदेश की तरफ से 1600 व 200 मीटर में गोल्ड मैडल तथा रोनक कोताना ने 400 मीटर में गोल्ड व अंशिका लुहारा ने 12 आयु वर्ग में 1600 मीटर व फराह लुहारा ने 13 आयु वर्ग में 1600 मीटर में गौल्ड मैडल जित कर जनपद का नाम रोशन किया। उनकी उपलब्धि पर उनके आज जनपद में लौटने पर बड़ौत रेलवे स्टेशन पर बड़ौत श्रमिक एसोशिएशन के अध्यक्ष प्रवीण कुमार वर्मा व कानूनी सलाहकार शिक्षक नेता जितेन्द्र तोमर ने फुलमाला भेंटकर तथा ट्राफी व मैडल भेट कर स्वागत किया। इस दौरान विरेन्द्र शर्मा रेलवे स्टेशन दुर्गा मंदिर पुजारी अमरपाल शर्मा प्रदीप सोनपाल विनित वर्मा व कोच दिपक सरोहा कोच युसुफ मलिक मौजूद रहे।

## डीएम ने किया विकास भवन में विभिन्न विभागों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने विकास भवन में स्थित विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम सहित कई महत्वपूर्ण कार्यालयों का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालयों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन कर अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति की स्थिति जानी तथा नियमित रूप से समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कर्मचारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और लाभार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी साझा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता के हित में संचालित कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन ही प्रशासन की प्राथमिकता है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## जब हमारी महिलाएँ स्वस्थ होंगी तभी परिवार सशक्त और राष्ट्र समृद्ध होगा: मोदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर और 8वें राष्ट्रीय पोषण माह 17 सितंबर से 16 अक्टूबर का शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश के धार जिले से राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्घाटन किया और उनका लाइव संबोधन जनसमूह ने उत्साह के साथ सुना।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह अभियान नारी शक्ति को केंद्र में रखकर शुरू किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकसित भारत के चार स्तंभों में नारी शक्ति, युवा शक्ति, किसान और गरीब तभी सशक्त होंगे जब हर महिला स्वस्थ होगी और हर बच्चा पोषित होगा। प्रधानमंत्री ने स्वदेशी अपनाने, जीवनशैली में सुधार लाने और सामूहिक भागीदारी से विकसित भारत अभियान में योगदान देने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पूरे देश की माताओं और बहनों के लिए है। जब हमारी महिलाएँ स्वस्थ होंगी तभी परिवार सशक्त होंगे और राष्ट्र समृद्ध होगा। जनपद प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने कहा कि यह अभियान जनभागीदारी से जनस्वास्थ्य का राष्ट्रीय महाअभियान है। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि गाँव-गाँव और घर-घर तक स्वास्थ्य और पोषण सेवाएँ पहुँचें। सांसद राजकुमार सांगवान ने कहा कि यह पहल नारी सशक्तिकरण और मातृ-शिशु स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का ऐतिहासिक कदम है। इस दौरान जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों एवं स्टॉल्स पर लोगों को स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई जिसका प्रभारी मंत्री एवं अन्य गणमान्य ने निरीक्षण किया। शिविरों में लोगों की मौके पर ही जांच की गई एवं आयुषमान भारत जैसी विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पूरे जिले में जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर प्रतिदिन स्वास्थ्य शिविर आयोजित होंगे। महिलाओं के लिए व्यापक स्वास्थ्य सेवाएँ जैसे ईएनटी, नेत्र, दंत, रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर स्क्रीनिंग स्तन एवं गर्भाशिय ग्रीवा, गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच, टीकाकरण, एनीमिया स्तर जांच, टीबी व सिकल सेल रोग की जांच तथा टेली-मानस परामर्श जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी।

## पेड़ से बाइक टकराने पर युवक घायल, उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** मुबारिकपुर मार्ग पर रात्रि एक बाईक सवार युवक की बाईक पेड़ से टकरा गयी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे दिल्ली के तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी जिससे परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। कस्बें के लोग पीड़ित परिजनों को सांत्वना देने मे लगे है।



रटौल निवासी गुलफाम खेती बाड़ी का काम करता है। उसने मुबारिकपुर के जंगल मे धान की फसल बो रखी है। रात्रि नो बजे उसका पुत्र 17 वर्षीय फैजान उसका खाना लेकर बाईक से उसे देने गया था जब फैजान वापस बाईक द्वारा लौट रहा था तो रटौल मुबारिकपुर मार्ग पर मोड़ के पास उसकी बाईक एक पेड़ से टकरा गयी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने देखा तो उसे तुरंत रटौल नीजि चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचे जहां से उसे दिल्ली के तेग बहादुर अस्पताल में परिजनों द्वारा भर्ती कराया जहां सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी जिसमे परिजनों में कोहराम मच गया कस्बें के लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने मे लगे है।

## जिला महिला चिकित्सालय में मनाया 31बच्चियों का कन्या जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्म उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि जनपद प्रभारी मंत्री, राज्य मंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास विभाग उत्तर प्रदेश सरकार जसवंत सिंह सैनी व सांसद राजकुमार सांगवान ने इस विशेष अभियान के अंतर्गत बुधवार को 31 नवजात कन्याओं का स्वागत किया और केक काटकर सेलिब्रेट किया। उनके परिवारजनों को उपहार वितरित किए। जिला महिला चिकित्सालय में 31 बच्चियों का कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कन्याओं को बेबी किट, एक पौधा मां के नाम से और स्लीपिंग बेड का केक कटवा कर वितरण किया गया।



जिलाधिकारी ने महिलाओं और बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, और सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील भी की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी भी दी गई। उन्होंने कहा सरकार जन्म से लेकर शिक्षा तक शादी विवाह तक व्यक्ति के अंत तक हर योजना के अंतर्गत लाभ देने के लिए तत्पर है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा.अनुराग, मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा, डिप्टी सीएमओ डा. यशवीर, जिला प्रोबेशन अधिकारी अमरचंद वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## नि:स्वार्थ भाव से करें रक्तदान: जसवंत सैनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान पखवाड़ा के शुभारंभ के अवसर पर जिला अस्पताल के बल्ड बैंक में विशेष रक्तदान शिविर का शुभारंभ प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने किया।




प्रभारी मंत्री ने रक्तदान के सामाजिक महत्व पर जोर देते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है। उन्होंने सभी नागरिकों, युवाओं, समाजसेवी संस्थाओं से आहवान किया कि वे नि:स्वार्थ भाव से रक्तदान करें, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। रक्तदान शिविर में कुल 15 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। ब्लड बैंक की टीम ने सभी रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच करके सुरक्षित रूप से रक्त संग्रहण किया। सभी रक्तदाता को तत्परता और मानवता सेवा के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, ताकि समाज में अन्य लोगों को भी इस नेक कार्य के लिए प्रेरित किया जा सके। जिला रक्तकोष प्रभारी ऐश्वर्या चौधरी ने बताया कि बल्ड बैंक में नियमित रक्तदान शिविर आयोजित होता है जिसमें जनपद के रक्तवीर कभी भी स्वैच्छिक रक्तदान कर सकते है। उन्होंने रक्तदाताओं से आहवान किया कि वह बल्ड बैंक की डोनर सूची में अवश्य अपना नाम लिखाए ताकि कभी भी आपात स्थिति में जरूरत पड़ने पर रक्तदान हेतु उनसे संपर्क किया जा सके। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल, मुख्य विकास अधिकारी नीरज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीण अधिकारियों के लगा रहे चक्कर, समस्याओं का नहीं हुआ आज तक कोई समाधान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** हजूराबाद गढ़ी में तालाब के ओवरफ्लो होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तालाब का पानी गांव की गलियों में बह रहा है। इससे गंदगी फैल रही है और संक्रमित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

ग्रामीण शौकीन, अमित और गौरव ने बताया कि तालाब का पानी मुख्य मार्ग तक पहुंच गया है। उन्होंने कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अधिकारियों की लापरवाही के विरोध में ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने तालाब की सफाई कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही तालाब की सफाई नहीं होती है, तो वे फिर से प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

## विकास भवन में आयोजित विशेष प्रदर्शनी का प्रभारी मंत्री ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सेवा पर्व के पावन अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा विकास भवन में आयोजित विशेष प्रदर्शनी ने जनपदवासियों का भरपूर ध्यान आकर्षित किया है। यह प्रदर्शनी 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 02 अक्टूबर तक चल रही है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना और उन्हें सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करना है।

प्रदर्शनी का उद्घाटन औद्योगिक विकास एवं संसदीय कार्य राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी ने किया। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, महिला सशक्तीकरण, स्टार्टअप एवं स्वरोजगार सहित शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र से जुड़ी तमाम योजनाओं की विस्तृत जानकारी रोचक पोस्टरों के माध्यम से दी जा रही है। जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी ने बताया कि यह प्रदर्शनी 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आयोजित होगी जिसमें 25 सितंबर को दीनदयाल उपाध्याय जयंती एवं 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जयंती पर विशेष कार्यकम होंगे। इस विशेष प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थी, युवा, किसान, महिलाएं सभी आकर योजनाओं की जानकारी ले सकते है एवं विकसित उत्तर प्रदेश विजन डॉक्यूमेंट हेतु अपने सुझाव भी दे सकते है। प्रदर्शनी में प्रत्येक कॉर्नर पर योजनाओं की भरपूर जानकारी दी गई है। यहां आकर लोग विकसित बनने की ओर अग्रसर भारत की जीवंत तस्वीर देख सकेंगे और निश्चित ही एक मजबूत प्रेरणा लेकर लौटेंगे। विशेष आकर्षण बना हसमर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश /2047 अभियान का स्टॉल, जहाँ राज्य युवा पुरस्कार से सम्मानित अमन कुमार के सहयोग से आगंतुकों ने विकसित उत्तर प्रदेश के लिए अपने सुझाव ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कराए। साथ ही हर दिन सैकड़ों आगंतुकों को सूचना विभाग की संदेश पत्रिका वितरित की जा रही है, जिससे योजनाओं की व्यापक जानकारी जन-जन तक पहुंच रही है। यह प्रदर्शनी आने वाले दिनों में भी जनहितकारी रूप में युवाओं, किसानों, महिलाओं और विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बनी रहेगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी अस्मिता लाल, पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व पंकज वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र अभिजीत से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

रामकिशोर पुत्र कृष्णपाल सिंह निवासी ग्राम कासिमपुर खेडी थाना रमाला जनपद बागपत।

## एक नजर

### महिला पर युवक से मस्जिद में निकाह कर धर्म परिवर्तन करवाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां लोनी निवासी 19 वर्षीय उज्जवल को पड़ोस में रहने वाली एक तलाकशुदा महिला ने कथित तौर पर अपने प्रेम जाल में फंसाया। आरोप है कि महिला ने उज्जवल का मसूरी गांव की मस्जिद में निकाह कराया और उसका धर्म परिवर्तन भी करवाया। पीड़ित परिवार ने खेकड़ा कोतवाली पहुंचकर आरोपी महिला और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उज्जवल के माता-पिता, किरण और रमेश ने पुलिस को बताया कि महिला की उम्र करीब 35 वर्ष है और वह तलाकशुदा है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके बेटे को जबरन प्रेम जाल में फंसाया गया और गलत तरीके से निकाह कराया गया, जिसमें महिला के पिता और दो भाई शामिल थे। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए गाजियाबाद के लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर अपनी टीम के साथ खेकड़ा थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस टीम से मामले में सख्त कार्रवाई करने की मांग की। विधायक ने बागपत पुलिस अधीक्षक को भी फोन पर पूरी जानकारी दी और तत्काल कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल, उज्जवल अपने परिवार के साथ है, लेकिन वह इस मामले पर कुछ भी बताने को तैयार नहीं है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### मंदिर से खडाऊ चोरी करने वाली महिला को पुलिस ने पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** फुलैरा गांव मे स्थित दादी महाराज मंदिर से एक महिला चांदी के खडाऊ चोरी कर ले गयी थी। पुलिस ने चोरी करने वाली महिला को पकड़ लिया है, जिसके खिलाफ थानें में मुकदमा दर्ज किया गया है। फुलैरा गांव में स्थित दादी महाराज मंदिर से पांच दिन पहले एक महिला चांदी के खडाऊ चोरी कर ले गयी थी जो सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गयी थी। 12 सितम्बर को कृष्णपाल उर्फ लल्लू ने थाना चांदीनगर मे अज्ञात महिला के खिलाफ तहरीर दी थी जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुट गयी थी। मुखबिर ने पुलिस को बताया कि एक सुनार चोरी की गयी। खडाऊ को खरीदने जा रहा हो धोली प्याऊ चौकी ईन्चाज विकुल कुमार ने घेराबंदी कर महिला और उक्त सुनार को दबोच लिया जिनके पास से कटी हुई खडाऊ और पांच हजार रूपये बरामद किये गये। पकड़ी गयी महिला ने अपना नाम सबीना पत्नी गुड्डू निवासी अमन गार्डन लोनी और पकड़ा का व्यक्ति राकेश वर्मा निवासी वेस्ट ज्योति नगर दिल्ली ग्राम मकरेडा थाना मुरादनगर बताया पकड़े के दोनो के खिलाफ थानें मे मुकदमा कायम किया गया है।

### भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र में भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई गई। यज्ञ हवन करते हुएभगवान विश्वकर्मा पर पुष्प अर्पित किए। नगर के प्राचीन विश्वकर्मा मंदिर पट्टी मेहर में विश्वकर्मा पूजा करते हुए श्रद्धालुओं द्वारा वैदिक यज्ञ संपन्न हुआ मंत्रोच्चार के साथ वैदिक यज्ञ विश्व शांति के लिए आहुतियां डाली गई। भगवान विश्वकर्मा को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इसके अलावा नगर के बावली रोड गौशाला में गौमाताओं की पूजा करते हुए गौ माता के गले में पटका एवं मालाये पहनकर गौ माता की पूजा की गई। इस मौके पर कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि अश्विनी तोमर ने किया। इसके अलावा शहर के विभिन्न मार्ग को धर्मशालाओं मंदिरों में भी विश्वकर्मा जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। शहर के समस्त लोगों ने यज्ञशाला में यज्ञ हवन किया। इस मौके पर बाबूराम शर्मा विनोद कुमार अशोक कुमार देवेंद्र कुमार प्रमोद कुमार अरुण कुमार दीपक शर्मा कपिल शर्मा सचिन शर्मा राजू शर्मा विधान शर्मा आदि श्रद्धालु मौके पर मौजूद रहे।

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप), न्यायालय श्रीमान जिला जज महोदय बागपत।

सिविल निगरानी संख्या-32 सन् 2025 मौहम्मद बदर बनाम अब्दुल खालिक आदि, नियत तिथि 30.9.2025, 1.आस मौहम्मद पुत्र उमरदीन निवासी निकट मस्जिद, खेडा मस्तान, तहसील व जिला शामली, हाल निवासी मौहल्ला नई बस्ती, उत्तरी बाजार कस्बा अमीनगर सराय, तहसील व जिला बागपत।, 2.श्रीमति जाहिदा पुत्री उमरजान पत्नी मौहम्मद हसन निवासी मौहल्ला रंगरेज, निकट मस्जिद शेख वाली, ग्राम एलम, तहसील व जिला शामली।, 3.शहाजहां पुत्री उमरजान पत्नी साजिद निवासी मौहल्ला पठानकोट कस्बा बडौत, तहसील बडौत, जिला बागपत।, 4.श्रीमति सईदा पुत्री अहमद हसन पत्नी नूर मोहम्मद रंगरेज निवासी सी-3, गली नं0 6, ज्योति कालोनी, शाहदरा दिल्ली।, 5.श्रीमति जैतुन पुत्री अहमद हसन पत्नी मौहम्मद युनुस निवासी मौहल्ला गाडोवाला, शिव मंदिर, गंगोह रोड, मानक मऊ, तहसील व जिला सहारनपुर।, 6.श्रीमति खातून पुत्री अहमद हसन पत्नी मौहम्मद युसुफ निवासी मौहल्ला मोमीन नगर, निकट मस्जिद तेलीयान, गंगोह रोड, मानक मऊ, तहसील व जिला सहारनपुर। -विपक्षी संख्या 3, 4, 6, 8,9 व 10, चूंकि ऊपरी नामांकित मौहम्मद बदर ने इस न्यायलाय मे यह सिविल निगरानी दायर की है। अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस निगरानी के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए बतारीख 30.9.2025 को बरवक्त 10 बजे दिन में स्वयं या सम्यक रूपेण अनर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त निगरानी को एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज बतारीख 15.09.25 को जारी किया गया।, सदर मुन्सरिम जिला न्यायालय बागपत।

### एक दिवसीय जागरुकता शिविर कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** बुधावा को मण्डलीय कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, मेरठ द्वारा ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत एक दिवसीय जागरुकता शिविर कार्यक्रम का आयोजन नेहरु रोड पर किया गया। उक्त कार्यक्रम में संजीव कुमार त्यागी कार्यकारी ने ग्रामोद्योग विकास योजना में दिये जाने वाले टूल किट के बारे में जानकारी दी और अखिलेश कुमार, वरिष्ठ कार्यकारी ने पीएमई जीपी के बारे में जानकारी दी। रेनू, बैंक आफ बडोदा, बडौत ने लोन सम्बन्धित जानकारी दी।

# संघर्ष के दूसरे दिन शांत रहा सलावा, भारी पुलिस बल तैनात

## पुलिस ने आठ लोगों को किया गिरफ्तार, मौके पर पहुंचे आला अधिकारी

### आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव सलावा में मंगलवार रात्रि हुए ठाकुर व मुस्लिम पक्ष के बीच विवाद के दूसरे दिन गांव में सन्नाटा पसरा रहा। घटना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने गांव के लोगों के साथ वार्ता करते हुए कड़ी कार्रवाई करने कर आश्वासन दिया। दिनभर गांव में पुलिस बल तैनात रहा। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा कायम करते हुए आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

गौरतलब है कि मंगलवार रात्रि करीब 11 बजे थाना क्षेत्र के गांव सलावा में ठाकुर समाज व मुस्लिम समाज के बीच कहासुनी के बाद बवाल हो गया था। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में पथराव व धारदार हथियार चले थे। ठाकुर समाज के घायल युवकों ने थाने पर पहुंचकर रात्रि में तहरीर देते हुए मुकदमा कायम कराया था। इस मामले में पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराते हुए मेडीकल में रेफर कराया था। दो अलग अलग सम्प्रदाय होने की वजह से गांव में तनाव फैल गया था। रात्रि में ही कई थानों की पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर एसएसपी विपिन टांडा ने शांति बनाने का प्रयास किया था। बुधवार सुबह गांव में सैकड़ों की संख्या मे ग्रामीण एकित्र हो गए और घटना पर कड़ी नाराजगी जताई। सूचना पाकर डीएम बीके सिंह एसएसपी विपिन टाडा, एसपी देहात राकेश कुमार सिंह, सीओ आशुतोष कुमार, एसडीएम उदित नारायण सेंगर, इंस्पेक्टर सरधना प्रताप सिंह गांव में पहुंचे। वहां पीड़ित पक्ष व ग्रामीणों ने रात की घटना के बारे में अधिकारियों को बताया और आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर व रासुका समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा लिखने की मांग की। साथ ही दूसरे पक्ष के मकानों की जांच कराने व तालाब पर बनाने की भी शिकायत की। जिस पर अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया। अधिकारियों की मौजूदगी में ही पुलिस ने आरोपियों के घर की तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान गांव में कई थानों की फोर्स के साथ भारी संख्या में पीएसी तैनात रही। इस शाम तक मामले में पुलिस ने मुकदमा कायम करते हुए आठ लोगों को हिरासत में ले लिया थ। फिलहाल गांव में शांतिपूर्ण माहौल बना हुआ है।





व्यथा सुनाती मुस्लिम समाज की महिलाएं।



घटना की जानकारी लेने पहुंचे संगीत सोम।

### मुस्लिम पक्ष के लोगों ने भी दी थाने पर तहरीर

सरधना। सलावा गांव में हुए मुस्लिम व ठाकुर समाज के पक्ष के बीच विवाद के अगले दिन मुस्लिम पक्ष के लोगों ने भी थाने पर पहुंचकर तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। मुस्लिम पक्ष की महिलाओं ने बताया कि रात्रि करीब 11 बजे दूसरे पक्ष के लोग शराब पीकर गाली-गलौच कर रहे थे जिसके विरोध में उनके परिवार के साथ घर में घुसकर मारपीट व पथराव किया गया। महिलाओं का आरोप था कि पुलिस की मौजूदगी में ही दूसरे पक्ष के लोगों ने उनके साथ मारपीट की, दूसरे पक्ष की हमले से आसिया, सन्नों, आरिफ, नाजिम आदि को चोंटे आईं। मुस्लिम पक्ष की तरफ से उस्मानी पुत्री अबरार ने थाने पर तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है।

### घटना के बाद गांव पहुंचे पूर्व विधायक ठा. संगीत सोम

सरधना। सलावा गांव में हुए दो पक्षों के बीच विवाद के बाद बुधवार देर शाम गांव में पहुंचकर पूर्व विधायक व भाजपा नेता ठाकुर संगीत सोम ने पीड़ित पक्ष के लोगों से मुलाकात करते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही का भरोसा दिलाया। संगीत सोम ने कहा कि इस तरह को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## सरधना में स्वस्थ नारी सक्षम परिवार कार्यक्रम का आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरधना पर आज स्वस्थ नारी सक्षम परिवार कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका सरधना की चेयरमैन सबीला बेगम के प्रतिनिधि शावेज अंसारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों व स्थानीय लोगों की मौजूदगी रही।

शावेज अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और समृद्ध समाज की नींव है। उन्होंने महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण पर विशेष बल देते हुए कहा कि समय पर लगाए गए टीके न केवल बीमारियों से बचाते हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी स्वस्थ बनाते हैं। उन्होंने आम जनमानस से आग्रह किया कि इस पखवाड़े के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच और अन्य चिकित्सीय सेवाओं का लाभ जरूर उठाएं। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी दी तथा बताया कि स्वस्थ नारी सक्षम परिवार अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सेहत, बच्चों के सम्पूर्ण टीकाकरण और परिवार को रोगमुक्त बनाना है। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने भी स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी जानकारी प्राप्त की और आश्वासन दिया कि वे आसपास की अन्य महिलाओं को भी इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगी।




## राज्यमंत्री चौ. यशवीर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर काटा केक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को राज्य मंत्री (दर्जा प्राप्त) चौधरी यशवीर सिंह ने जनपद मेरठ के जानी ब्लॉक के अपने कैंप कार्यालय जानी में सेवा पखवाड़ा के तहत वृक्षारोपण कर हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन केक काट कर मनाया। इस अवसर पर मंत्री ने सेवा पखवाड़ा के उद्देश्यों और प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के महत्व पर चर्चा करते हुए सभी क्षेत्र वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष मनोज चौधरी, जिला मंत्री ब्रजवीर सैनी, ओबीसी मोर्चा जिलाअध्यक्ष आयुष चपराना, मंडल प्रभारी राहुल डाडरा, वरिष्ठ भाजपा कर्यकर्ता मुनेश बाफर, संजय चौधरी, राकेश कश्यप समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामवासी मौजूद रहे।

## एजीआईएफ 2025 में लैपटॉप, टैबलेट और ऑडियो डिवाइसेस पर 75 प्रतिशत तक की छूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल (एजीआईएफ) 2025 की शुरुआत 23 सितंबर 2025 से होगी, जिसमें लैपटॉप, टैबलेट, हेडफोन और ऑडियो डिवाइसेस की विस्तृत रेंज पर शानदार ऑफर मिलेंगे। प्राइम सदस्यों के लिए सेल 24 घंटे पहले शुरू होगी। ग्राहक गेमिंग लैपटॉप, बिजनेस नोटबुक, प्रीमियम टैबलेट, वायरलेस ईयरबड्स और प्रोफेशनल ऑडियो इक्विपमेंट जैसे प्रोडक्ट्स चुन सकते हैं जो उनकी लाइफस्टाइल को बेहतर बनाएंगे। इस अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में बैंक डिस्काउंट के साथ कई इलेक्ट्रॉनिक्स कैटेगरी और अन्य प्रोडक्ट्स पर जबरदस्त बचत का मौका मिलेगा।

## भाकियू (अराजनैतिक) की पंचायत, किसानों ने सरकार को चेताया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की मासिक पंचायत कमिश्नरी पार्क में जिला अध्यक्ष कालू प्रधान के नेतृत्व व बाबा रिशिपाल अहलावत की अध्यक्षता में हुई। पंचायत में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। किसानों ने स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध करते हुए 6200 रु. सर्विस चार्ज वापस लेने, आवारा पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान और गन्ने का मूल्य 500 रु. प्रति क्विंटल घोषित करने की मांग की। यूनियन ने स्पष्ट कहा कि यदि समय रहते मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# राज्यपाल ने बिलाल को गोल्ड मेडल से किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** नगर के युवक को राज्यपाल ने गोल्ड मेडल से सम्मानित कर हौंसला बढ़ाया। यह सम्मान लखनऊ में आयोजित दीक्षांत समारोह में दिया गया। गोल्ड मेडल मिलने के बाद परिवार में खुशी का माहौल है व शुभचिंतकों की ओर से शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा हुआ है।

अटौरा रोड़ निवासी एम बिलाल मंसूरी पुत्र उस्मान ने डॉक्टर शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्विद्यालय लखनऊ से परास्नातक समाजकार्य कोर्स किया है। जिसमें बिलाल ने अपनी कक्षा में दिव्यांग श्रेणी में सर्वाधिक 7.62 सीजीपीए हासिल किए हैं। मंगलवार को विश्वविद्यालय के अटल ऑडिटोरियम में आयोजित दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन ने अध्यक्षता की, मुख्य तिथि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय आयुक्त दिव्यांगजन एस गोविंदराज रहे, अतिथि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश मंत्री नरेंद्र कश्यप व कुलपति संजय सिंह रहे। यह पहली बार है कि विश्विद्यालय में दिव्यांग व गैर दिव्यांग छात्रों की अलग अलग मेडल लिस्ट बनाई गई है जिससे दिव्यांगो का भी हौंसला बढ़ें। बिलाल बहु विकलांगता से ग्रस्त है। जिस कारण गैर दिव्यांग छात्रों के मुकाबले आहिस्ता लिखता हैं लेकिन दिव्यांगों की अलग श्रेणी बनने पर बिलाल को गोल्ड मेडलिस्ट चुना गया जिससे बिलाल बहुत खुश है और राज्यपाल का आभार व्यक्त किया। बिलाल पहले से ही सामाजिक कार्य के प्रति जुझारू रहा है। जनहित की शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रदूषण व अन्य समस्याओं को प्रमुखता से प्रशासन के समक्ष उठाते हैं। बिलाल ने बताया कि अपने इसी सामाजिक कार्य को पेशेवर और बेहतर ढंग से करने के लिए मैंने समाज कार्य डिग्री को चुना था।

आपको बता दें कि बिलाल ने जामिया मिल्लिया से ग्रेजुएशन में मास मीडिया का कोर्स किया है। बिलाल अपने यूट्यूब चैनल एम बी एम हिंदी न्यूज के माध्यम से पत्रकारिता भी करते हैं तथा दिव्यांगों के हित के लिए विकलांग अधिकार एवं उत्थान समूह भी चलाते हैं। बिलाल ने इस अवार्ड के श्रेय पर कहा कि अल्लाह का शुक्र है कि मुझे इससे नवाजा गया। उसके बाद इसका श्रेय माता पिता, भाई बहन, शिक्षक, रिश्तेदार, व शुभचिंतकों की दुआओं का परिणाम है। बिलाल आगे कहते हैं कि मैं अपने कार्य को ऊंचाई तक ले जाने के लिए जल्द ही एक सामाजिक गैर सरकारी संस्था की स्थापना भी करने जा रहा हूँ जिसके माध्यम से लोगों को शैक्षिक, स्वास्थ्य, रोजगार व अन्य आवश्यक लाभ दिलाने व उनकी समस्या के समाधान के लिए कार्य किया जाएगा। बिलाल के पिता उस्मान ने कहा कि लोग ज्यादा से ज्यादा सैलरी की तरफ अपने बच्चों को दौड़ाते हैं लेकिन मुझे खुशी है कि मेरा बेटा अपनी पढ़ाई के साथ जनसेवा भी करता है। मैं तो चाहता हूं कि यह आगे और भी पढ़ना चाहे तो पढ़ें। लेकिन मैं सिर्फ पैसा कमाने के पक्ष में नहीं हूँ। बल्कि इंसानियत के लिए भी कार्य करना चाहिए। समाज कार्य विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह, प्रोफेसर डॉ. रुपेश कुमार सिंह व डॉ. मनीष द्विवेदी ने कहा कि जब हमारे छात्रों को अवॉर्ड मिलता है तो उसकी खुशी सिर्फ छात्रों को ही नहीं बल्कि शिक्षकों को भी होती है। विभाग के लिए यह गर्व की बात है कि समाज कार्य में तीन गैर दिव्यांग व दो दिव्यांगो को भी मेडल मिला है। जिसमें बिलाल भी शामिल है। बिलाल पहले दिन से बहुत जुझारू है और बहुत लगाव से पढ़ता और सीखता है।





## भाजपाइयों ने स्वच्छता अभियान चलाकर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपने जीवन का पल-पल और शरीर का कण-कण निःस्वार्थ भाव से राष्ट्र की सेवा में लगा देने वाले, देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर दौराला चौराहा स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर और पार्क में स्वच्छता अभियान चलाकर केक काटकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने 75वां जन्मदिन दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहार भराला के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष शिवकुमार राणा व विशिष्ट अतिथि सिवाल खास विधानसभा प्रत्याशी मनिंदर पाल सिंह रहे। इस मौके पर गन्ना समिति अध्यक्ष भूपेंद्र अहलावत, दौराला नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र पाल सिंह, भूमि विकास बैंक चेयरमैन हरेंद्र चौधरी, मंडल महामंत्री रवि पूनिया, कोऑपरेटिव चेयरमैन सुरेंद्र अहलावत, धर्मेंद्र अहलावत, विक्रांत अहलावत, संजय नामदेव, प्रदुम्न जैन, मनोज अहलावत, डॉ. धनेश कुमार, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, विपिन चौधरी, अवनीश अहलावत, अक्षय गुप्ता, मिंटू कश्यप, सोनू प्रजापत आदि मौजूद रहे।



## बस में सीट से उठाने का विरोध करने पर छात्र के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** मवाना-फलावदा मार्ग पर प्राइवेट बस में छात्र को सीट से उठाने का विरोध करने पर मारपीट हो गई। छात्रों ने सीट पर बैठे दूसरे छात्र पर हमला करके उसे घायल कर दिया। पुलिस ने उसे उपचार के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में थाने पर नामजद तहरीर दी गई है।

ग्राम नगला एजदी निवासी जुबैर पुत्र जावेद बड़ा गांव निवासी अपने साथी कामरान के साथ प्राइवेट बस में सवार होकर जा रहा था। उसने बताया कि जब बस बालमुकुंद जनता इंटर कॉलेज सनौता के पास पहुंची तो बस में सवार ग्राम मंदवाडी तथा ग्राम कुंडा के छात्रों ने उसे जबरन सीट से उठाने का प्रयास किया। इनकार करने पर आरोपी छात्रों ने उस पर हमला कर दिया। वह घायल हो गया। आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित छात्रा ने पीआरवी को सूचना देकर पुलिस बुला ली। पुलिस ने उसे उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया। घटना के संबंध में पीड़ित छात्रा ने नामजद तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों को तलाश किया जा रहा है।



## कस्बा रामराज में धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** हस्तिनापुर रोड रामराज में स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर परिसर में मंदिर समिति के तत्वाधान में भगवान विश्वकर्मा जयंती बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई। मुख्य यजमान डॉक्टर प्रदीप धीमान एवं उनकी धर्मपत्नी मोनिका धीमान रही। पंडित विजय प्रकाश बसलीयाल द्वारा वैदिक मंत्र द्वारा हवन पूजन वह यज्ञ किया गया। जिसमें भारी संख्या में उपस्थित लोगों ने यज्ञ में आहुति दी और आरती के बाद भगवान को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। श्रीविश्वकर्मा समाज सेवा समिति के अध्यक्ष केपी सिंह धीमान ने बताया कि सनातन धर्म मंदिर परिसर में भगवान विश्वकर्मा मंदिर की स्थापना सन् 2013 में मंदिर समिति के सहयोग से हुई थी। तभी से हर वर्ष विश्वकर्मा जयंती का कार्यक्रम सनातन धर्म मंदिर समिति व विश्वकर्मा समाज व अन्य सभी समाज के लोग मिलकर मनाते हैं। सनातन धर्म मंदिर के अध्यक्ष ठाकुर जयपाल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम को मंदिर समित आयोजनकर्ता है, जिसमें सैकड़ो लोगों ने भोजन ग्रहण किया। इस मौके पर सनातन धर्म मंदिर समिति का अध्यक्ष ठाकुर जयपाल सिंह, विश्वकर्मा समाज सेवा समिति के अध्यक्ष केपी सिंह धीमान, चमन लाल धीमान, मास्टर धनेश बंसल, मास्टर ज्ञानपाल सिंह, अशोक कुमार, ठाकुर विनोद पंवार, डॉक्टर श्रीपाल कोहली, मांगेराम धीमान, योगेंद्र धीमान, दुष्यंत धीमान, रामकुमार धीमान, पूर्व प्रधान नरेशीलाल, कुलदीप धीमान आदि लोग उपस्थित रहे।



## ब्लॉक प्रमुख व बीडीओ ने स्वच्छता अभियान का किया शुभारंभ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** स्वच्छता ही सेवा 2025 थीम पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत ब्लॉक प्रमुख ब्रह्मसिंह व बीडीओ पंचायत रामनरेश ने संयुक्त रूप से स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर ग्राम पंचायत सचिव विक्रांत त्यागी ने बताया कि सरकार द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान का शुभारंभ किया गया है यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा जिसमें सभी गांव में सफाई की जाएगी जिसके तहत ब्लॉक प्रमुख ब्रह्म सिंह के साथ बीडीओ रामनरेश, सचिन, विक्रांत त्यागी सहित ग्राम प्रधान पति नदीम अहमद ने खजूरी स्थित मनमोहक इको फ्रेंडली पार्क पर श्रमदान कर कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर सलीम अहमद, तलहा, राजीव ठेकेदार, बाबी आदि मौजूद रहे।

## डीपीएम पब्लिक स्कूल में विश्वकर्मा जयंती व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीपीएम पब्लिक स्कूल में विश्वकर्मा जयंती एवं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय सचिव जगदीश त्यागी तथा प्रधानाचार्य जिया जैदी ने संयुक्त रूप से भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर सचिव जगदीश त्यागी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा मेहनत, सृजन और कुशलता के प्रतीक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य समाज और राष्ट्र निर्माण है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंग साझा किये और विद्यार्थियों को उनके विजन व नेतृत्व से सीख लेने का संदेश दिया। इसके बाद प्रधानाचार्य जिया जैदी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, शिक्षा और संस्कारों का महत्व बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक दूरदर्शी और कर्मठ नेता बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों को उनके आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए। विद्यालय के सभी शिक्षकगण और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम सफल रहा। अंत में बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए, जिसने पूरे वातावरण को उत्साह और ऊर्जा से भर दिया।



## सपा कार्यालय पर मनाई विश्वकर्मा जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय जेल रोड पर भगवान विश्वकर्मा का जन्मोत्सव बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया जिसमें जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी ने बताया विश्वकर्मा पूजा का उत्सव केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह उन मशीनों के लिए सम्मान जाहिर करने का एक तरीका है जो हमारी प्रगति का आधार हैं। इस दिन लोग अपने काम में सफलता व सुरक्षा के लिए भगवान विश्वकर्मा से आशीर्वाद मांगते हैं। इस मौके पर कार्यालय प्रभारी निरंजन सिंह, एहतेशाम इलाही, महराज महलका, पंडित रजत शर्मा, सुभाष यादव, हिमांशु सिद्धार्थ, दीपक सिरोही, सुमित कौशिक, वसीम अंसारी, मजहर, गुलफाम सैफी, संगीता राहुल, इकराम बालियान, शब्बीर कसर, अजय, जय कुमार नारंग मौजूद रहे।

## शाहजहांपुर में सेवा पखवाड़ा के तहत पीएम मोदी का 75वां जन्मदिन मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कस्बा शाहजहांपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख देवेंद्र गुर्जर और सांसद प्रतिनिधि रोबिन गुर्जर ने कार्यकर्ताओं संग अंबेडकर भवन की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनुज नागर ने की। इस दौरान मंडल महामंत्री विक्रांत त्यागी, अमित सैनी, अनिल अग्रवाल, सोहित गोयल, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश त्यागी, केपी अधाना, नवनीत कंसल, गंगा प्रकाश, नंदू वाल्मीकि, जावेद खान, बिलाल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंडल अध्यक्ष अनुज नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाना समाज को स्वच्छता और सेवा का संदेश देने का एक माध्यम है।

# आईसीसी टी-20 रैंकिंग में भारत का क्लीन स्वीप

● **नंबर-1 टीम, बैटर्स में अभिषेक, बॉलर्स में वरुण और ऑलराउंडर्स में हार्दिक टॉप पर ऐसा पहली बार हुआ**

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी की बुधवार को जारी हुई टी-20 वीकली रैंकिंग में बैटर, बालर और ऑलराउंडर तीनों कैटेगरी में ही भारतीय खिलाड़ी टॉप पर हैं। यहां तक कि टी-20 टीम रैंकिंग में भी भारतीय टीम टॉप पर है। ऐसा पहली बार हुआ है कि एक ही टीम और उसके खिलाड़ियों ने किसी एक फार्मेट की सभी चार कैटेगरी में नंबर-1 स्थान हासिल किया है। पहली बार वरुण चक्रवर्ती टॉप बालर बने हैं। वरुण टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 बॉलर बनने वाले तीसरे भारतीय प्लेयर हैं। उनसे पहले जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। बैटर अभिषेक शर्मा अपने करियर की हाईएस्ट रेटिंग के साथ नंबर-1 पर बने हुए हैं।

वहीं, ऑलराउंडर्स में हार्दिक पंड्या टॉप पर हैं। वरुण चक्रवर्ती का एशिया कप में शानदार प्रदर्शन जारी 34 साल के इस स्पिनर का एशिया कप में भी अच्छा प्रदर्शन जारी है। उन्होंने यूएई के खिलाफ दो ओवर में सिर्फ 4 रन देकर 1 विकेट और पाकिस्तान के खिलाफ चार ओवर में 24 रन देकर 1 झटका था। उन्होंने रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग लगाई हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी को पीछे छोड़ा। बैटिंग में अभिषेक शर्मा टॉप पर बरकरार हैं। उन्होंने 14 सितम्बर को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में 31 रनों की पारी खेली थी। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट दूसरे और जोस बटलर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। जबकि साउथ अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस दो स्थान के फायदे के साथ 11वें स्थान पर और एडेन मार्करम 10 स्थान के फायदे से 30वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में पंडया पहले नंबर पर भारतीय स्टार हार्दिक पंडया टी-20 इंटरनेशनल आलराउंडर्स की रैंकिंग में पहले नंबर पर बने हुए हैं। जबकि पाकिस्तान के सईम अयूब चार स्थान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर और अभिषेक चार स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

● विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप ●

# नीरज चोपड़ा ने किया क्वालीफाई



● **नीरज चोपड़ा ने टोक्यों नेशनल स्टेडियम में क्वालिफायर के ग्रुप-ए में 84.85 मी. भाला फेंककर पदक दौड़ में आसानी से अपनी जगह पक्की कर ली**

**टोक्यो, वार्ता।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को गुरुवार को 84.85 मीटर भाला फेंककर विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के भाला फेंक फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने बुधवार को टोक्यो नेशनल स्टेडियम में क्वालीफायर के ग्रुप ए में 84.85 मीटर भाला फेंककर पदक दौर में आसानी से अपनी जगह पक्की कर ली। स्वत: योग्यता सीमा 84.50 मीटर निर्धारित की गई थी। 27 वर्षीय भारतीय एथलीट ने अपने ग्रुप में शुरुआत की और अपने पहले ही थ्रो में इस सीमा को पार कर लिया। नीरज चोपड़ा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 90.23 मीटर है। जो भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में दोहा डायमंड लीग में हासिल किया था। जर्मनी के जूलियन वेबर, जो वर्तमान में दुनिया के शीर्ष पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी हैं, अपने पहले ही थ्रो में चूक गए। मौजूदा ओलंपिक चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम क्वालीफायर ग्रुप बी में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। भारत के रोहित यादव और यशवीर सिंह भी इस ग्रुप में हैं। कुल मिलाकर, 37 में से 12 एथलीट फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे। स्वचालित योग्यता सीमा को पार करने वालों को छोड़कर, अगले सर्वश्रेष्ठ थ्रोअर को कोटा पूरा होने तक कट में जगह मिलेगी। दो साल पहले बुडापेस्ट में हुए पिछले विश्व चैंपियनशिप में, नीरज चोपड़ा ने 88.17 मीटर थ्रो के साथ एथलेटिक्स में भारत के पहले विश्व चैंपियन बनकर इतिहास रच दिया था। अरशद नदीम ने 87.82 मीटर के साथ रजत पदक जीता था। कल टोक्यो में नीरज बनाम नदीम का एक और मुकाबला देखने को मिल सकता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पाकिस्तान ने एशिया कप से हटने की धमकी वापस ली

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान ने एशिया कप से हटने की अपनी धमकी वापस ले ली है। मंगलवार 16 सितम्बर को पीसीबी ने आईसीसी को दूसरा मेल भेजा, इसमें रेफरी एंडी पाइक्राफ्ट को पाक के सभी मैचों से हटाने की मांग की गई है। बोर्ड ने कहा है कि टीम के बाकी बचे मैचों के लिए जिम्बाब्वे के पाइक्राफ्ट की जगह रिची रिचर्डसन को नियुक्त किया जाए, लेकिन अभी तक आईसीसी ने इस पर कोई सहमति नहीं जताई है। 14 सितम्बर को पाक का सामना भारत से हुआ था। भारतीय खिलाड़ियों ने पहलगाम हमले के विरोध में पाक खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था। पीसीबी ने भारतीय खिलाड़ियों के व्यवहार को खेल भावना के विपरीत बताया था और पाइक्राफ्ट पर ठीक से काम न करने का आरोप लगाया था।

### सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन व आत्मविश्वास जरूरी: ओलंपियन हार्दिक सिंह

**जालंधर, वार्ता।** सुप्रसिद्ध सुरजीत हॉकी अकादमी, जालंधर, जो लंबे समय से युवा हॉकी खिलाड़ियों को प्रेरित करने और उनके कौशल को निखारने के लिए अंतर्राष्ट्रीय तथा ओलंपिक हॉकी खिलाड़ियों को आमंत्रित करती रही है, ने बुधवार को एक और प्रेरणादायक आयोजन किया। ओलंपिक हॉकी मेडलिस्ट हार्दिक ने अकादमी का दौरा किया और उभरते हुए खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभव साझा किये। अकादमी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने हार्दिक सिंह का क्लब के खिलाड़ियों से परिचय करवाया और उनका स्वागत किया। हार्दिक ने खिलाड़ियों को हॉकी की विभिन्न तकनीकों, जैसे कि सटीक पासिंग, गोल स्कोरिंग की रणनीतियां और रक्षात्मक कौशल के बारे में विस्तार से बताया।

# आठ भारतीय निशानेबाजों ने ISSF विश्व कप फाइनल में जगह बनाई



● **आठ भारतीय निशानेबाजों ने आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है जो 4 से 9 दिसम्बर तक कतर की राजधानी दोहा में आयोजित होगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आठ भारतीय निशानेबाजों ने इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप फाइनल 2025 के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जो 4 से 9 दिसंबर 2025 तक कतर की राजधानी दोहा में आयोजित होगा। डबल ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर, एकमात्र भारतीय निशानेबाज हैं जिन्होंने दो इवेंट्स, महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और महिला 25 मीटर पिस्टल, में जगह बनाई है। यह साल का अंतिम आईएसएसएफ टूर्नामेंट होगा, जिसमें 12 व्यक्तिगत ओलंपिक इवेंट्स के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों का चयन होता है। भारतीय निशानेबाजों ने उन 12 इवेंट्स में से पांच में क्वालीफाई किया है, जो दोहा में होने वाले इस सीजन-एंडिंग प्रतियोगिता का हिस्सा होंगे। यह आईएसएसएफ प्राइज मनी इवेंट भी है। मनु भाकर के अलावा भारत की अगुवाई करेंगी किशोरी सुरुचि सिंह, जो इस साल की शूटिंग सनसनी साबित हुईं। उन्होंने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में लगातार ब्यूनस आयर्स, लीमा और म्यूनिख में तीन स्वर्ण पदक जीतकर न केवल दोहा में जगह बनाई, बल्कि इस समय महिला एयर पिस्टल में विश्व नंबर-1 रैंक भी हासिल कर ली है। ओलंपियन ईशा सिंह ने भी चीन के निंगबो में चौथे और अंतिम आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में स्वर्ण जीतकर महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में क्वालीफाई किया। अन्य क्वालीफाई करने वालों में पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्श बलासाहेब पाटिल शामिल हैं, जिन्होंने ब्यूनस आयर्स में स्वर्ण जीतकर पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में स्थान पक्का किया। वहीं ओलंपियन अर्जुन बाबुता ने लीमा में रजत पदक हासिल कर इसी इवेंट में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। एशियाई चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्ट  कौर समरा ने ब्यूनस आयर्स में स्वर्ण जीतकर महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोज़िशन (3पी) इवेंट में क्वालीफाई किया। ओलंपियन विजयवीर सिद्धू ने भी उसी स्थान पर शानदार स्वर्ण जीतकर पुरुष 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल में जगह बनाई। भारत की सूची को पूरा करती हैं सिमरनप्रीत कौर बरार, जिन्होंने लीमा में रजत पदक जीतकर महिला 25 मीटर पिस्टल में क्वालीफाई किया। चीन की सुन युजिये पहले ही ब्यूनस आयर्स में स्वर्ण के जरिए अपनी जगह सुनिश्चित कर चुकी थीं, जिससे सिमरनप्रीत को एंट्री मिली। आईएसएसएफ ने वर्ल्ड कप फाइनल 2025 के लिए पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि की भी घोषणा की है।



# वायरल बुखार के कारण जेमिमाह रॉड्रिग्स ऑस्ट्रेलिया सीरीज से बाहर

**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** भारतीय बल्लेबाज जेमिमाह रॉड्रिग्स वायरल बुखार के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी दो एकदिवसीय मैचों से बाहर हो गई हैं।

उनकी तेजल हसबनीस को टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बुधवार को न्यू चंडीगढ़ में दूसरे वनडे मैच के टॉस से ठीक पहले रॉड्रिग्स के वायरल से पीतिड़ होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वह चिकित्सा दल की निगरानी में है। रॉड्रिग्स ने पहले मैच में नंबर 5 पर खेलते हुए 26 गेंदों में 18 रन बनाए थे और भारत ने सात विकेट पर 281 रन का स्कोर खड़ा किया था। इस मैच में भारत को आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। दूसरे वनडे के एकादश में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर अरुंधति ने उनकी जगह ली। 28 साल की मध्य क्रम की बल्लेबाज हसबनीस पिछले साल से ही राष्ट्रीय टीम के आसपास हैं। उन्होंने अक्टूबर 2024 में अहमदाबाद में कीवियों के खिलाफ वनडे  में पर्दापण किया था।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी चाइना मास्टर्स के प्री क्वार्टर फाइनल में, लक्ष्य सेन बाहर

● **सात्विक और चिराग की जोड़ी ने 42 मिनट तक चले मुकाबल में मलेशिया की जोड़ी को 24-22, 21-13 से हराया**

**शेन्जेन, वार्ता।** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप की जोड़ी को हराकर चाइना मार्स्टर बैडमिंटन टूर्नामेंट में युगल वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। वहीं एकल मुकाबले में लक्ष्य सेन हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने 42 मिनट तक चले मुकाबले में मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप को 24-22, 21-13 से सीधे गेमों में हराकर टूर्नामेंट में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। अब प्री-क्वार्टर फाइनल में



भारतीय जोड़ी का मुकाबला चीनी ताइपे के चिउ सियांग चीह और वांग ची-लिन से होगा। लक्ष्य सेन और ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की मिश्रित युगल जोड़ी पहले दौर में हारकर बाहर हो गई। लक्ष्य को फ्रांस के तोमा जूनियर पोपोव ने 30 मिनट तक चले मुकाबले में 11-21, 10-21 से हराया। लक्ष्य की हार के साथ ही भारत का पुरुष एकल में सफर खत्म हो गया। इससे पहले आयुष शेट्टी भी पहले राउंड में हार गए थे। वहीं, मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनिशा क्रास्टो की जोड़ी को दूसरी वरीयता प्राप्त चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग लपग के खिलाफ 19-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# हीरो महिला इंडियन ओपन में पुरस्कार राशि अब 500,000 डॉलर

● **एचडब्ल्यूआईओ में भारतीय टीम का नेतृत्व दीक्षा डागर करेंगी जो भारतीय की शीर्ष महिला गोल्फरों में से एक है और हाल के संस्करणों में लगातार प्रतिस्पर्धा कर रही है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर भारत में महिला गोल्फ के विकास और प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, और उभरती प्रतिभाओं को प्रतिस्पर्धा और विकास के लिए एक मजबूत घरेलू मंच प्रदान करता है।

यह मजबूत टूर भारत के शीर्ष गोल्फरों को अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिसका समापन हर साल प्रतिष्ठित हीरो महिला इंडियन ओपन (एचडब्ल्यूआईओ) के साथ होता है। 9-12 अक्टूबर, 2025 को प्रसिद्ध डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आयोजित होने वाला यह दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा महिला गोल्फ टूर्नामेंट और लेडीज यूरो. पियन टूर कैलेंडर का एक प्रमुख आयोजन है। इस वर्ष, टूर्नामेंट की राशि में 25प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जो 400,000 डॉलर से बढ़कर 500,000 डॉलर हो गई है, और विजेता को 75,000 डॉलर मिलेंगे। एचडब्ल्यूआईओ में भारतीय टीम का नेतृत्व दीक्षा डागर करेंगी, जो भारत की शीर्ष महिला गोल्फरों में से एक हैं और हाल के संस्करणों में लगातार प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। 2007 में अपनी शुरुआत के बाद से, हीरो महिला इंडियन ओपन ने वैश्विक मंच पर भारतीय महिला गोल्फरों के उदय को प्रदर्शित किया है।

हालांकिअदिति अशोक इस टूर्नामेंट (2016 में) जीतने वाली एकमात्र भारतीय हैं, हाल के वर्षों में कई भारतीय खिलाड़ियों ने खिताब के लिए ज़ोरदार दावेदारी पेश की है, जिनमें अमनदीप द्राल, जो 2022 में उपविजेता रहीं, और दीक्षा डागर, जो 2023 में तीसरे स्थान पर रहीं, शामिल हैं। हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी उपाध्यक्ष, संजय भान ने कहा, ष्हीरो महिला इंडियन ओपन खेल को प्रोत्साहित करने और महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने की हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 2010 से, हम इस टूर्नामेंट का गर्व से समर्थन करते रहे हैं और भारत और उसके बाहर महिला गोल्फ को मजबूत बनाने में मदद की है। इस वर्ष, 500,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के साथ, हमारा लक्ष्य टूर्नामेंट में शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभाओं को आकर्षित करना और अधिक महिलाओं को इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। भारतीय महिला गोल्फ संघ की अध्यक्ष श्रीमती कविता सिंह ने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हीरो महिला इंडियन ओपन 2025 का 17वां संस्करण फिर से डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब, गुरुग्राम में आयोजित किया जाएगा, जो गोल्फ की उत्कृष्टता का पर्याय बन गया है। हम अपने टाइटल प्रायोजक हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड और डॉ. पवन मुंजाल के आभारी हैं जिन्होंने इस विश्व स्तरीय आयोजन को आयोजित करने में हमारी मदद की, जिसने वर्षों से एक प्रमुख स्थान हासिल किया है। हम अपने प्रस्तुतकर्ता प्रायोजक डीएलएफ लिमिटेड और कई अन्य प्रमुख प्रायोजकों को धन्यवाद देते हैं, जिनके बहुमूल्य योगदान से यह सुनिश्चित होता है कि हम हमसे अपेक्षित उच्च स्तर की उत्कृष्टता के अनुरूप आयोजन कर पाएं। लेडीज़ यूरोपियन टूर के साथ काम करना हमारे लिए वास्तव में सौभाग्य की बात है। यह साझेदारी, जो हर गुजरते साल के साथ मजबूत होती जा रही है, यह सुनिश्चित करती है कि हीरो महिला इंडियन ओपन का कद बढ़ता रहे। हमें विश्वास है कि उनके साथ हमारा निरंतर जुड़ाव भारत में महिला गोल्फ के विकास में एक महत्वपूर्ण कारक होगा।

# ससेक्स के लिए उनादकट ने झटके तीन विकेट




**लंदन, वार्ता।** होव में जब यॉर्कशायर 100 रन पर दो विकेट पर था तो लग रहा था कि टॉस जीतकर बल्लेबाज़ी करने का उनका फ़ैसला सही था। लेकिन ससेक्स के तेज गें. दबाज़ों जयदेव उनादकट और फ़नि हडसन-प्रेन्टिस के तीन-तीन विकेट से उनकी टीम टी के बाद सिर्फ़ 194 रनों पर ही सिमट गई।

इस समय तक ससेक्स मजबूत स्थिति में दिख रहा था लेकिन मेहमान टीम ने वापसी की और खराब रोशनी की वजह से 13 ओवर शेष रहते हुए खेल रोके जाने से पहले उन्होंने मेबानों को खूब परेशान किया। स्टंप्स के समय उनका स्कोर 84 रन पर चार विकेट था। इससे पहले बारिश और मैदान गीला होने के कारण पहले दिन का खेल नहीं हो सका था।

दूसरे डिविजन में रेलीगेट होने से बचने के लिए दोनों टीमों को सिर्फ़ एक ड्रॉ की जरूरत है, लेकिन अब इस मैच का नतीज़ा पूरा संभव है। यह पिच लगभग 48 घंटे तक कवर के नीचे रही थी, जिससे तेज गेंदबाज़ों के मदद की पूरी संभावना थी। लेकिन दोनों टीमों के बल्लेबाज़ों ने भी कुछ ग़लत शॉट चुने। सुबह के सत्र में विकेटों का गिरना मुश्किल लग रहा था, जब फ़नि बीन और ऐडम लिथ धैर्य से खेल रहे थे। लेकिन बीन (27) हडसन-प्रेन्टिस की गेंद को कट करने की कोशिश में पीछे कैच दे बैठे और लंच से ठीक पहले सीन हंट की गेंद ने लिथ (47) का अंदरूनी किनारा ले लिया।

इसके बाद यॉर्कशायर ने 7-2 ओवर में 15 रन पर पांच विकेट खो दिए। जेम्स व्हार्टन स्लिप में कार्सन को नीचा कैच दे बैठे। अगले ही ओवर में बेयरस्टो उनादकट से बोल्ड हो गए। उनादकट ने फिर एक झटका दिया, जब मैथ्यू रिविस बाहर जाती गेंद को छू बैठे, जिसे वह आराम से छोड़ सकते थे। हिल ढीला ड्राइव खेलकर स्लिप में आउट हुए और डॉम बेस लेग साइड स्ट्रैंगल का शिकार हुए। हडसन-प्रेन्टिस की हैट्रिक गेंद को जॉर्डन थॉम्पसन ने आसानी से कवर पर चौके के लिए खेल दिया।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम में जैमीसन और सियर्स की वापसी

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए काइल जैमीसन और बेन सियर्स की टीम में वापसी हुई हैं। यह तेज गेंदबाज जिम्बाब्वे में त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा नहीं थे। टूर्नामेंट में तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका थी। जैमीसन अपने पहले बच्चे के जन्म की वजह से तथा सियर्स चोट के कारण मैदान से बाहर थे। इस बीच, नियमित कप्तान मिशेल सेंटनर की अनुपस्थिति में माइकल ब्रेसवेल तीन मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला में टीम की कमान संभालेंगे। ब्रेसवेल ने अब तक 10 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में न्यूजीलैंड का नेतृत्व किया है। ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड क्रिकेट को बताया, ष्चैपल-हैडली सीरीज गर्मियों की शुरुआत करने का एक शानदार तरीका है। मैं ये सीरीज देखते हुए बड़ा हुआ हूं और न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच प्रतिद्वंद्विता बहुत जबरदस्त है। उन्होंने कहा, ष्2016 से यह (चैपल-हैडली ट्रॉफी) हमारे पास नहीं है, और हम इसे बदलना चाहते हैं। घरेलू धरती पर इसके लिए लड़ने का मौका मिलना बहुत खास है। यह विश्वास करना मुश्किल है कि ईडन पार्क में खेले गए पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच को 20 साल हो गए हैं। यह देखना आश्चर्यजनक है कि यह प्रारूप कितना आगे बढ़ गया है और मुझे पता है कि दोनों टीमें बे ओवल में इस उपलब्धि को अपने नाम करने के लिए उत्सुक हैं।

# खेले सानंद सीजन 3 बड़े पैमाने पर और नए स्थानों पर होगा

● **90 से ज्यादा स्कूलों की युवा प्रतिभाओं को तराशा और 2500 से ज्यादा छात्रों को कबड्डी , खो-खो और वालीबॉल जैसे स्थानीय खेलो में शमिल किया**

**अहमदाबाद, वार्ता।** अपने पहले दो संस्करणों की शानदार सफलता के बाद, बहुप्रतीक्षित खेले सानंद सीजन 3 पहल बुधवार को शुरू हुई, जो जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को निखारने और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने के अपने मिशन को जारी रखे हुए है।

विजयी भारत फ़ाउंडेशन की प्रमुख ग्रासरूट पहल, खेले सानंद का तीसरा सीजन संस्कारधाम परिसर में एक जीवंत उद्घाटन समारोह के साथ आधिकारिक रूप से शुरू हुआ। अंतर्राष्ट्रीय खो-खो खिलाड़ी प्रतीक वाइकर और निर्मला भाटी ने इस आयोजन का उद्घाटन किया और साणंद तालुका में युवा विकास और सामुदायिक जुड़ाव पर लीग के बढ़ते प्रभाव का जश्न मनाया। अपने पहले दो सत्रों में, खेले सानंद एक गतिशील मंच के रूप में उभरा, जिसने 90 से ज़्यादा स्कूलों की युवा प्रतिभाओं को तराशा और 2500 से ज़्यादा छात्रों को कबड्डी, खो-खो और वॉलीबॉल जैसे स्थानीय खेलों में शामिल किया। खेल महाकुंभ के दौरान, खेले सानंद ने खो-खो में लड़कियों की भागीदारी में 400 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि और अपनी शुरुआत की तुलना में टीम पंजीकरण में 39 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जिससे सभी बाधाओं को तोड़ा और समावेशिता को बढ़ावा मिला। अपने तीसरे वर्ष में, खेले सानंद एक गतिशील मंच के रूप में विकसित हुआ है, जो 120 से ज़्यादा स्कूलों की युवा प्रतिभाओं को तराशता है और 7,000 से ज़्यादा छात्रों को शामिल करता है। खेले सानंद का उल्लेखनीय उत्थान इसके साम. ुदायिक स्तंभों द्वारा संचालित है। 150 से ज़्यादा स्थानीय युवाओं और वयस्कों ने स्वयंसेवकों के रूप में आगे आकर कोच और रेफरी से लेकर प्रबंधकों और आतिथ्य टीमों तक, विविध भूमिकाएं निभाई और यह सुनिश्चित किया कि हर मैच का दिन सुचारू रूप से चले। 20 से ज़्यादा गांव के सरपंचों के प्रोत्साहन ने खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का एक शक्तिशाली स्त्रोत प्रदान किया। उनके साथ, कई स्थानीय व्यवसायों ने भी सहयोग के लिए आगे आकर सामुदायिक स्वामित्व की भावना को और मजबूत किया। यह सामूहिक प्रयास 'खेल सानंद' के मूल भाव को दर्शाता है: खेल, एकता और जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण का उत्सव।

## सम्पादकीय

गुरुवार, 18 सितम्बर 2025

# तीसरे पक्ष को नकारा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का यह कहना बिल्कुल सही है कि पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री जोकि पाकिस्तान के विदेश मंत्री भी हैं, इशाक डार मंगलवार को आए उस बयान के बाद जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत ने इसमें किसी तीसरे पक्ष की भूमिका भारत–पाक युद्ध को रुकवाने में स्वीकार नहीं की थी। गुरुवार को हैदराबाद मुक्ति दिवस के कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने भारत के दृष्टिकोण को पूरी तरह यह कहकर साफ किया कि कुछ लोग भारत–पाक संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं, लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया। अब तो खुद पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने भी यह साफ कर दिया है कि भारत–पाक के बीच युद्ध रुकवाने में किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। हालांकि उन्होंने सीधे किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन कोई भी समझ सकता है कि उनका इशारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर था, जिन्हें अब खुद भी मालूम नहीं है कि कितनी बार उन्होंने भारत–पाक युद्ध रुकवाने की बात कही है और अभी भी वह अपने बयान पर कायम दिखते हैं। जाहिर है इशाक डार के बयान के बाद अब ट्रम्प के बयान का कोई मतलब नहीं रह गया। क्योंकि उन्होंने साफ कह दिया कि भारत ने संघर्ष विराम में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता अस्वीकार्य कर दी है। इशाक डार ने अपने बयान में यह कहकर स्थिति स्पष्ट की कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने मई में भारत–पाक के बीच हुए सैन्य संघर्ष के दौरान उनसे कहा था कि भारत ने युद्ध विराम के लिए तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से इनकार कर दिया, क्योंकि यह भारत–पाक दोनों देशों के बीच का द्विपक्षीय मुद्दा है। राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि किसी के हस्तक्षेप के कारण आतंकवादियों के खिलाफ अभियान स्थगन नहीं किया गया। अगर भविष्य में कोई भी आतंकवादी हमला हुआ तो ऑपरेशन सिंदूर फिर से शुरू किया जाएगा। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यह स्पष्ट कर चुके हैं कि यह द्विपक्षीय मुद्दा है और कोई तीसरा पक्ष हस्तक्षेप नहीं कर सकता। राजनाथ सिंह के अनुसार भारत की अखंडता और एकता से बड़ा कोई मूल्य नहीं है और आज का भारत दुश्मन की आंखों में आंख डालकर जवाब देने के लिए सक्षम है। जाहिर है अब इन तमाम अटकलों पर विराम लग जाना चाहिए कि यह युद्ध किस प्रकार रुका था। भारत कहता रहा है कि यह दोनों देशों के डीजीएमओ स्तर की बात से ही पूरा मामला हल हुआ था और अब पाकिस्तान ने भी मान लिया। इशाक डार से ऐसा संकेत मिलता है कि पाक ने जरूर अमेरिकी से इस मामले में हस्तक्षेप के लिए कहा था और अमेरिका ने कोशिश भी की थी, लेकिन भारत ने अमेरिका की एक नहीं सुनी और तीसरे देश की मध्यस्थता से साफ इन्कार कर दिया। असल में डोनाल्ड ट्रम्प संघर्ष विराम कराने के नाम पर तीसरा पक्ष बनने के लिए आतुर दिखाई दे रहे हैं। वह यह भूल रहे हैं कि यह भारत की नीतिगत रणनीति के बिल्कुल खिलाफ है, क्योंकि भारत का हमेशा से मानना रहा है कि भारत–पाक के बीच जो भी मामला है वह द्विपक्षीय आधार पर ही सुलझाया जाएगा। तीसरे अन्य किसी देश की मध्यस्थता के लिए उसमें किसी भी तरह की कोई गुंजाइश नहीं है।

## कोई तीसरा पक्ष हस्तक्षेप नहीं कर सकता



कुछ लोग भारत–पाक संघर्ष को रो. कने का दावा करते हैं, लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया, अब तो खुद पाकिस्तान के उप–प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया है कि भारत ने इसमें किसी भी तीसरे पक्ष की भूमिका को अस्वीकार कर दिया था, अगर भविष्य में कोई भी आतंकवादी हमला हुआ, तो ऑपरेशन सिंदूर फिर से शुरू किया जाएगा, प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है और कोई तीसरा पक्ष हस्तक्षेप नहीं कर सकता, लगभग पहलगाम के आतंक के समान ही था जहां लोगों से धर्म पूछकर उन्हें मारा गया। पहलगाम में हुआ आतंकी हमला भी रजाकारों की तरह भारत के सामाजिक सौहार्द्र पर प्रहार था। आज भी देश में रजाकारों के हमदर्द मौजूद हैं।

**–राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

# इजरायलः विश्व शांति के लिए खतरा







**तनवीर जाफरी**

गत 9 सितंबर को दोपहर बाद इसराइल के 15 फाइटर जेट्स और 10 से अधिक म्यूनिशन ने जिसमें स्टैंड–ऑफ मिसा. इलें और स्टील्थ तकनीक शामिल थी, ने इसराइल से 1800 किलोमीटर की उड़ान भरकर कतर की राजधानी दोहा के कटारा और वेस्ट बे लैगून इलाकों में हमले करके उन सभी इमारतों को उड़ा दिया जहां हमास के कई शीर्ष नेता या तो रहा करते थे या उनके कार्यालय थे। इस हमले में 40 से ज्यादा लोग मारे गए। हमास ने दावा किया कि इसराइली हमले में उनकी मुख्य वार्ताकार टीम बच गई, लेकिन पांच सदस्य, जिसमें खलील अल–हय्या का बेटा और एक कतरी सुरक्षा अधिकारी शामिल था, मारे गए। कतर में हुआ यह हमला मध्य पूर्व में तनाव को और बढ़ाने वाला साबित हो सकता है। इसराइल के इस कदम को क्षेत्रीय स्थिरता के लिए बड़ा खतरा माना जा रहा है। यह पहला अवसर है जबकि इसराइल ने अपने लक्ष्य को भेदने की गरज से कतर में हमला किया है। इस हमले के तुरंत बाद कतर ने अपने हवाई क्षेत्र की निगरानी बढ़ा दी। हालांकि, कतर एयरवेज की उड़ानें सामान्य रूप से जारी रहीं। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल–थानी ने कहा कि यह हमला गजा में युद्ध विराम की मध्यस्थता के लिए कतर के प्रयासों को पटरी से उतार सकता है। कतर ने इस हमले को कायराना और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन करार दिया। कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजेद अल–अंसारी ने इस हमले को कतर की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा बताया।

उधर इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और इसराइल सुरक्षा बलों ने इस हमले की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि यह हमला सटीक हथियारों से और पुख्ता खुफिया जानकारी के आधार पर किया गया, ताकि नागरिकों को नुकसान कम हो। इसराइल के अनुसार हमास के नेता, जिन्हें दोहा में निशाना बनाया गया वही 7 अक्टूबर 2023 के हमले के लिए जिम्मेदार थे और गजा में युद्ध को संचालित कर रहे थे। अमेरिका में इसराइली राजदूत ने यह भी कहा कि अगर इस हमले में हमास के कुछ नेता बच गए हैं तो अगले हमले में उन्हें भी निशाना बनाया जाएगा। इस कदम को इसराइल की आक्रामक रणनीति के उस हिस्से की शक्ल में देखा जा रहा है, जिसका उद्देश्य हमास को पूरी तरह समाप्त करना है, चाहे वह किसी भी देश में क्यों न हो परन्तु हमास नेताओं को लक्षित कर कतर पर किए गए इसराइली हमले को एक अभूतपूर्व कदम के रूप में इसलिए देखा जा रहा है क्योंकि कतर अमेरिका का प्रमुख सहयोगी और गजा युद्धविराम वार्ता का मध्यस्थ है। कतर में ही अमेरिका का अल–उदईद एयरबेस भी है जहां करीब 10,000 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। यह एयरबेस इसराइल द्वारा किए गए हमले की जगह से केवल 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसराइल की इस आक्रामक कार्रवाई ने क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तनाव को और बढ़ा दिया है, और गजा में शांति प्रक्रिया को और जटिल कर दिया है। इस हमले ने मध्य पूर्व में अमेरिकी प्रभाव को भी कमजोर किया है और तुर्की जैसे अन्य देशों के लिए भी खतरे की आशंका पैदा की है।

इसराइल की इस आक्रामक व उकसाने वाली कार्रवाई की विश्व के अनेक देशों ने निंदा की है। कतर सरकार ने हमले को आपराधिक हमला करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की और इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर का स्पष्ट उल्लंघन बताया है। कतर ने अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए सभी उपायों का समर्थन किया। जबकि जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय ने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात के दौरान कतर में हुए इसराइली हमले की निंदा की। उन्होंने इजराइल के गजा पर नियंत्रण बढ़ाने और वेस्ट बैंक में बस्तियों के विस्तार को भी खारिज किया साथ ही गजा में युद्धविराम, मानवीय सहायता और द्वि –राष्ट्र समाधान पर जोर दिया। वहीं संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद ने मिस्र के विदेश मंत्री से मुलाकात में इस हमले को अंतर्राष्ट्रीय कानून तथा यूएन चार्टर का उल्लंघन करार दिया। उन्होंने वैश्विक स्तर पर इसराइल की ष्आक्रामकताओंष को रोकने की अपील भी की। इसी तरह मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल–सीसी ने कुवैत के अमीर से फोन पर हुई बातचीत में कतर के प्रति पूर्ण एकजुटता व्यक्त करते हुए इस हमले को कतर की संप्रभुता पर अस्वीकार्य अतिक्रमण बताया और इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करार दिया। जबकि कुवैत के अमीर, शेख मिशाल अल–अहमद अल–जाबर अल–सबाह ने भी हमले को संप्रभुता पर अतिक्रमण बताया और अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करार दिया। ईरान के विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास अराघची ने इस हमले को आतंकवादी आक्रामकता बताते हुए कतर के प्रति एकजुटता व्यक्त की और इजराइल को क्षेत्रीय तथा वैश्विक शांति के लिए तत्काल खतरा बताया। ट्यूनीशिया के विदेश मंत्रालय ने भी हमले को कुटिल और दुष्ट हमला करार देते हुए कतर के प्रति पूर्ण एकजुटता व्यक्त की और अरब सुरक्षा को इसराइल के खतरों से बचाने पर जोर दिया। दुनिया के कई देशों ने इस हमले को लेकर सुरक्षा परिषद् की आपात बैठक बुलाने की बात भी की।

अभी कतर के हमले को लेकर दुनिया के अनेक देश अपनी तीखी प्रतिक्रिया दे ही रहे थे कि इसी बीच नेतन्याहू ने यह घोषणा भी कर दी कि गजा के 40 प्रतिशत हिस्से पर इसराइली सुरक्षा बालों का नियंत्रण हो चुका है। साथ ही इसराइली सुरक्षा बालों की ओर से गजा में बचे शेष लोगों से भी गजा छोड़ने को कहा गया है। और इसी के अगले दिन यानी 11 सितंबर को इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बार फिर फिलिस्तीनी राज्य के अस्तित्व को मानने से ही स्पष्ट रूप से इंकार कर दिया। उन्होंने वेस्ट बैंक के माश्अले अदुमिम निपटान में एक समारोह के दौरान कहा कि फिलिस्तीनी राज्य नहीं बनेगा और यह जगह हमारी है। यह बयान उस समय दिया गया जब वे एक विवादास्पद निपटान विस्तार समझौते पर हस्ताक्षर कर रहे थे, जो फिलिस्तीनी क्षेत्र को विभाजित करने का प्रयास माना जा रहा है। दक्षिणपंथी नेतन्याहू पहले भी द्वि राष्ट्र का विरोध करते रहे हैं।

उनका यह ताजा बयान भी फिलिस्तीनी राज्य की संभावना को नष्ट करने का प्रयास माना जा रहा है। नेतन्याहू उस फिलिस्तीनी राज्य के अस्तित्व को मानने से इंकार कर रहे हैं जिसने जर्मन से हिटलर द्वारा निष्कासित इन्हीं यहूदियों को मानवता के नाते अपनी धरती पर पनाह दी। अभी पिछले दिनों फिलिस्तीन को राज्य का दर्जा देने के पक्ष में संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत सहित 142 देशों द्वारा एक बार फिर मतदान किया गया। फिलिस्तीन के समर्थन में आए इस प्रस्ताव में इसराइल द्वारा की जा रही हिंसा की निंदा की गई साथ ही गजा में इसराइली बस्ती बसाने की योजना को भी समाप्त करने की मांग की गई है। अमेरिका व इसराइल सहित केवल 10 देशों ने इस प्रस्ताव का विरोध किया जबकि शेष दुनिया फिलिस्तीन के साथ खड़ी दिखाई दी परन्तु अतिवादी सोच के नेतन्याहू पूरी दुनिया को ठेंगा दिखाने की ठाने हुए हैं। कहना गलत नहीं होगा कि मानवता के दुश्मन व अंतर्राष्ट्रीय नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले दक्षिणपंथी नेतन्याहू फिलिस्तीन में अपना जंगल राज स्थापित करना चाहते हैं। मानवता की रक्षा के लिए ऐसे कुत्सित इसराइली प्रयासों को पूरे विश्व को मिलकर रोकना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**सही पूछिए तो राजधानी काठमांडू के सिवा किसी प्रान्त शहर या जिले का नाम भी भारत या अन्य देशों के आम लोग नहीं जानते। आम लोगों को यह भी नहीं पता कि नेपाल 7 अलग अलग प्रांतों में बंटा हुआ कुल 77 जिलों का देश है। इस अनभिज्ञता का कारण यही है कि राजशाही से लेकर गणतांत्रिक सरकारों तक ने केवल राजधानी काठमांडू के विकास व इसके सौंदर्यीकरण पर ही जोर दिया। प्रायः सभी अंतर्राष्ट्रीय आयोजन काठमांडू में ही हुआ करते थे। वैसे भी काठमांडू की प्रसिद्धि का कारण राजधानी होने के अतिरिक्त वहां का विश्व प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर भी है। इसलिए नेपाल का कोई अन्य जिला या शहर न तो विकसित हो पाया न ही प्रसिद्धि प्राप्त कर सका।**

# नेपाल जनविद्रोहः यह तो होना ही था


बिहार में दरभंगा–जयनगर के रास्ते 5 वर्ष पूर्व नेपाल जाने का अवसर मिला था। भारत नेपाल के सीमावर्ती नेपाली शहर जनकपुर के बीचोबीच देवी सीता को समर्पित हिन्दू–राजपूत वास्तुकला का एक प्रसिद्ध हिन्दू मन्दिर एवं ऐतिहासिक स्थल है जिसे राम जानकी मंदिर के नाम से जाना जाता है। मेरे नेपाल प्रवास के उस दौर में जयनगर से लेकर जनकपुर तक की पूरी सड़क पर अधिकांश क्षेत्र में सिर्फ मिट्टी पड़ी हुई थी। केवल कहीं कहीं बजरी पड़ी दिखाई देती थी। डामर रोलर और काली सड़कों का तो कहीं दूर तक नामो निशान ही नहीं था। रास्ते में कहीं बस का पहिया जमीन में धंसा दिखाई दे रहा था तो कहीं थ्री व्हीलर उल्टी पड़ी थी। बसों का तो आलम यह था कि टूटे शीशे व खिड़कियां, टूटी कष्टदायक सीटें,गोया कबाड़खाने से लाकर बसें चलाई जा रही हों। जनकपुर जैसे प्रसिद्ध तीर्थस्थल व पर्यटन नगरी की शहर की सड़कों में गड्ढे, बदबूदार और रुकी हुई नालियां, शहर में खाने पीने का उपयुक्त होटल नहीं। जिस होटल में ठहरना हुआ उस होटल के प्रबंधक ने दोपहर करीब 12 बजे होटल में पहुंचने पर पहले ही बता दिया कि लाइट नहीं आ रही है रात 8 बजे आएगी, रूम बुक कराना हो तो कराइए वरना तशरीफ ले जाइए। जब होटल प्रबंधक से नेपाल की इस दुर्दशा के बारे में पूछा तो उसने एक ही बात कही। भ्रष्टाचार तो भारत में भी है परन्तु वहां 50 प्रतिशत खाकर 50 प्रतिशत तो लगा ही देते होंगे, मगर हमारे नेपाल में तो 90 प्रतिशत खा जाते हैं केवल 10 प्रतिशत ही किसी योजना में लगाते हैं।श उसी दिन यह एहसास हो गया था कि एक न एक दिन पानी सिर से ऊपर होगा और आज नहीं तो कल इसी नेपाल में भ्रष्टाचार के विरुद्ध विद्रोह जरूर पनपेगा।

खैर, नेपाल में लंबे समय से चली आ रही राजनीतिक अस्थिरता, भ्रष्टाचार, भाई–भतीजावाद, आर्थिक असमानता, युवा बेरोजगारी के विरुद्ध आखिरकार जनविद्रोह फूट ही पड़ा। सोशल मीडिया पर लगाए गए प्रतिबंध यानी युवाओं की सत्ता विरोधी आवाज को दबाने का सरकारी प्रयास इस हिंसक जनविद्रोह का बहाना बना। 8 सितम्बर 2025 को शुरू हुए इस जनविद्रोह में राजधानी काठमांडू सहित नेपाल के अन्य प्रमुख शहरों में हजारों युवा सड़कों पर उतर आए। आंदोलनकारियों ने सरकार की भ्रष्ट नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की, जो जल्दी ही हिंसक हो गई। प्रदर्शनकारियों ने राजधानी काठमांडू स्थित संसद भवन,सरकारी प्रशासनिक मुख्यालय, सिंह दरबार, प्रधानमंत्री कार्यालय, मंत्रालयों और संसदीय कार्यालयों के परिसर, सुप्रीम कोर्ट भवन, राष्ट्रपति भवन, राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल के निवास, नेपाली कांग्रेस पार्टी मुख्यालय, कम्युनिस्ट पार्टी मुख्यालय, निवर्तमान प्रधानमंत्री ओली के पार्टी मुख्यालय, 5 सितारा हिल्टन होटल, नेपाल के सबसे बड़े मीडिया समूह कांतिपुर मीडिया हाउस, स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्रालय भवन, तथा प्रांतीय विधानसभा भवन जैसी प्रमुख इमारतों को आग के हवाले कर दिया। काठमांडू की इन इमारतों के अलावा भी देशभर में अनेक सरकारी कार्यालयों, पुलिस स्टेशनों और नेताओं के घरों को निशाना बनाया गया। इस दौरान त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अस्थाई रूप से बंद रहा और गौतम बुद्ध अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा को भी क्षति पहुंची। इन्हीं हिंसक वारदातों में मृतकों की संख्या 51 पार कर गई। इनमें 21 प्रदर्शनकारी, नौ कैदी, तीन पुलिस अधिकारी और 18 अन्य शामिल हैं। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने इस्तीफा दे दिया। सेना को कर्फ्यू लगाकर सड़कों पर तैनात किया गया। कई मंत्रियों व उद्योगपतियों के घर कार्यालय व संस्थान आग के हवाले कर दिए गए। नेपाल में चले इन विरोध प्रदर्शनों के बाद आंदोलनकारियों की सहमति से सुशीला कार्की को नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया।

इस आंदोलन की आग में भी शातिर राजनीतिज्ञ अपनी अपनी रोटियां सेकने की कोशिश करते दिखाई दिए। जहां तक राजनैतिक विश्लेषकों का सवाल है तो कोई इसे हिन्दू राष्ट्र का पक्षधर जन विद्रोह साबित करना चाह रहा है तो कोई इसे राजशाही की वापसी का संकेत बता रहा है। कोई इसमें अमेरिकी षड्यंत्र की गंध महसूस कर रहा है तो कोई इसे चीनी साजिश महसूस कर रहा है। परन्तु हकीकत यही है कि चाहे वह नेपाल में 240 वर्षों की पुरानी शाह वंश की राजशाही परंपरा रही हो या उसके बाद 28 मई, 2008 को स्थापित हुआ 17 वर्ष पुराना गणतंत्र। किसी भी दौर में नेपाल के समग्र विकास पर कोई भी काम नहीं हुआ। **–निर्मल रानी**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# विकलांगजन समावेशी कानून



भारत में विकलांगजन के लिए कानून बनने के बाद उनके समावेश की बात होने लगी। समावेश का अर्थ यह सुनिश्चित करना है कि विकलांग. जन भी गैर–विकलांगों की तरह रोजमर्रा की गतिविधियों और जीवन के सभी क्षेत्रों में समान रूप से पूरी तरह भाग ले सकें। इसमें समाज में उनकी पूर्ण भागीदारी की राह में आने वाली सभी बाधाएं दूर करते हुए उन्हें बाधामुक्त वातावरण एवं सुगमता उपलब्ध कराना, भागीदारी के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना और यह सुनिश्चित करना शामिल है कि समाज, समुदाय या संगठन में पर्याप्त विकलांग–हितैषी दृष्टिकोण, नीतियां और प्रथाएं लागू हों। सफल समावेश उसे कहा जा सकता है जिसकी बदौलत जीवन की सामाजिक रूप से अपेक्षित भूमिकाओं और गतिविधियों में उनकी भागीदारी बढ़े। यह समावेश संपूर्ण समाज का कार्य है।

वर्तमान में विकलांगजन के हित में की जाने वाली बातें और कार्रवाई मुख्य रूप से विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के संधि पत्र UNCRPD की रोशनी में की जाती है। यह मौजूदा मानव अधिकारों को विकलांग व्यक्तियों की जीवन स्थितियों से जोड़ने वाला सार्वभौमिक दस्तावेज है। इस संधि पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले देशों की संख्या 200 से कुछ ही कम है जिनमें से भारत भी एक है। UNCRPD एक तरह से विकलांगजन के हित में कार्य करने के लिए दुनिया के अधिकांश देशों के लिए एक साझा मार्गदर्शिका है। भारत सहित अधिकांश देशों में इसी के आधार पर विकलांगता सम्बंधी कानून, नीतियां और योजनाएं तैयार कर उन पर अमल करने की कोशिशें की जा रही हैं। इसके अनुसार, हविकलांग व्यक्तियों में वे लोग शामिल हैं जिन्हें ऐसी दीर्घकालिक शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक या संवेदी क्षतियां हुई हैं, जो विभिन्न बाधाओं के कारण समाज में दूसरों के साथ समानता से उनकी पूर्ण और प्रभावी भागीदारी में बाधा उत्पन्न कर सकती हैं। इस प्रकार विकलांगता उन क्षतियों और बाधाओं के मेलजोल से निर्मित होती है जिनका सामना प्रभावित व्यक्ति को करना होता है। बाधाओं का अर्थ सिर्फ भौतिक बाधाओं के रूप में लगाया जाना गलत है। इसमें दृष्टिकोण सम्बंधी बाधाएं भी शामिल होती हैं जिनकी तरफ न के बराबर ध्यान दिया जाता है। विकलांगजन के समावेश के लिए इन दोनों प्रकार की बाधाओं को हटाया जाना जरूरी है। जीवन का कोई भी क्षेत्र केवल भौतिक बाधाओं के ही हटने पर सुगम्य नहीं हो सकता। इसके लिए दृष्टिकोण सम्बंधी बाधाओं का हटना भी उतना ही जरूरी है। सच तो यह है कि सुगम्यता और समावेश की राह में आने वाली भौतिक बाधाओं का मूल कारण ही विकलांगजन के प्रति समाज के दृष्टिकोण सम्बंधी बाधाएं हैं। दृष्टिकोण सम्बंधी बाधाएं पूर्वाग्रह और विचार–पद्धतियां हैं जो विकलांग व्यक्तियों के प्रति भेदभाव को बढ़ावा देती हैं। उन्हें जरूरतमंद और असमर्थ बताना गलत है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि वे समाज का एक अंग होते हैं। गहराई से देखने पर यह मालूम पड़ता है कि विकलांग व्यक्तियों को अपनी क्षति के कारण उतनी असुविधाओं और बाधाओं का सामना नहीं करना पड़ता जितना अपने प्रति समाज के दृष्टिकोण के कारण करना पड़ता है। उनके प्रति अन्य व्यक्तियों, समुदाय, समाज और संगठनों का यह उपेक्षापूर्ण दृष्टिकोण वास्तव में वह बाधा है जो भौतिक बाधाओं से कहीं ज्यादा गंभीर होता है। जहां ऐसी स्थिति होती है वहां एक तरह से समाज ही उन्हें विकलांग बनाता है। बाधामुक्त वातावरण में केवल चलने–फिरने सम्बंधी विकलांगता के कारण व्हीलचेयर, बैसाखी वगैरह सहायक उपकरण इस्तेमाल करने वाले व्यक्तियों के लिए रैंप, चौड़े दरवाजे और सुगम्य शौचालय की व्यवस्था करना ही शामिल नहीं है। इसमें दृष्टिबाधित, श्रवणबा. धित, बहु–विकलांग व्यक्तियों और यहां तक कि बौद्धिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विकलांगता–विशिष्ट व्यवस्थाएं करना भी शामिल है। इनके अलावा और भी विकलांगताएं होती हैंय भारत में विकलांगजन के लिए बनाए गए पहले कानून में सात विकलांगताएं परिभाषित कर शामिल की गई थी जिनकी संख्या वर्तमान में लागू दूसरे कानून में इक्कीस कर दी गई है। बाधामुक्त वातावरण में विकलांगता–विशिष्ट व्यवस्थाएं करने की यह जरूरत सभी सेवाओं, अवसरों, सार्वजनिक स्थलों, यातायात, आयोजनों, सूचना सामग्री, शिक्षा प्रणाली, रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं, देखभाल, मनोरंजन आदि सभी क्षेत्रों में लागू होती हैं ताकि विभिन्न विकलांगताओं वाले व्यक्ति जानकारी प्राप्त कर सकें और निर्बाध भागीदारी कर सकें। शिक्षा और प्रशिक्षण की कमी के चलते भारत में बड़ी संख्या में ऐसे विकलांग व्यक्ति हैं जो सूचनाओं, जानकारी और विभिन्न उपायों, जैसे ब्रेल लिपि, दृश्य संकेत, सांकेतिक भाषा वगैरह का लाभ नहीं ले पाते हैं। इसलिए उनकी सहायता के लिए जगह–जगह संवे. दनशील एवं प्रशिक्षित व्यक्ति होने चाहिए। चलने–फिरने और हाथों का इस्तेमाल करने में असमर्थ व्यक्तियों के लिए भी इस तरह की व्यक्तिगत सहायता उपलब्ध होनी चाहिए। यह एक सच्चाई है कि भारत में विकलांगता के सामाजिक पहलू पर न के बराबर ध्यान दिया जाता है और इसे विशुद्ध रूप से एक चिकित्सीय विषय माना जाता है। शिक्षा की कमी, विकलांगता के बारे में सही जानकारी का अभाव और गलत धारणाओं की व्यापकता के कारण देश में दृष्टिकोण सम्बंधी बाधा एक बहुत बड़ी समस्या है। स्थिति इतनी खराब है कि वर्तमान वैज्ञानिक युग में भी यह माना जाता है कि विकलांगता विकलांग व्यक्ति और उसके परिजनों के पूर्वजन्म के कर्मों का फल है जो उन्हें भोगना ही होगा। यह सोचकर समाज खुद को विकलांग व्यक्ति और उसके परिवार से दूर कर लेता है और यह मान लेता है कि प्रभावित व्यक्ति या परिवार के प्रति उसकी कोई जिम्मेदारी नहीं है। नतीजतन विकलांग व्यक्ति की जिम्मेदारी पूरी तरह उसके परिवार पर छोड़ दी जाती है। उसे कोई सामाजिक सहायता या सामाजिक सुरक्षा नहीं मिल पाती है। शिक्षा की कमी और गरीबी समस्या को और बढ़ा देती है।

देश में विकलांगजन के लिए कानून बहुत देर से आने का मुख्य कारण संवेदनशीलता की कमी ही है और यह कमी कानून के अमल में भी साफ देखी जा सकती है। न तो देश में विकलांगजन–हितैषी वातावरण बन सका है, न ही उनकी जरूरतों के मान से पर्याप्त नीति निर्माण और नियोजन हो रहा है और न ही कल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं। संवेदनशीलता की कमी दूर करना पहली प्राथमिकता मानकर इसके लिए विशेष अभियानों के माध्यम से संपूर्ण समाज को विकलांगता की सामाजिक और मानवाधिकार–आधारित समझ के बारे में जागरूक किया जाना जरूरी है। विकलांगजन के समावेश पर राजनैतिक और शासन के स्तर पर भी पूरा ध्यान दिया जाना चाहिए। भारत में यह विशेष रूप से जरूरी है क्योंकि बदकिस्मती से यहां सामाजिक बदलाव का कार्य भी राज्य को करना पड़ता है। **–साभार सुबोध जोशी**

**स्रोत फीचर्स**

## हैप्पी बर्थ-डे डियर मोदी...

# मैरी ने गाकर, मेसी ने जर्सी भेजकर, ट्रम्प, पुतिन, मेलोनी संग दी बधाई

## 75वें जन्मदिन पर दुनियाभर से बधाई मिलने का सिलसिला जारी



**मेसी इसी साल 13 दिसम्बर को भारत आएंगे, सबसे पहले वे कोलकाता जाएंगे**

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर दुनियाभर से बधाई मिलने का सिलसिला जारी है। अर्जेंटीना के सुपरस्टार फुटबालर लियोनेल मेसी ने भी पीएम मोदी को जन्मदिन पर 2022 फीफा वर्ल्ड कप की साइन की हुई जर्सी भेजी है। वहीं हॉलीवुड सिंगर मैरी मिलबन ने पीएम मोदी के लिए गाना गाया। इसके साथ ही इटली की पीएम मेलोनी ने मोदी को बधाई देते हुए उनके लीडरशिप की तारीफ की।

रूसी राष्ट्रपति पुतिन इजराइली पीएम नेतन्याहू, न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन समेत कई वर्ल्ड लीडर्स ने भी मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। मेसी इसी साल 13 दिसम्बर को भारत आएंगे। सबसे पहले वे कोलकाता जाएंगे, फिर 14 दिसम्बर को मुंबई और 15 दिसम्बर को दिल्ली पहुंचेंगे। दिल्ली में उनकी पीएम मोदी से मुलाकात भी हो सकती है। मेसी आखिरी बार 2011 में भारत आए थे।



**सबसे पहले** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने मोदी को मंगलवार रात 10:53 बजे फोन कर विश किया। ट्रम्प ने रात 11:30 बजे अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रूथ पर पीएम से बातचीत की जानकारी दी। ट्रम्प ने लिखा कि अभी-अभी मेरे दोस्त, नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत हुई। मैंने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। वे अद्भुत काम कर रहे हैं। नरेंद्र, रूस और यूक्रेन के बीच जंग खत्म करने में आपके सहयोग के लिए धन्यवाद। ट्रम्प की बधाई का जवाब देते हुए मोदी ने एक्स पर लिखा कि थैंक यू, मेरे दोस्त, प्रेसिडेंट ट्रम्प। आपकी तरह, मैं भी हमारे बीच की साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाना चाहता हूं।



**ब्रिटेन के पूर्व पीएम:** ऋषि सुनक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को 75वें जन्मदिन की बधाई देना मेरे लिए खुशी की बात है। मुश्किल समय में हमें अच्छे दोस्तों की जरूरत होती है, और मोदी जी मेरे और ब्रिटेन के लिए हमेशा अच्छे दोस्त रहे हैं। हाल ही का इंग्लैंड-भारत टेस्ट सीरीज इसका उदाहरण है। एक ब्रिटिश-भारतीय परिवार से होने के नाते, यह रिश्ता मेरे लिए हमेशा खास रहेगा।



**इटली पीएम:** जार्जिया मेलोनी ने कहा कि भारतीय पीएम को 75वें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपकी शक्ति, आपका दृढ़ संकल्प और लाखों लोगों का नेतृत्व करने की क्षमता प्रेरणादायक है। मित्रता और सम्मान के साथ, मैं आपके सेहत की कामना करती हूं ताकि आप भारत को एक उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जा सकें और दोनों राष्ट्रों के बीच संबंधों को और मजबूत कर सकें।



**रूसी राष्ट्रपति:** व्लादिमीर पुतिन ने क्रेमलिन की वेबसाइट पर जारी एक संदेश में लिखा कि प्रिय प्रधानमंत्री जी, 75वें जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक बधाई। आपने दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और अलग-अलग क्षेत्रों में आपसी सहयोग को आगे बढ़ाने में बड़ा योगदान दिया है।

**इजराइली पीएम:** बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, मेरे अच्छे दोस्त नरेंद्र, मैं आपको जन्मदिन की शुभकामनाएं देता हूं। मैं जल्द ही आपसे मिलूंगा, क्योंकि हमें अपनी साझेदारी और अपनी दोस्ती को और भी ऊंचाइयों पर ले जाना है। जन्मदिन मुबारक हो, मेरे दोस्त।

**न्यूजीलैंड पीएम:** क्रिस्टोफर लक्सन ने कहा कि नमस्ते, माय गुड फ्रेंड प्राइम-मिनिस्टर, मोदी। आपके 75वें जन्मदिन पर बधाई। यह अवसर आपके नेतृत्व की सराहना करने का है, जो भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में ले जा रहा है। मैं न्यूजीलैंड और भारत के बीच साझेदारी को और मजबूत करने की उम्मीद करता हूं।



**जम्मू। दशहरा उत्सव की तैयारियों के तहत रावण का पुतला बनाते लोग।**

## टैरिफ लगने के बाद मोदी और ट्रम्प के बीच यह पहली बातचीत

**वाशिंगटन।** 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के 40 दिन बाद दोनों की पहली बातचीत भारत पर अमेरिका की तरफ से 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद मोदी और ट्रम्प के बीच यह पहली बातचीत है। टैरिफ लगाने के 40 दिन बाद से भारत और अमेरिका के बीच संबंध खराब हो गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 6 अगस्त को रूस से तेल खरीद पर जुर्माने के तौर पर भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान किया था। वहीं, व्यापार घाटे का हवाला देकर 7 अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था। इस तरह, अमेरिका निर्यात होने वाले भारतीय सामानों पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत लगाया गया है।

## जैश कमांडर का बड़ा कबूलनामा

**■ बालाकोट में बैठकर मसूद अजहर ने बनाई संसद और मुंबई हमलों की योजना**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पाले हुए आतंकी ही पूरी दुनिया के सामने उसकी पोल-पट्टी खोलने में जुटे हैं। जैश ए मोहम्मद के शीर्ष कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी ने एक और बड़ा खुलासा किया है और कहा है कि दिल्ली और मुंबई पर हमलों के पीछे मसूद अजहर है और उसने बालाकोट में बैठकर इन हमलों की योजना बनाई।

माना जा रहा है कि उसका आशय दिल्ली में संसद भवन पर हमले और मुंबई हमले से है। इससे साफ है कि भारत पर हमलों की योजना पाकिस्तान में बैठे आतंकियों ने बनाई, लेकिन दुनिया के सामने पाकिस्तान मसूद अजहर की उनके देश में मौजूदगी से साफ इन्कार करता है। वीडियो में मसूद इलियास कश्मीरी कहता सुनाई दिया कि दिल्ली की तिहाड़ जेल से निकलकर अमीर उल मुजाहिद्दीन मौलाना मसूद अजहर पाकिस्तान आए और बालाकोट की धरती ने उन्हें पनाह दी। यही से उन्होंने अपने मिशन को आगे बढ़ाया और दिल्ली और मुंबई को दहलाया। इलियास कश्मीरी ने ओसामा बिन लादेन का भी जिक्र किया और कहा कि उसने भी पाकिस्तान की धरती से आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया। जैश कमांडर के इस खुलासे से पाकिस्तान का वह झूठ बेनकाब हो गया, जिसमें पाकिस्तान अपने यहां आतंकी ढांचे की मौजूदगी से इन्कार करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### इजरायल के तेल अवीव हवाई अड्डे पर हमला किया: हूती

**सना।** यमन के हूती समूह ने इजरायल के तेल अवीव और ऐलात के रामोन हवाई अड्डों पर हमलों का दावा किया है। हूती ने एक बयान में कहा कि उसने तेल अवीव और ऐलात के रामोन हवाई अड्डे पर हमले किए हैं, जबकि इज़रायल ने समूह के नियंत्रण वाले बंदरगाह शहर होदेदाह पर दिन में हवाई हमले किए थे। हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने कहा कि एक बैलिस्टिक मिसाइल ने दक्षिणी तेल अवीव में एक 'संवेदनशील स्थल' को निशाना बनाया और एक ड्रोन ने ऐलात के रामोन हवाई अड्डे को निशाना बनाया।

### अफगान में इंजेक्शन से चेहरा सुंदर बनवा रहीं महिलाएं

**ढाका।** अफगानिस्तान में तालिबान के कट्टर शासन के बावजूद महिलाओं के बीच कास्मेटिक सर्जरी का कल्चर तेजी से पापुलर हुआ है। यहां, करीब 20 क्लिनिक बोटाक्स (झुर्रियों को कम करने के लिए इंजेक्शन), फेसलिफ्ट (ढीली त्वचा को टाइट करने के लिए) और हेयर ट्रांसप्लांट जैसी सेवाएं दे रहे हैं। इन क्लिनिक में पुरुष और महिलाएं दोनों आते हैं। पुरुष ज्यादातर गंजेपन का इलाज करवाते हैं, जबकि महिलाएं, जो आमतौर पर बुर्का में होती हैं, फेसलिफ्ट और अन्य सर्जरी करवा रही हैं।

### रूस-बेलारूस सैन्य अभ्यास में एक लाख सैनिक भाग लेंगे: पुतिन

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को कहा कि ज़ापद-2025 के नाम से पहचाने जाने वाले रूस-बेलारूस संयुक्त सैन्य अभ्यास में एक लाख सैनिक भाग ले रहे हैं। रूस के निज़्नी नोवगोरोड क्षेत्र में मुलिनो प्रशिक्षण मैदान का दौरा करते हुए पुतिन ने कहा कि यह अभ्यास 41 प्रशिक्षण मैदानों पर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें एक लाख सैनिक और लगभग 10 हजार हथियार और उपकरण प्रणालियां शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि इन उपकरणों में 333 विमान और 247 से अधिक पोत शामिल हैं।

## अमेरिका खुलेआम रिश्वत लेता है: पाकिस्तानी रक्षा मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अमेरिका पर इजरायल से खुलेआम रिश्वत लेने का आरोप लगाया। उन्होंने जियो टीवी को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि पाकिस्तान को रिश्वत लेने के लिए बदनाम किया जाता है।

जबकि अमेरिकी ब्यूरोक्रेसी और डिफेंस अधिकारियों को इजरायल की लाबी खुलेआम फाइनेंस करती है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर मुझे रिश्वत लेनी पड़े, तो वो पीछे के कमरे में चुपचाप ऐसा काम करेंगे। उनके इस बयान पर टीवी एंकर ने कहा कि आपका यह बयान वायरल हो जाएगा। इसपर रक्षा मंत्री ने कहा मुझे डर नहीं है। हम अगर



खुलेआम रिश्वत लेंगे तो टीवी वाले प्रोग्राम बना देंगे। ख्वाजा आसिफ जिस इजरायली लाबी की बात कर रहे हैं, उस तरह की लाबी पर पाकिस्तान भी करोड़ों रुपये खर्च कर रहा है। ट्रम्प प्रशासन के आने के बाद से पाकिस्तान ने साल 2025 के पहले आठ महीनों में ही अमेरिका में कम से कम सात लाबिंग और कानूनी फर्मों के साथ कॉन्ट्रैक्ट किया है।

## ब्रिटिश शाही महल में ट्रम्प का भव्य स्वागत

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और उनकी पत्नी मेलानिया मंगलवार रात ब्रिटेन दौरे पर पहुंचे। विंडसर कैसल (शाही महल) में पहुंचने पर प्रिंस विलियम और प्रिंसेस केट मिडलटन उनकी अगवानी की। इसके बाद ट्रम्प ने शाही महल में किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला से मुलाकात की। ट्रम्प किंग चार्ल्स के उनकी स्पेशल सोने की बग्घी में घूमने निकले, वहीं मेलानिया क्वीन कैमिला के साथ एक अन्य बग्घी में सवार थीं। ट्रम्प के सम्मान में सेंट जार्ज हाल में डिनर का भी आयोजन किया जाएगा। अमेरिका राष्ट्रपति इसके क्वीन एलिजाबेथ की कब्र पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे।

# वैंकूवर दूतावास घेरने की साजिश

## भारतीय उच्चायुक्त की आपत्तिजनक फोटो भी बनाई

**भारतीय मूल के कनाडाई नागरिकों से दूतावास आना स्थगित करने की अपील भी की गई है**

**वैंकूवर।** अमेरिका से संचालित होने वाले खालिस्तानी संगठन 'सिख्स फॉर जस्टिस' ने एक बार फिर भारत का विरोध किया है। कनाडा के वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के घेराव की साजिश रचने वाले इस संगठन के लोगों ने दूतावास के अधिकारी की आपत्तिजनक तस्वीर भी बनाई है। एसएफजे की धमकी ऐसे समय में आई है जब भारत और कनाडा अपने राजनयिक संबंध सामान्य करने के लिए मशक्कत कर रहे हैं।

संभावित विरोध की इस खबर के मुताबिक खालिस्तान समर्थक इस संगठन ने एलान किया है कि गुरुवार को वाणिज्य दूतावास पर कब्जा कर लेंगे। भारतीय मूल के कनाडाई नागरिकों से दूतावास आना स्थगित रखने की अपील भी की गई है। इस संबंध में आई रिपोर्ट्स के मुताबिक एसएफजे ने एक पोस्टर भी जारी किया है। इसमें भारत के नए उच्चायुक्त दिनेश पटनायक के चेहरे पर निशाना साधते हुए दिखाया गया है। संगठन ने आरोप लगाया है कि भारतीय वाणिज्य दूतावास कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों की निगरानी कर रहा है। एसएफजे ने जासूसी नेटवर्क चलाने जैसे मनगढ़ंत, बेबुनियाद और बेतुके आरोप भी लगाए हैं। इस संगठन की तरफ से जारी बयान के मुताबिक करीब दो साल पहले 18 सितम्बर 2023 को तत्कालीन कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने देश की संसद में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में 'भारतीय एजेंटों की कथित भूमिका' की जांच कराने की बात कही थी। पूर्व प्रधानमंत्री के बयान के करीब दो साल बाद सितम्बर माह में ही प्रस्तावित विरोध को लेकर भारत विरोधी संगठन-एसएफजे ने कहा कि दो साल बाद भी भारतीय वाणिज्य दूतावास कनाडा में खालिस्तान जनमत संग्रह अभियान चलाने वालों को निशाना बना रहे हैं। खतरा इतना गंभीर था कि रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) को निज्जर की मौत के बाद संगठन के अभियान का नेतृत्व कर रहे इंदरजीत सिंह गोसल को गवाह बनाकर सुरक्षा देनी पड़ी। एसएफजे का कहना है कि वैंकूवर वाणिज्य दूतावास का घेराव कर वे भारतीय एजेंसियों के अधिकारियों पर दबाव बनाएंगे। वे उनसे कनाडा में कथित 'जासूसी और डराने-धमकाने' के मामले में जवाब भी मांगेंगे। खबर लिखे जाने तक इस मामले में भारत के विदेश मंत्रालय और वैंकूवर स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई।

## नासा के पर्सिवियरेंस रोवर ने मंगल पर दिए जीवन के संकेत

**वाशिंगटन।** मंगल पर जीवन के कुछ और संकेत मिले हैं। नासा के पर्सिवियरेंस रोवर ने जेजेरो क्रेटर के ब्राइट एंजेल फार्मेशन क्षेत्र में ऐसे रासायनिक-खनिज संकेत दर्ज किए हैं। इन्हें वैज्ञानिक बायोसिग्नेचर मान रहे हैं। बायोसिग्नेचर उन भौतिक, रासायनिक या संरचनात्मक संकेतों को कहते हैं जो बताते हैं कि कभी किसी ग्रह पर जीवन की गतिविधि हुई होंगी। यह जीवन के पक्के सबूत नहीं हैं, लेकिन यदि यह साक्ष्य सूक्ष्म जीवों से जुड़ा निकला तो इतिहास की बड़ी खोज साबित हो सकता है।

# अमेरिका जापान से टाइफून मिसाइल सिस्टम हटाए: चीन

## कहा: सिस्टम से इलाके की सुरक्षा को खतरा, इस पर 200 किमी तक मार करने वाली मिसाइल तैनात

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका से जापान में तैनात अपनी मिड रेंज का टाइफून मिसाइल सिस्टम हटाने की मांग की है। चीन ने कहा कि ये तैनाती इलाके की रणनीतिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि चीन की गंभीर आपत्तियों को नजरअंदाज करते हुए अमेरिका और जापान ने जाइंट मिलिट्री एक्सरसाइज के नाम पर टाइफून मिसाइल प्रणाली की तैनाती जारी रखी है।

जमीन से लॉन्च होने वाला यह हथियार टामहाक मिसाइलें दाग सकता है, जिनकी मारक क्षमता 2,000 किलोमीटर तक है। यानी यह दक्षिण चीन सागर, ताइवान स्ट्रेट और यहां तक कि दक्षिणी चीन के कुछ हिस्सों को भी निशाने पर ले सकता है। लिन जियान ने कहा: एशियाई देशों में टाइफून



**एशियाई देशों में टाइफून मिसाइल सिस्टम की अमेरिकी तैनाती दूसरे देशों के लिए खतरा: लिन जियान**

मिसाइल सिस्टम की अमेरिकी तैनाती दूसरे देशों के लिए खतरा है। यह क्षेत्र में हथियारों की दौड़ और सैन्य टकराव के खतरे को बढ़ाती है और रणनीतिक सुरक्षा पर गंभीर असर डालती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और जापान को दूसरे देशों की सुरक्षा चिंताओं का सम्मान करना चाहिए और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जापान में इस मिसाइल सिस्टम की तैनाती खासतौर से जाइंट मिलिट्री एक्सरसाइज रेजोल्यूट ड्रैगन के लिए है, जो 16 सितम्बर से 25 सितम्बर तक चल रहा है। इस एक्सरसाइज में 19000 से ज्यादा अमेरिकी और जापानी सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। ताइवान, सेनकाकू द्वीप और पूर्वी चीन सागर में तनाव के बीच यह एक्सरसाइज अमेरिका-जापान गठबंधन की ताकत दिखाने के लिए है। हाल ही में चीन के नए एयरक्राफ्ट कैरियर फुजियन को जापान के पास देखा गया था, जिससे जापान की सुरक्षा चिंता बढ़ी है।

## जापान के साथ फुटबॉल मैच खेलने पहुंची फर्जी पाक टीम

**■ अफसरों ने एयरपोर्ट से वापस लौटाया**

**लाहौर।** पाकिस्तान की फर्जी फुटबॉल टीम का भंडाफोड़ हुआ है। पाकिस्तान की एक फर्जी फुटबॉल टीम मैच खेलने के लिए जापान पहुंच गई। जांच के दौरान अधिकारियों को शक हुआ तो पूरी टीम के लोगों को जापान के एयरपोर्ट से ही वापस लौटा दिया।

बाद में सामने आया कि टीम में असली खिलाड़ी नहीं बल्कि मानव तस्करी के जरिये लोगों को भेजा गया था। संघीय जांच एजेंसी ने बताया कि 22 सदस्ईय फर्जी फुटबॉल टीम जून 2025 में जापान के एयरपोर्ट पर पहुंची। सभी लोग खिलाड़ियों की तरह फुटबॉल किट पहने थे। उन्होंने दावा किया कि वे पाकिस्तान फुटबॉल फेडरेशन (पीएफएफ) में पंजीकृत हैं और जापान के एक क्लब के साथ उनका फुटबॉल मैच होना है। उन्होंने यह भी कहा कि उनको 15 दिन का जापान का वीजा भी इसी आधार पर मिला है। टीम को लेकर जापान एयरपोर्ट पर मौजूद आव्रजन अधिकारियों को कुछ शक हुआ। अफसरों ने जांच की तो सच सामने आया और सभी 22 लोगों को एयरपोर्ट से ही वापस भेज दिया गया।

# जॉर्जिया: पर्यटक ने बताया 56 भारतीयों का दर्द

## खाना-शौचालय कुछ नहीं, जॉर्जिया में मवेशियों जैसा बर्ताव

**नई दिल्ली।** जॉर्जिया में हालात बेहद दयनीय है, खाना-शौचालय कुछ नहीं, जॉर्जिया में मवेशी सा बर्ताव हो रहा है। ये कहना है एक भारतीय महिला पर्यटक का। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कड़वे अनुभवों को साझा करते हुए कहा है कि इस देश में न तो खाने-पीने के सामान उपलब्ध हो रहे हैं न शौचालय जैसी बुनियादी चीजें नसीब हो रही हैं।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखे अपने इस पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्रालय का आधिकारिक हैंडल, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, भारतीय दूतावास, पीएम मोदी के हाथों सम्मानित हो चुकीं सेलिब्रिटी कर्ली टेल्स समेत कई लोगों को टैग किया है। उन्होंने कहा है कि हाड़ कंपाने वाले सर्द मौसम में उन्हें पांच घंटे तक बिना खाने



**■ हाड़ कंपाने वाले सर्द मौसम में उन्हें पांच घंटे तक बिना खाने और शौचालय के इंतजार कराया गया**

और शौचालय के इंतजार कराया गया। भारतीय पर्यटकों के साथ अपमानजनक व्यवहार के इस मामले में इंस्टाग्राम यूजर ध्रुवी पटेल (/चंजमसकीतनअमम) ने आरोप लगाया कि 56 भारतीय यात्रियों को आर्मेनिया से जॉर्जिया प्रवेश करने के दौरान सीमा पर अमानवीय हालात झेलने पड़े। उन्होंने कहा कि वैध ई-वीजा और दस्तावेज दिखाने के बावजूद अधिकारियों ने उन्हें सादाखलो बॉर्डर पर कई घंटें तक रोके रखा। पटेल के मुताबिक भारतीय समूह को 5 घंटे से अधिक वक्त जमा देने वाली ठंड में बिना भोजन और शौचालय के इंतजार कराया गया। अधिकारियों ने पासपोर्ट दो घंटे से ज्यादा जब्त रखे। यात्रियों को सड़क किनारे 'मवेशियों' की तरह बैठा कर रखा गया। जॉर्जिया की इस चिंताजनक घटना को लेकर भारतीय महिला ध्रुवी यह भी आरोप लगाया कि अधिकारियों ने यात्रियों के वीडियो इस तरीके से रिकॉर्ड किए जैसा सलूक अपराधियों के साथ किया जाता है। जब पर्यटकों के समूह में शामिल किसी ने वीडियो बनाने की पहल की तो उन्हें रिकॉर्डिंग करने से रोका गया। उन्होंने कहा दस्तावेजों की ठीक से जांच किए बिना वीजा को 'गलत' कहकर अपमानजनक व्यवहार किया गया। जॉर्जिया में मिले दर्दनाक अनुभवों को अपनी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए साझा करने वाली भारतीय महिला ध्रुवी पटेल ने इंसाफ की आस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुहार लगाते हुए कहा कि भारत को इस मामले में कड़ा रुख अपनाना चाहिए।

